रांची का तापमान
कांके: अधिक. 30.2° न्यून. 22.3°
रांची: अधिक. 30.0° न्यून. 22.6°
रांची, गुरुवार
28 अगस्त 2025
वर्ष-26, अंक-206, पृष्ठ-12
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 05, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
₹2.00
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## सांसद संजय सेठ ने रांची में शुरू किया 'स्वदेशी अपनाएं, आत्मनिर्भर भारत बनाएं' अभियान, कहा

# प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प, वर्ष 2047 तक विकसित देश हो भारत

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** राजधानी रांची के काली मंदिर चौक से बुधवार को 'स्वदेशी अपनाएं, आत्मनिर्भर भारत बनाएं' के तहत राज्यस्तरीय अभियान की शुरुआत हुई। इस अभियान का रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर स्टीकर लगाकर शुभारंभ किया। उन्होंने फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के पदाधिकारियों और इस अभियान के राज्यस्तरीय कोऑर्डिनेटर राम बांगड़ के साथ काली मंदिर चौक से गांधी चौक, अपर बाजार तक प्रत्येक दुकानों में जाकर 'हमारी दुकान में स्वदेशी उत्पाद बिकता है' का स्टिकर लगाकर दुकानदारों को स्वदेशी सामान बेचने के लिए प्रोत्साहित किया। रांची के सांसद संजय सेठ ने सभी को प्रेरित किया कि वे अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान और दुकानों में



स्वदेशी सामानों को बेचने और रखने का संकल्प लें। इस अभियान में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स सहित विभिन्न व्यापारिक संगठनों के लोगों और व्यापारियों ने शिरकत की। संजय सेठ ने राज्य के सभी व्यावसायिक संगठनों, धार्मिक संगठनों से इस अभियान में सहभागी बनने की अपील की। यह कहा कि 140 करोड़ देशवासी एक एक कदम बढ़ाएंगे, तो हमारा देश 140 करोड़ कदम आगे बढ़ेगा। शेष पेज 11 पर

### बोले रक्षा राज्य मंत्री

- दुकानदारों ने दिया आश्वासन, विदेशी सामानों को वापस कर दिया जाएगा
- चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और अन्य व्यापारिक संगठनों को धन्यवाद

### एकजुट हुए, तो कोई भी भारत को नहीं झुका पाएगा : गट्टानी

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि प्रधानमंत्री के अनुसार, हमारा लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को इतना सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है कि कोई भी बाहरी दबाव देश को प्रभावित न कर सके। जैसे अमेरिका ने 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, भारत पर इसका कोई असर नहीं होगा। व्यापारियों को अपनी दुकानों पर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने वाले पोस्टर लगाने और धीरे-धीरे गैर-स्थानीय वस्तुओं का बहिष्कार करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत विदेशी उत्पादों का बहिष्कार करेगा। स्वदेशी उत्पादों का इस्तेमाल करेगा। स्वदेशी सामान की बिक्री होने से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर मजबूत होगा। स्वदेशी सामानों का आगे चलकर एक्सपोर्ट भी कर सकेंगे। इस समय अगर देश एकजुट हो जाएगा, तो कोई भी देश भारत को झुका नहीं पाएगा। हमें अपनी उत्पाद क्षमता बढ़ाने की जरूरत है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दी जैन धर्म के 'संवत्सरी' महापर्व की बधाई

**नई दिल्ली।** जैन धर्म में 'संवत्सरी' महापर्व बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस दिन 'मिच्छामी दुक्कड़म' कहने की परंपरा है, जिसका गहरा धार्मिक महत्व है। संवत्सरी के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं तथा क्षमा, करुणा और सच्चे मानवीय संबंध के शाश्वत मूल्यों पर जोर दिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि संवत्सरी क्षमाशीलता की सुंदरता और करुणा की शक्ति का स्मरण कराती है। यह लोगों को ईमानदारी से रिश्ते मजबूत करने के लिए प्रेरित करती है।

### 'गूगल ट्रांसलेट' लाइव बातचीत और भाषा सीखने में होगा मददगार

**नई दिल्ली।** तकनीकी दिग्गज गूगल ने घोषणा की है कि जेमिनी मॉडल्स की एडवांस्ड रिजनिंग और मल्टीमॉडल क्षमताओं का इस्तेमाल करते हुए 'गूगल ट्रांसलेट' में दो नए फीचर्स लाए जा रहे हैं, जो लाइव बातचीत और भाषा सीखने में मददगार होंगे। ऑफिशियल रिलीज में कंपनी ने कहा कि हर महीने, लोग गूगल ट्रांसलेट, सर्च और लेंस और सर्कल टू सर्च में विजुअल ट्रांसलेशन के जरिए लगभग 1 ट्रिलियन शब्दों का अनुवाद करते हैं। अब कंपनी एआई की बदौलत, भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करना आसान बना रही है।

## गाइडलाइन का उल्लंघन, कोचिंग संस्थान लेते हैं 16 से कम उम्र के बच्चों का एडमिशन

# एलन इंस्टीट्यूट खुलेआम करता है नियमों का उल्लंघन

नवीन मेल संवाददाता

- झारखंड में नए कानून से रुकेगी कोचिंग संस्थानों की मनमानी
- एलन कराता है पैरेलल स्कूलिंग नामांकन व सर्टिफिकेट स्कूलों से

**रांची।** 18 जनवरी, 2024 को, भारत सरकार ने कोचिंग संस्थानों के लिए नए नियमों और विनियमों का एक सेट जारी किया था। इसके अनुसार, किसी भी राज्य के किसी भी कोचिंग संस्थान को 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को प्रवेश देने की अनुमति नहीं है। 10वीं तक की स्कूली शिक्षा और प्रशासन की मुख्य जिम्मेदारी राज्यों की है। राज्य शिक्षा के लिए नीतियां बनाते हैं, स्कूलों का संचालन करते हैं, पाठ्यक्रम निर्धारित करते हैं और शिक्षकों को प्रमाणित करते हैं। झारखंड की बात करें, तो यहां अनेक कोचिंग सेंटर ऐसे हैं, जहां 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चे पढ़ रहे हैं। छोटे शहरों के कोचिंग सेंटर तो नियम कानून को ताक में रखते ही हैं, राजधानी रांची के कोचिंग भी इसमें पीछे नहीं है। ज्ञात हो कि नवीन मेल कोचिंग की मनमानी के मुद्दे को प्रमुखता से उठाता रहा है। बड़े-बड़े कोचिंग संस्थान, जिनके अलग-अलग प्रदेशों में ब्रांच चल रहे हैं, वे भी 16 वर्ष के बच्चों को स्कूल आवर में स्कूलों की तरह पढ़ाई करा रहे हैं। राजधानी रांची के हरमू रोड के मंगलमूर्ति हाइट्स बिल्डिंग में एलन इंस्टीट्यूट है शेष पेज 11 पर




वैन पर लगा स्टीकर




कोचिंग में जाता छात्र

### हेमंत सोरेन सरकार बच्चों की शिक्षा को लेकर विशेष रूप से संवेदनशील

हेमंत सोरेन सरकार शिक्षा को लेकर विशेष रूप से सजग है, चाहे वह स्कूल-कॉलेज और विश्वविद्यालय में पढ़ाई हो, या प्रतियोगिता परीक्षा के लिए कोचिंग संस्थानों की पढ़ाई हो। बच्चों की शिक्षा के प्रति राज्य सरकार और संवेदनशील है। इस कारण विधानसभा के पूरक मानसून सत्र में विगत मंगलवार (26 अगस्त 2025) को शिक्षा से संबंधित अन्य विधेयकों के साथ झारखंड कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक, 2025 भी पारित किया गया। कोचिंग संस्थान नियंत्रण विधेयक के तहत 50 से अधिक छात्रों को पढ़ाने वाले सभी कोचिंग सेंटर को निबंधन कराना आवश्यक होगा। वहीं, 1000 से ज्यादा छात्रों वाले संस्थानों को एक मनोवैज्ञानिक रखना अनिवार्य होगा। सरकार का कहना है कि इससे कोचिंग सेंटरों में बढ़ती अव्यवस्था पर रोक लगेगी।



## नीरज सिंह हत्याकांड में आया बड़ा फैसला

# पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह एवं अन्य आरोपी बरी



- आठ वर्ष बाद आया फैसला, एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट ने सबूतों के अभाव में किया बरी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** धनबाद में नीरज सिंह हत्याकांड में बुधवार को एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट के जज दुर्गेश चंद्र अवस्थी ने पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह समेत सभी आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने 37 गवाहों को पेश किया। वहीं, बचाव पक्ष ने 5 गवाहों को अदालत के सामने रखा। इस केस में चार चश्मदीद गवाह भी शामिल थे। लेकिन, अदालत ने पाया कि आरोप साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत मौजूद नहीं हैं, जिसके बाद सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया। ज्ञात हो कि यह मामला 21 मार्च 2017 का है। धनबाद के सरायढेला स्थित स्टील गेट के पास अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी। इस हमले में कांग्रेस नेता नीरज सिंह समेत चार लोगों की मौत हो गई थी। शेष पेज 11 पर

### आज सत्य की जीत हुई है : रागिनी सिंह

संजीव सिंह के बरी होने के बाद उनकी पत्नी और वर्तमान में झरिया की विधायक रागिनी सिंह ने कहा, हम अदालत के फैसले का सम्मान करते हैं। मुझे अदालत पर पूरा भरोसा था। आज सत्य की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि आज गणपति बप्पा ने अपना फैसला सुनाया है। आज भगवान ने न सिर्फ हमारे घर को, बल्कि समस्त कोयलांचलवासियों को खुशियां दी हैं। शेष पेज 11 पर

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

## केंद्रीय कैबिनेट का फैसला

# पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन और विस्तार को दी गई मंजूरी

नई दिल्ली (आईएएनएस)




7332 करोड़ रुपए का प्रावधान है इस योजना के लिए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के पुनर्गठन और विस्तार को 31 मार्च, 2030 तक मंजूरी दे दी। इस योजना के लिए कुल 7,332 करोड़ रुपए का प्रावधान है। कैबिनेट की एक रिलीज में कहा गया है कि इस पुनर्गठित योजना का लक्ष्य 50 लाख नए लाभार्थियों सहित 1.15 करोड़ लाभार्थियों को लाभ पहुंचाना है। आवास एवं शहरी मंत्रालय और वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) पर संयुक्त रूप से इस योजना के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी रहेगी। इसमें डीएफएस की भूमिका, बैंकों/वित्तीय संस्थानों और उनके जमीनी स्तर के अधिकारियों के शेष पेज 11 पर

# भारत ने 40 देशों में निर्यात बढ़ाने की कोशिशें तेज की

नई दिल्ली (आईएएनएस)

अमेरिका की ओर से भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद, भारत ने 40 देशों में निर्यात बढ़ाने के लिए कोशिशों को तेज कर दिया है। इन देशों में यूके, स्पेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली का नाम शामिल है। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी की ओर से दी गई। इन प्रयासों में ट्रेड फेयर, बायर-सेलर मीट्स और सेक्टर-विशेष प्रमोशन कैंपेन शामिल हैं। अन्य देशों में नीदरलैंड, पोलैंड, कनाडा, मैक्सिको, रूस, बेल्जियम, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। वरिष्ठ अधिकारी ने आगे बताया कि वाणिज्य मंत्रालय भारत के निर्यात में विविधता लाने और वैश्विक बाजारों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए नए सिरे से प्रयास के तहत इस सप्ताह निर्यातकों के साथ परामर्श की एक श्रृंखला आयोजित करने वाला है। सूत्रों ने कहा कि इन बैठकों में कपड़ा, केमिकल और जेम्स एवं शेष पेज 11 पर



ट्रंप टैरिफ बन सकता है अवसर

### 0.4-0.5 प्रतिशत के बीच घट सकती है अमेरिकी अर्थव्यवस्था : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से व्यापारिक साझेदार देशों पर लगाए गए टैरिफ के कारण अमेरिका में महंगाई बढ़ सकती है। और, इस वजह से अमेरिका की अर्थव्यवस्था 0.4-0.5 प्रतिशत के बीच घट सकती है। अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ बुधवार से लागू हो गए हैं। इसे मिलाकर भारतीय निर्यात पर यूएस टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में बताया गया कि अमेरिका में महंगाई दर पूरे 2026 में 2 प्रतिशत के ऊपर रह सकती है। इसकी वजह टैरिफ के कारण आपूर्ति में व्यवधान और एक्सचेंज रेट में उतार-चढ़ाव होना है। रिपोर्ट में कहा गया, अमेरिका में महंगाई के नए दबाव के संकेत दिखने लगे हैं, जो हाल ही में लगाए गए टैरिफ और कमजोर डॉलर के कारण खासकर इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स जैसे आयात-संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ रही है। शेष पेज 11 पर


## इंडिया

# आवश्यक है कोचिंग के नाम पर भ्रामक विज्ञापनों और मनमानी की रोकथाम



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

एक समय था जब किसी बड़े बुजुर्ग या सम्मानित व्यक्ति की कही हुई बात पर हर आम या खास लोग विश्वास करते थे और यही विज्ञापन या पीआर एजेंसियों की पूंजी होती है जिसे वे अपनी सुविधा और आवश्यकता के हिसाब से खर्च करते हैं या कहें बड़े नामों या सेलेब्रिटी से कहला कर भुनाते हैं। उपभोक्तावाद और आक्रामक बाजारवाद के दौर में जब बैंक के ऋण और बच्चों की शिक्षा तक को उत्पाद माना जा रहा है तो ग्राहकों को लुभाने के लिए अतिशयोक्ति ही नहीं झूठ तक का सहारा लिया जा रहा है जो चिंता की बात है। अधिकांश भोली भाली जनता सोशल मीडिया या विज्ञापनों में किसी नामी गिरामी हस्ती की कही हुई बात को सच मान लेती है जबकि उन्हें पता भी नहीं होता कि मोटी रकम देकर वे बातें कहलाई जाती हैं जो लिखी हुई स्क्रिप्ट होती है न कि व्यक्तिगत अनुभव। जैसे एक गुटका का विज्ञापन तीन बड़े फिल्म स्टार करते हैं जो स्वयं उसका सेवन नहीं करते। इस अंधी दौड़ में जब निजी शिक्षण संस्थान और कोचिंग इंस्टिट्यूट शामिल हो गए तो गला काट स्पर्धा में बात झूठ तक पहुंच गई। किसी सफल प्रतियोगी को अपना पूर्व विद्यार्थी बताकर विज्ञापन देने में एक बार बहुत हास्यास्पद स्थिति उत्पन्न हो गई थी जब अनेक प्रमुख समाचार पत्रों में सभी बड़े कोचिंग संस्थानों ने विज्ञापन दिए जिसमें सभी टॉपर को सभी ने अपना बताया था। नवीन मेल ने इसपर कई बार प्रमुखता से लिखा जिसपर बहुत चर्चा हुई थी। केंद्र सरकार ने इसपर रोक के लिए दिशानिर्देश बनाने की पहल की उसके बाद अब झारखंड सरकार ने भी एक नया विधेयक झारखंड व्यावसायिक शिक्षण संस्थान (शुल्क विनियमन) विधेयक, 2025 पास किया है जिसमें कोचिंग संस्थाओं पर नकेल कसने का प्रयास किया गया है। 50 से अधिक छात्रों को पढ़ाने वाले सभी कोचिंग सेंटरों को पंजीकरण अनिवार्य होगा।जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में रेगुलेटरी कमेटी और राज्य स्तर पर राज्य नि का गठन किया जाएगा।कोचिंग सेंटर को खोलने के लिए आधारभूत संरचना, फीस संरचना, पाठ्यक्रम, शुल्क जैसी पूरी जानकारी देनी होगी।आवेदन के साथ देना होगा यह




एआई जेनरेटेड

शपथ पत्र कि ट्यूटर कम से कम स्नातक हों और अपराध में दोषी न हों। बिना आवेदन या स्वीकृति के संचालित कोचिंग संस्थान पर 5 लाख तक का जुर्माना, दुबारा होने पर पर 10 लाख रुपये का दंड लगाया जा सकेगा।गंभीर वित्तीय या प्रशासनिक गड़बड़ियों पर संस्थान को 5 साल के लिए ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। कोचिंग से जुड़े छात्रावासों में पुलिस की नियमित गश्ती होगी।छात्रों या अभिभावकों की शिकायतों के लिए ब्लॉक और जिला स्तर पर शिकायत निवारण बनेगा।सभी शिकायतों का डिजिटल और भौतिक रिकॉर्ड रखा जाएगा।दोनों पक्षों की सुनवाई कर 45 दिन में निपटारा करना अनिवार्य होगा।फ्रेंचाइजी और मल्टी-ब्रांच कोचिंग हर ब्रांच को अलग-अलग पंजीकरण कराना होगा।फ्रेंचाइजर को भी नियमों के तहत आवेदन देना होगा।कोचिंग सेंटरों को तेतत्मादत या पोर्टल पर परा डाटा अपडेट रखना होगा।जबकि पूर्व से झारखंड में भी लगभग सभी कोचिंग संस्थान सार्वजनिक संस्थानों में बड़े–बड़े होर्डिंग लगाते हैं जिसमें शत शत प्रतिशत नंबर तक का दावा किया जाता है जबकि चालाकी से किसी में भी लिखा नहीं रहता कि किस वर्ष में वे पढ़ते थे। कई कोचिंग संस्थान बढ़ा चढ़ाकर अपना प्रचार कराते हैं जबकि केंद्र सरकार के निर्देशों का खुला उल्लंघन करते हैं।इस पर पहले झारखंड के अधिकारियों का कहना था कि झारखंड में इस पर दिशा निर्देश नहीं है इसलिए 16 साल से कम के बच्चों को भी स्कूलों की तरह कई संस्थान पढ़ाते हैं।

## पलामू के लिए खुशखबरी

# नॉर्दर्न बाईपास और कोयल नदी पर नया पुल : सांसद वीडी राम

नवीन मेल संवाददाता



गढ़वा–डालटनगंज मार्ग होगा जाम मुक्त, सड़क अवसंरचना से खुलेंगे विकास के नए रास्ते

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र के विकास और सड़क नवनिर्माण को नई गति देने के लिए सांसद एवं पूर्व पुलिस महानिदेशक, विष्णु दयाल राम ने एक बार फिर बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर डालटनगंज नॉर्दर्न बाईपास, कोयल नदी पर उच्च स्तरीय पुल, रेलवे लाइन पर रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) तथा गढ़वा-शाहपुर रोड को नए राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में अधिसूचित करने की मांग की है। सांसद विष्णु दयाल राम ने अपने पत्र में बताया कि इस ग्रीनफील्ड बाईपास की शुरुआत जोरकट (ज्योति प्रकाश बी.एड. कॉलेज) से होगी और यह कौड़िया, रांकी, नेउरा, काराकाट होते हुए एनएच-39 रेहला–गढ़वा बाईपास को जोड़ेगा। शेष पेज 11 पर

### आरटीजीएस/एनईएफटी में सुरक्षा बढ़ाने को पूर्व रास सदस्य ने वित्त मंत्री को भेजा पत्र, कहा

# हाई वैल्यू ट्रांसेक्शन में लाभार्थी का नाम व खाता संख्या दोनों का सत्यापन हो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड से पूर्व राज्यसभा सदस्य महेश पोद्दार ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर 14 अक्टूबर 2010 की अधिसूचना संख्या 235 के कार्यान्वयन से संबंधित अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रणाली में आरटीजीएस/एनईएफटी लेन-देन मुख्य रूप से केवल खाता संख्या पर आधारित होते हैं। प्राप्तकर्ता का नाम मिलान प्रक्रिया में प्राथमिकता नहीं पाता। इससे कभी-कभी खाता संख्या गलत होने या मेल खा जाने की स्थिति में त्रुटि या धोखाधड़ी की संभावना बनी रहती है।



● केवल खाता संख्या के आधार पर भुगतान करना जोखिमपूर्ण है

महेश पोद्दार ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल लेन-देन की गति और संख्या दोनों बढ़ी है। ऐसे में यह आवश्यक है कि आरटीजीएस/एनईएफटी प्रणाली पूरी तरह सुरक्षित और त्रुटिहीन हो। केवल खाता संख्या के आधार पर भुगतान करना जोखिमपूर्ण है। यदि प्राप्तकर्ता के नाम और खाता संख्या का मिलान सुनिश्चित किया जाए, तो धोखाधड़ी और गलत भुगतान जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है। मेरा मानना है कि छोटे-छोटे तकनीकी सुधारों से ग्राहकों का विश्वास और वित्तीय व्यवस्था की पारदर्शिता दोनों बढ़ेंगी।

राज्यसभा के पूर्व सदस्य पोद्दार ने यह सुझाया कि हाई वैल्यू ट्रांसेक्शन में लाभार्थी का नाम और खाता संख्या दोनों का सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। बैंकों में लाभार्थी विवरणों की प्रविष्टि और सत्यापन के लिए मजबूत सिस्टम लागू हो। प्राप्तकर्ता के नाम और खाता संख्या के तकनीकी रूप से मिलान करने की व्यवस्था बने, ताकि गलत भुगतान या विवाद की स्थिति से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि अधिसूचना की समीक्षा कर ऐसे समायोजन किए जाने चाहिए, जिससे लेन-देन की सुरक्षा और ग्राहक संतुष्टि दोनों सुनिश्चित हो सकें।

सांसद महेश पोद्दार के पत्र के आलोक में वित्त मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार डॉ अभिजीत फुकन ने उत्तर देते हुए सूचित किया है कि यह मामला भारतीय रिजर्व बैंक के समक्ष उठाया गया है। मंत्रालय ने महेश पोद्दार के सुझावों को भुगतान प्रणाली को और अधिक सुरक्षित व कुशल बनाने की दिशा में सराहनीय बताया है।

### झारखंड कोचिंग सेंटर नियंत्रण व विनियमन विधेयक पर बोले खत्री

# छात्र हित में कोचिंग एक्ट लागू करना हेमंत सरकार का ऐतिहासिक कदम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में पारित 'झारखंड कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक, 2025' को लेकर झामुमो के केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने कहा कि यह अधिनियम राज्य के लाखों छात्रों और अभिभावकों की सुरक्षा के लिए मील का पत्थर साबित होगा। डॉ तनुज ने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि आज शिक्षा का एक बड़ा हिस्सा कोचिंग संस्थानों पर आधारित है और लंबे समय से इस क्षेत्र में नियंत्रण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। हेमंत सोरेन सरकार ने यह ऐतिहासिक कदम उठाकर यह स्पष्ट संदेश दिया है कि झारखंड में शिक्षा सेवा है, कारोबार नहीं।



● छात्रों ने कहा- शिक्षा कारोबार नहीं, सेवा है

डॉ तनुज ने कहा कि अब कोचिंग संस्थानों का पंजीकरण अनिवार्य होगा और मनमानी फीस वसूली पर पूरी तरह रोक लगेगी। यह कदम खास तौर पर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए राहत लेकर आया है, जिनकी मेहनत की कमाई अब सुरक्षित रहेगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए दूरदर्शी निर्णय लिया है। प्रत्येक कोचिंग सेंटर में प्रमाणित मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता की नियुक्ति अनिवार्य होगी, जिससे छात्रों पर बढ़ते तनाव और दबाव को कम किया जा सकेगा।

डॉ तनुज ने कहा कि यह अधिनियम छात्रों को सुरक्षित, पारदर्शी और बेहतर वातावरण में पढ़ाई करने का अधिकार देता है। यह कानून शिक्षा को व्यापारीकरण से बाहर निकालकर उसे सामाजिक सेवा की भावना से जोड़ने वाला साबित होगा।

झामुमो के केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने कहा कि छात्रों की समस्याओं का समाधान अब स्थानीय स्तर पर ही होगा। इसके लिए जिला स्तर पर नियामक समितियां गठित की जा रही हैं, जो शिकायतें सुनेंगी और उनका समयबद्ध निपटारा करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि भ्रामक विज्ञापन और झूठे दावों पर अब रोक लगेगी।

### संविधान की अवमानना है राज्य विवि विधेयक : अभिषेक



**रांची।** अबुआ अधिकार मंच ने झारखंड विधानसभा में पारित राज्य विश्वविद्यालय विधेयक-2025 को लोकतंत्र का गला घोंटने, संविधान की आत्मा को रौंदने और शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से राजनीतिक कैद में डालने का घिनौना षड्यंत्र बताया है। मंच का कहना है कि यह विधेयक राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद की भूमिका को अपमानित करता है और विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता को पूरी तरह नष्ट करने की कोशिश है। मंच के छात्र नेता अभिषेक झा ने बुधवार को एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि कुलपति, प्रति-कुलपति, वित्तीय सलाहकार और परीक्षा नियंत्रक जैसे सर्वोच्च शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति का अधिकार राज्यपाल से छीनना सीधे-सीधे संविधान पर हमला है। यह कदम न केवल असंवैधानिक है, बल्कि उच्च शिक्षा को भ्रष्टाचार और राजनीतिक दलालों के हवाले करने की चाल है। अबुआ अधिकार मंच ने तीखे शब्दों में सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि राज्य सरकार पहले ही जेएसएससी, जेपीएससी और जेएसएससी जैसी संस्थाओं को बर्बाद कर चुकी है। पेपर लीक, परीक्षा रद्द, घोटाले और धांधली इस सरकार की पहचान बन चुकी है। जो सरकार अपनी भर्ती संस्थाओं को निष्पक्ष और पारदर्शी नहीं चला पाई, वह अब विश्वविद्यालयों को भी अपने भ्रष्ट शिकंजे में जकड़ना चाहती है। यह शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह चौपट करने का दुस्साहस है।

### कोचिंग सेंटर विधेयक छात्रों व अभिभावकों की जीत : राय



**रांची।** झारखंड विधानसभा में पारित झारखंड कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक 2025 पर झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय लंबे समय से छात्रों और अभिभावकों की मांग रही है। अब कोचिंग संस्थानों पर शुल्क, समय-सीमा और आधारभूत संरचना का नियमन होने से शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और अनुशासन आएगा। इससे छात्रों के साथ होने वाले आर्थिक और मानसिक शोषण पर रोक लगेगी।

अजय राय ने कहा हम चाहते हैं कि इस कानून का क्रियान्वयन सख्ती से हो। अभिभावकों और छात्रों की शिकायतों को सुनने के लिए एक सशक्त रेगुलेटरी कमेटी बने, जो समयबद्ध कार्रवाई करे। झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन हमेशा छात्रों और अभिभावकों की आवाज बनकर सरकार तक उनकी समस्याएं पहुंचाता रहेगा।

## नकली नोट मामले में आरोपी की जमानत पर सुनवाई आज




**रांची।** नकली नोट केस मामले में गिरफ्तार आरोपी मो. साबिर उर्फ राजा ने जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की है। दाखिल याचिका सिविल कोर्ट रांची के न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में गुरुवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की गई है। सुखदेवनगर थाना की पुलिस ने नकली नोटों के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए जाली नोटों का जखीरा 22 अगस्त 2025 को बरामद किया था। पुलिस ने दो करोड़ रुपए के जाली नोटों के साथ गिरोह के दो सदस्यों हरमू के मो साबिर और साहिल को गिरफ्तार किया था। चंद्रलोक ट्रेवल्स की बस से तीन बड़े कार्टन में जाली नोट पटना से रांची भेजा गया था। दिल्ली में जाली नोटों की छपाई के बाद बिहार-झारखंड समेत कई राज्यों में सप्लाई किया जा रहा था। मामले को लेकर आरोपियों के खिलाफ सुखदेवनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## हत्या मामले में दोषी दो भाईयों को आजीवन कारावास

**रांची।** आपसी विवाद में हुई हत्या के मामले में सिविल कोर्ट रांची के अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की अदालत ने बुधवार को दोषी करार दो भाईयों बंधनू उरांव और अनिल उरांव को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। मामला 15 नवंबर 2020 का है, जब शिवा कुमार राम की हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद आरोपियों ने साक्ष्य छुपाने की नीयत से शव को दूसरी जगह छिपा दिया था। घटना को लेकर मृतक के पिता ने पिठोरिया थाना में कांड संख्या 142/2020 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। गिरफ्तारी के बाद से दोनों दोषी जेल में बंद हैं। दोषी बंधनू उरांव और अनिल उरांव पिठोरिया थाना क्षेत्र के दुबसिया गांव के निवासी हैं।

### कांग्रेस, झामुमो और राजद पर बाबूलाल मरांडी ने बोला हमला, कहा

# वोटबैंक की राजनीति कर रहे हैं एसआईआर का विरोध करने वाले

- भाजपा ने जनसंख्या और मतदाताओं की संख्या से जुड़े कई आंकड़े पेश किए
- कहा, बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं को वोटर बनाना भी है इन दलों का मकसद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को कहा कि झारखंड सरकार ने जिस प्रकार से एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) का विरोध किया है, वह वोट बैंक की राजनीति है। झारखंड प्रदेश में जिस प्रकार से जो डेमोग्राफी बदली है या बदल रही है, बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों को वोट बैंक बनाए रखना इनका मकसद है। बाबूलाल मरांडी ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा, राज्य सरकार ने कल स्पष्ट रूप से बता दिया है कि वह इन्हें केवल झारखंड में बसाना ही नहीं चाहती है, बल्कि साथ ही उन्हें मतदाता भी बनाना चाहती है। ताकि, झारखंड की चुनाव कांग्रेस पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अपने पक्ष में करा सकें। आप सब ने कल (मंगलवार को) झारखंड की विधानसभा की कार्यवाही को देखा और आज सवेरे अखबारों में प्रमुखता से छपी इन मुद्दों से जुड़े समाचार को भी देखा होगा।

नेता प्रतिपक्ष मरांडी ने कहा कि झारखंड की अलार्मिंग सिचुएशन है। इससे तो पूरा राज्य, देश प्रभावित होगा ही, लेकिन इससे सीधा और तत्काल कोई प्रभावित होगा तो वह आदिवासी समाज होगा। संथाल परगना और झारखंड में दर्जनों आदिवासी महिलाएं हैं जिससे इन रोहिंग्या, बांग्लादेशी मुसलमानों ने ना केवल शादी की, बल्कि मुखिया, जिला परिषद सदस्य भी बने हैं। यही स्थिति रही तो आने वाले समय में इसी तरह से आदिवासी महिलाओं से शादी करके रोहिंग्या, बांग्लादेशी मुसलमान सांसद, विधायक भी बनेंगे। यह दृश्य साफ दिख रहा है। मरांडी ने कहा कि वर्ष 1951 में जब पहली जनगणना हुई थी, तब झारखंड में आदिवासियों की संख्या 35.38 प्रतिशत थी। जबकि, मुस्लिम की आबादी 8.9% थी। वर्ष 2011 के जनगणना में आदिवासियों की संख्या 35.38 प्रतिशत से घटकर 26.20% हो गई। वहीं, मुसलमानों की जनसंख्या 8.9% से बढ़कर 14.53% हो गई। आदिवासियों की जनसंख्या में गिरावट आई, जबकि मुसलमानों की आबादी में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई। यही जब ओवरऑल बात किया जाए, तो वर्ष 1951 में सनातनियों की आबादी 87.79% थी। वर्ष 2011 में सनातनियों की संख्या घटकर 81.17% हो गई।

मरांडी ने कहा कि यह नेचुरल तरीके से नहीं बढ़ सकती है। यह कृत्रिम तरीके से बढ़ी और बढ़ाई गई है। बांग्लादेश से लगातार घुसपैठ होना इसका प्रमुख कारण है। कांग्रेस, झामुमो, राजद जैसे दल इसके पक्षधर हैं। ऐसे घुसपैठियों का वोटर कार्ड, राशनकार्ड बनाना, जन्म प्रमाण पत्र बनाना, उनकी जमीन उपलब्ध कराना, उनको बसाना इनकी मंशा है। ताकि, वोट में इसका फायदा उठाया जा सके। कल विधानसभा में उनकी मंशा साफ दिखी।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा, अभी मतदाता सूची ज्वलंत मुद्दा है। इस संबंध में एक और उदाहरण देते हुए मरांडी ने कहा कि वर्ष 2014 से 2019 के बीच देश के अंदर में मतदाताओं में 9.3% की वृद्धि दर्ज हुई। जबकि, झारखंड में 6.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं, वर्ष 2019 से 2024 के बीच देश में मत प्रतिशत में 10.1% वृद्धि हुई, जबकि झारखंड में यह वृद्धि 16.7% दर्ज की गई। यह गौर करने वाली बात है। वर्ष 2019 से 2024 के बीच यहां किसकी सरकार रही, यह बताने की जरूरत नहीं है। वर्ष 2019 से 2024 के बीच राष्ट्रीय ग्रोथ से भी झारखंड में मत प्रतिशत की वृद्धि अधिक दर्ज होना, आईने की तरह सब कुछ साफ कर रहा है। यह काफी चिंता का विषय है कि इस रफ्तार से आखिर यहां पर आबादी कैसे बढ़ी, यह भी एक गहन जांच का विषय है। चूंकि, वर्ष 2014 से 2019 में झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार थी, इसलिए यहां पर अवैध घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं थी और इस कारणअधिक वृद्धि दर्ज नहीं हुई। आज वर्तमान सरकार के कार्यकाल में ऐसे लोगों को इन दलों के द्वारा वोटर बनाकर बसाया जा रहा है, इसलिए इन लोगों के पेट में दर्द हो रहा है और ये दल हंगामा कर रहे हैं। मरांडी ने कुछ रिजर्व विधानसभा क्षेत्रों का आंकड़ा भी इस संदर्भ में पेश किया। मरांडी ने कहा कि सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2019 में 2.21 लाख मतदाता थे, जो वर्ष 2024 में बढ़कर 2.44 लाख हो गए। इसमें ओवरऑल 10.2% की वृद्धि दर्ज हुई। यहां पर वर्ष 2019 में 9308 मुस्लिम मतदाता थे, जो वर्ष 2024 में बढ़कर 16605 हो गए। यहां मुस्लिम मतदाताओं में 78.4% की वृद्धि दर्ज हुई है, जबकि नन मुस्लिम में 7.2% की ही वृद्धि दर्ज हुई है। यह चिंता का विषय है कि नहीं। यह संताल परगना का मामला नहीं है। एक प्लानिंग के तहत सब कुछ अंजाम दिया जा रहा है। इसी प्रकार, कोल्हान के जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2019 में 1.71 लाख वोट थे, जो वर्ष 2024 में 1.98 लाख वोट हुए। ओवरऑल कुल वृद्धि 15.7% की थी। जबकि, मुस्लिम वोटरों में यह वृद्धि 52 फीसदी है। वहीं, गैर मुस्लिम मतों में 13% की ही वृद्धि हुई। ये कुछ चंद उदाहरण हैं, जो दर्शाते हैं कि पूरे राज्य की डेमोग्राफी एक सुनियोजित तरीके से बदली जा रही है। इनका नाम मतदाता सूची में दर्ज कराया जा रहा है। यह केवल झारखंड नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए चिंता का विषय है।



### तत्काल फर्जी मतदाताओं को सूची से हटाया जाए

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा, झारखंड सहित पूरे देश में डेमोग्राफी बदल रही है। चुनाव आयोग जब इन फर्जी और विदेशी मतदाताओं को हटाने और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने की बात करता है, तो उसे रोकने और इन फर्जी मतदाताओं को बचाने के लिए वोटबैंक की राजनीति के लिए विधानसभा में विपक्षी दल विरोध कर रहे हैं, एसआईआर के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी इसका विरोध करेगी। मरांडी ने कहा कि हम चुनाव आयोग से मांग करेंगे कि इस प्रकार जो मतदाताओं की वृद्धि हुई है, अब एक-एक वास्तविक मतदाताओं को सत्यापित किया जाए। जो यहां के नागरिक हैं, वही सूची में रहें। फर्जी मतदाताओं को तत्काल सूची से हटाया जाए। झारखंड में अभी तो चुनाव नहीं है, क्यों नहीं साल भर का ही वक्त लगे, लेकिन एक-एक मतदाता सत्यापित कराना भाजपा सुनिश्चित करेगी। तब ही डेमोग्राफी ठीक होगी, नहीं तो यह लोकतंत्र पर एक बड़ा खतरा साबित होगा।

# विश्वविद्यालय विधेयक से लोकतंत्र का गला घोंट रही सरकार : आजसू

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** विवि विधेयक 2025 के विरोध में आजसू छात्रसंघ ने बुधवार को आक्रोश रैली निकाली। यह रैली रांची विवि से अलबर्ट एक्का चौक पहुंची, जहां हेमंत सरकार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। विधानसभा में पारित राज्य विवि विधेयक 2025 पूरी तरह असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक है। इस विधेयक के माध्यम से विश्वविद्यालयों में कुलपति एवं अन्य पदों की नियुक्ति का अधिकार राज्यपाल से छीनकर सरकार को देना संविधान और संघीय ढांचे पर सीधा प्रहार है। आजसू का मानना है कि हेमंत सरकार विश्वविद्यालयों को राजनीतिक नियंत्रण में लाना चाहती है। यह वही सरकार है जो जेपीएससी, जेएसएससी और जैक जैसी संस्थाओं को पारदर्शी ढंग से नहीं चला पाई, जहां लगातार पेपर लीक और भ्रष्टाचार सामने आते रहे हैं। ऐसे में विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता सरकार को सौंपना शिक्षा जगत के साथ विश्वासघात है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि विधेयक में छात्र संघ चुनाव को खत्म कर चयन की व्यवस्था थोपने की साजिश की गई है। यह कदम छात्रों के मौलिक अधिकारों और लोकतंत्र का गला घोंटने जैसा है। विश्वविद्यालय परिसर से ही भविष्य के नेता और जनप्रतिनिधि निकलते हैं, जिन्हें दबाने का काम सरकार कर रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, ऋतुराज शाहदेव प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष, प्रताप सिंह, राजेश सिंह, अमन साहू,सौरभ यादव, संदीप, पीयूष सिंह, ऋतिक इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी बरी

**रांची।** नाबालिग से छेड़छाड़ करने के आरोप में ट्रायल फेस कर रहे आरोपी राजू महतो को पोक्सो एक्ट कोर्ट से राहत मिली है। अदालत ने सबूतों के आधार पर उसे मामले से बरी कर दिया है। घटना को लेकर पीड़िता ने जगन्नाथपुर थाने में 9 दिसंबर 2018 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में कहा गया था कि 9 दिसंबर 2018 को दोपहर को आरोपी उसकी दुकान में आया और छेड़छाड़ की। प्राथमिकी दर्ज होने के तीन महीने बाद 7 मार्च 2019 को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। करीब डेढ़ महीने जेल काटने से पर अदालत ने सशर्त जमानत की सुविधा प्रदान कर दी थी।

# डकैती में संलिप्त चार आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित पावर ग्रिड सब स्टेशन में डकैती के आरोप में जेल में बंद चार आरोपियों को सिविल कोर्ट रांची के न्यायायुक्त की अदालत ने जमानत देने से इनकार किया है। इसमें पुंदाग के फुरकान मल्लिक, बिहटा के जितेंद्र कुमार, रामगढ़ के बीरेंद्र बेदिया एवं पुंदाग के दीपक कुमार सोनी का नाम शामिल है। चारों की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर न्यायायुक्त की अदालत में बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने याचिका खारिज कर दी। नामकुम पुलिस ने डैकती की घटना में शामिल नौ आरोपियों को 28 जुलाई 2025 को गिरफ्तार किया था। तब से सभी जेल में है। घटना को 15 जुलाई 2025 को अंजाम दिया गया था। वहीं, रामगढ़ के शाहिद अंसारी ने भी जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की है। अन्य तीन आरोपियों हजारीबाग के राजेश कुमार सिंह, रामगढ़ के ललन कुमार भुइयां और जितु कुमार सिंह ने भी न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में जमानत की गुहार लगाई है। सुनवाई लंबित है। बता दें कि आरोपियों ने ड्यूटी पर तैनात कर्मियों तथा सुरक्षा गार्डों को बंधक बनाकर घटना का अंजाम दिया था। घटना को लेकर नामकुम थाने में कांड संख्या 217/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# विश्वविद्यालय के संबंध में लाया गया विधेयक दुर्भाग्यपूर्ण : संजय महतो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजयुमो के प्रदेश कार्यालय मंत्री संजय कुमार महतो ने बुधवार को हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार वास्तव में संविधान की हितैषी नहीं है। उन्होंने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार संविधान की रक्षा और सम्मान की बात मीडिया और जनता के बीच गुमराह करने की दृष्टि से करती है, यह संविधान की हितैषी सरकार नहीं है। संजय कुमार



महतो ने कहा है कि राज्य सरकार ने विश्वविद्यालय संशोधन अधिनियम के नाम पर जो विधेयक ले कर आई है, वह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति का अधिकार राज्यपाल को संविधान के तहत प्राप्त है। विश्वविद्यालय एक स्वायत्त संस्था है, जिसकी निगरानी और नियंत्रण का अधिकार राज्यपाल को है। सरकार द्वारा विधेयक के माध्यम से विश्वविद्यालयों में होने वाले छात्र संघ चुनाव को समाप्त कर सरकार द्वारा छात्र प्रतिनिधि की बात कही गई है, जो अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। क्योंकि, भविष्य के नेता /कर्णधार इसी विश्वविद्यालय/ कॉलेज कैंपसों से निकल कर राज्य और देश का नेतृत्व करते हैं। छात्र संघ चुनाव नहीं कराना छात्रों के मौलिक अधिकारों का हनन है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस असंवैधानिक विधेयक का वे पुरजोर विरोध करते हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर से देश की भावनाएं जुड़ी थी : संजय सेठ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सांसद कला महोत्सव जो लगातार कई दिनों से चल रहा है। इसी क्रम में बुधवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ कांके स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कोलकाता पब्लिक स्कूल ओरमांझी में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर श्री सेठ ने कहा ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ सेना का ऑपरेशन नहीं था, इससे पूरे देश की भावनाएं जुड़ी थी। सांसद कला महोत्सव के तहत रांची में चल रहे पेंटिंग कॉनिर्वाल 2025 में बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सैन्य प्रेम को लेकर कैनवास पर जो आकृतियां उकेरी हैं, वह राष्ट्र के प्रति इनकी भावनाएं हैं। प्रतिभागी बच्चों को उनके चित्रांकन के लिए उत्साहवर्द्धन किया। और पांच सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग बनाने वाले बच्चों के बीच सर्टिफिकेट का वितरण किया इस अवसर पर रविंद्र सिंह राजीव सहाय मनोज तिवारी रतन अग्रवाल खुशी कुमारी स्कूल के निदेशक प्रभात झा, दिलीप मेहता, अमरनाथ चौधरी, दीपक बड़ाइक, दुर्गा शंकर साहू, बालक पाहन, लक्ष्मण साहू, बालक महतो, विक्रांत तिवारी शशि मेहता नीलमोहन पाहन, संतोष गुप्ता, शशि मेहता, आनंद मेहता, चतुर साहू, रोहित साहू, आशीष साहू, राजेश गुप्ता मौजूद रहे।

**समझौता** | लैटिन अमेरिकी देश चिली के प्रोफेसर पल्मा व सगड़े पहुंचे सीयूजे

# कुलपति के साथ होगी एमओयू पर वार्ता

- पांच दिवसीय यात्रा कार्यक्रम में संवाद और संगोष्ठी शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** चिली के एनर्जी के क्षेत्र में काम कर रहे दो विश्व ख्यातिप्राप्त प्रोफेसर बुधवार को पांच दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) पहुंचे। इनमें प्रो रोड्रिगो पल्मा बेहंके (फाउंडर डायरेक्टर, एसईआरसी, यूनिवर्सिदाद दे चिली, सैंटियागो) और प्रो अतुल ए. सगड़े (डायरेक्टर, एसईआरएल, यूनिवर्सिदाद दे तारापाका) शामिल हैं। उनकी उपस्थिति में झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय और चिली के विश्वविद्यालयों के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर विचार किया जाएगा।

सीयूजे के कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने चिली यूनिवर्सिटी के दोनों प्रोफेसर से शिष्टाचार मुलाकात की और उनके दौरे पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह यात्रा, ऊर्जा अनुसंधान, अक्षय ऊर्जा और तकनीकी सहयोग के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करेगी तथा भविष्य में तीनों विश्वविद्यालयों के बीच संयुक्त शोध परियोजनाओं और छात्र-विनिमय कार्यक्रमों को गति देगी।

दोनों प्रोफेसरों ने विश्वविद्यालय द्वारा ग्रीन कैंपस परियोजना के तहत विकसित किया गया 500 किलोवॉट का सोलर पावर प्लांट का भी विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ भ्रमण किया और इसकी सराहना की।

प्रो रोड्रिगो पल्मा बेहंके और प्रो अतुल ए. सगड़े के आगमन पर ऊर्जा अभियंत्रण विभागाध्यक्ष, प्रो संजय कुमार समदर्शी, डीन अकादमिक, प्रो मनोज कुमार, प्रो डीबी लाटा, डॉ सचिन कुमार, डॉ बासुदेव प्रधान, डॉ संदीप गुप्ता और डॉ पार्थसारथी पंजा, डॉ विष्णु मोहन झा सहित प्राध्यापक एवं छात्रों ने भव्य स्वागत किया।



### प्रो पल्मा व प्रो सगड़े कई कार्यक्रमों में लेंगे भाग

कार्यक्रम के अनुसार प्रो रोड्रिगो पल्मा बेहंके और प्रो अतुल ए. सगड़े विश्वविद्यालय के अधिकारियों, छात्रों और प्राध्यापकों से संवाद तथा जीआरईडीए निदेशक से मुलाकात करेंगे। ऊर्जा अभियंत्रण विभाग में विद्यार्थियों से बातचीत और एनआईएफएफटी रांची का भ्रमण करेंगे। साथ ही, विश्वविद्यालय में 'पॉलिसी इनोवेशन ऑन रिन्यूएबल एनर्जी रिसोर्सेज, कन्वर्सस, स्टोरेज' विषय पर संगोष्ठी एवं पैनल चर्चा आयोजित की जाएगी। इसके बाद अतिथि प्रोफेसर विकास भारती एवं नेतरहाट का भ्रमण करेंगे।

# सांसद संजय सेठ से श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के शिष्टमंडल ने की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

- **रक्षा राज्य मंत्री को दी जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं**
- **ज्ञापन भी सौंपा, आश्रम के सामने सड़क व नाली निर्माण का किया आग्रह**

श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट का एक शिष्टमंडल ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल के अगुवाई में रांची के सांसद रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से उनके आवास पर मुलाकात की। शिष्टमंडल ने रक्षा राज्य मंत्री का अभिनंदन करते हुए श्री राधा कृष्ण की स्मृति चिह्न भेंट कर उन्हें जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उनके दीर्घायु की कामना करते हुए पुंदाग स्थित झारखंड के सबसे बड़े श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में सपरिवार आने का आमंत्रण दिया।

श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की ओर से सांसद संजय सेठ को एक ज्ञापन भी दिया गया। इसमें उनसे पुंदाग गुटवा रोड में स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर एवं सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम के सामने सड़क एवं नाली के निर्माण के लिए आग्रह किया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि इस रोड में झारखंड का सबसे बड़ा श्री राधा कृष्ण मंदिर का निर्माण हुआ है, जो धार्मिक आस्था एवं सांस्कृतिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है। इसके अतिरिक्त ट्रस्ट द्वारा दिव्यांग एवं निराश्रित जनों के पुनर्वास, सेवा एवं देखभाल के लिए अपना घर आश्रम का कुशलता पूर्वक संचालन किया जा रहा है। इस सेवा संस्थान तक पहुंचाने के लिए ना कोई पक्की सड़क है और ना ही समुचित जल निकासी व नाली की व्यवस्था है। मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। उन्हें बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अतः आप संबंधित विभागों को निर्देशित कर श्री राधा कृष्ण मंदिर के सामने शीघ्र ही पक्की सड़क एवं नाली निर्माण की स्वीकृति एवं कार्यवाही सुनिश्चित कराने की कृपा करें।

इस अवसर पर ट्रस्ट के सचिव मनोज कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, प्रवक्ता संजय सर्राफ, पूरणमल सर्राफ, मुकेश काबरा आदि शामिल थे। ये जानकारी ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

# राजधानी में गणेश पूजा की धूम पंडालों में विराजे भगवान

## श्रद्धालुओं ने आस्था से किया पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



गणेश चतुर्थी पर आस्था का अनुठा संगम देखने को मिल रहा है। भव्य पंडालों में भगवान गणेश का विभिन्न रूप में देखा जा रहा है। हिनू, डोरंडा, चर्च रोड, मेन रोड, अपर बाजार समेत अन्य स्थानों पर पूजा पंडाल बनाए गए हैं। जहां पर पुजारी द्वारा पांरपरिक रूप से पूजा अर्चना की गई।

भगवान गणेश को बेलपत्र, पान पत्ता, दूब घास, टीका सिंदुर, फल फूल औ लडडु अर्पित की गई। पंडाल का पट खोलते ही भगवान गणेश का प्रतिमा देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। एक पंक्ति में खड़े होकर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूजा पंडाल के आगे और आसपास के विद्युत लाइटें लगाई गई है। जो श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं।

चर्च रोड में पहली बार गणेश पूजा की शुरूआत की गई। पंडाल में भव्य रूप से भगवान को विराजा गया है। इसके ठीक सामने शंकर भगवान का रूप का प्रदर्शित किया गया है। पंडाल के आगे श्रद्धालुओं के आने के लिए विभिन्न रंग का वाइटो लगाया गया है।28 अगस्त को भगवान गणेश को मोदक अर्पित किया जाएगा। जयपाल सिंह मुंडा मैदान कचहरी रोड के 25 साल से गणेश पूजा महोत्सव होती आ रही है। लेकिन इस बार इस पंडाल को झारखंडी संस्कृति के रूप में बनाया गया है। पंडाल में भगवान गणेश को मां पार्वती के गोद में लिए हुए दिखाया गया है।मूर्ति के आगे पांच कलश स्थापित किए गए हैं। भगवान गणेश को लडडू, दूब घास, बेलपत्र, फल-फूल अर्तित किए गए है। 28 अगस्त को 101 किलो का लडडू का भोग अर्पित किए जाएंगे। 31 सितंबर को चडरी तालाब में तासा पार्टी की धुन से विसर्जित किए जायेंगे। गजराज पूजा समिति संयोजक शांतनु कुमार, अध्यक्ष हिरु सिंह, डॉ कुमार राजा, शिव प्रकाश सिंह, अभिषेक सिंह, मनिष वर्मा, सौरभ, दीपु समेत अन्य शामिल थे।

अमर क्लब गणेश पूजा समिति हिनू 12 वर्षों से गणेश का पूजा होती आ रही है। भगवान गणेश की 14 फीट ऊंची है। भव्य एवं मनमोहक प्रतिमा पंडाल में स्थापित किए गए है। यहां पर पांच दिवसीय पूजन हो रही है।प्रथम दिन भगवान भगवान गणेश को 1001 किलो लड्डू का भोग अर्पित की गई।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री के आवास पर गणपति महोत्सव का शुभारंभ




**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर श्री गणपति जी महाराज का आगमन हुआ। स्वजनों-परिजनों के साथ उनका आह्वान पूजन किया। गणपति बप्पा से देशवासियों के सुखद और समृद्ध जीवन की कामना कि 10 दिन गणपति जी बिराजेंगे 10 दिनों तक पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जाएगी। प्रत्येक दिन सुबह 8:00 से 10:30 के बीच आरती संध्या 6 से 8 बजे होगी तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## सीसीएल में ऑनलाइन पैथोलॉजी रिपोर्ट पोर्टल का शुभारंभ

# सीसीएल अपने कर्मियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देती है : हर्ष नाथ

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए अपने ऑनलाइन पैथोलॉजी रिपोर्ट पोर्टल का शुभारंभ किया। इस नवाचार का उद्घाटन निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र द्वारा किया गया। मौके पर सीएमएस सीसीएल डॉ. रत्नेश जैन और सीएमओ प्रभारी गांधी नगर अस्पताल (जीएनएच) डॉ. आरके सिंह भी उपस्थित रहे।इस पोर्टल को सिस्टम विभाग द्वारा पैथोलॉजी विभाग के सक्रिय सहयोग से विकसित किया गया है। यह तकनीकी पहल मरीजों को उनकी पैथोलॉजी जांच रिपोर्ट ऑनलाइन, आसानी से और तेज़ी से प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करती है। इस अवसर पर निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि सीसीएल अपने कर्मियों और उनके परिवारों की स्वास्थ्य सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। यह पोर्टल इस दिशा में एक बड़ा और सकारात्मक परिवर्तन लाएगा।

ऑनलाइन पैथोलॉजी रिपोर्ट पोर्टल के माध्यम से इस प्रक्रिया को और अधिक प्रभावशाली व रोगी-केंद्रित बनाया गया है। रिपोर्ट की डिजिटल उपलब्धता से डॉक्टरों को भी तत्काल निर्णय लेने में सहूलियत होगी, जिससे इलाज में होने वाली देरी को रोका जा सकेगा।

### छात्रा से दुष्कर्म मामले में ट्यूशन शिक्षक को 14 साल की कैद

**रांची।** दसवीं की छात्रा के साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी करार गुमला के सिसई गांव निवासी ट्यूशन शिक्षक मधुसूदन बैठा को पोक्सो एक्ट की विशेष अदालत ने बुधवार, 27 अगस्त को कठोर 14 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। अदालत ने उक्त आरोप में 20 अगस्त को दोषी पाया था। पीड़िता ने घटना को लेकर अरगोड़ा थाना में 12 दिसंबर 2022 को आरोपी शिक्षक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। सुनवाई के दौरान एपीपी ने ठोस गवाही दर्ज कराई जिसके आधार पर अदालत ने उसे दोषी पाकर सजा सुनाई है।



## अजरबैजान से गिरफ्तार मयंक से झारखंड एटीएस करेगी पूछताछ

रांची। अजरबैजान से गिरफ्तार कुख्यात मयंक सिंह से झारखंड एटीएस की टीम अगले छह दिनों तक पूछताछ करेगी। उसे बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रामगढ़ जेल से रांची के धुर्वा स्थित एटीएस मुख्यालय लाया गया। अजरबैजान से झारखंड लाने के बाद मयंक सिंह को रामगढ़ जेल में न्यायिक हिरासत में रखा गया था। मयंक को रिमांड पर लाने से न सिर्फ झारखंड पुलिस, बल्कि राज्य के कई अन्य जांच एजेंसियों को भी काफी फायदा मिलेगा। जानकारी के अनुसार, गैंगस्टर अमन साहू (अब मृत) के फाइनेंशियल नेटवर्क के साथ-साथ पूरे हथियार नेटवर्क को मयंक ही संभालता था।

# जेडआरयूसीसी सदस्य ने की डीआरएम से मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने बुधवार को रांची रेल मंडल के डीआरएम करुणानिधि सिंह से मुलाकात की। उन्होंने डीआरएम से रांची रेल मंडल में रेल यात्री सुविधा से जुड़े मुद्दों पर वार्ता की। यात्री हित से जुड़े सौंपे गए ज्ञापन में हटिया-सांकी ट्रेन का विस्तार बरकाकाना तक करने, रांची-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस का विस्तार जयपुर तक करने, पुरुलिया-तिरुनेलवेल्ली का विस्तार रांची तक करने, हटिया-दुर्ग एक्सप्रेस का विस्तार नागपुर तक करने और रांची-लोहरदगा लाइन से डालटनगंज, गढ़वा, बनारस, अयोध्याधाम होकर गोमती नगर (लखनउ) तक सप्ताह में दो दिन सीधी ट्रेन चलाने की मांग की गई है। इसमें यह कहा गया है कि रांची रेल मंडल के इस प्रयास से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। अरुण जोशी ने कहा कि डीआरएम के साथ सकारात्मक वार्ता हुई। वार्ता के क्रम उन्होंने यात्री हित में दिए गए सुझावों पर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।


### आज / कल




# उपायुक्त की पहल पर पद्मश्री सिमोन उरांव को मिली ट्राइसाइकिल

- **चलने-फिरने में दिक्कत की जानकारी मिलने पर उपायुक्त ने लिया त्वरित संज्ञान**
- **सिमोन उरांव ने कहा, जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार को हार्दिक आभार**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रांची मंजुनाथ भजंत्री के जनता दरबार में बेड़ो के ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से पद्मश्री सम्मानित सिमोन उरांव के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। इसपर ग्रामीणों ने उनके स्वास्थ्य के बारे जानकारी साझा की और बताया कि उन्हें चलने-फिरने में काफी परेशानी हो रही है।

उपायुक्त ने त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रांची को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसपर जिला प्रशासन की टीम ने तत्काल बेड़ो स्थित पद्मश्री सिमोन उरांव के आवास पर जाकर उन्हें ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराया।

इस सार्थक पहल की सराहना करते हुए पद्मश्री सम्मानित सिमोन उरांव ने रांची जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## डीपीएस में नशीली दवाओं के खतरे पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# अतुल गेरा ने नशीली दवाओं की स्थिति से बच्चों को किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


● विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने और जागरूकता फैलाने की शपथ ली

दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), रांची ने डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेस अथॉरिटी (डीएलएसए), रांची के सहयोग से 'नशीली दवाओं के खतरे को रोकने के उपाय' विषय पर बुधवार को एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम एनएएलएसए की डॉन (ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन) पहल के अंतर्गत ड्रग फ्री इंडिया स्कीम 2025 के तहत आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशीली दवाओं के बढ़ते खतरे के प्रति जागरूक करना और एक स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज के लिए निवारक उपायों को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम में विशिष्ट रिसोर्स पर्सन ने अपनी विशेषज्ञता और विचार साझा किए। अतुल गेरा, सदस्य, विशेष टीम, डीएलएसए ने इस पहल का संक्षिप्त परिचय देते हुए देश में नशीली दवाओं की स्थिति पर प्रकाश डाला। शारिक उमर, अधीक्षक, नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने एनसीबी की भूमिका पर विस्तार से बताया और नशीली दवाओं की तस्करी एवं दुरुपयोग को रोकने के लिए अपनाई जाने वाली रणनीतियों को समझाया। रिजवान, उप-निरीक्षक, सीआईडी, झारखंड ने झारखंड पुलिस और सीआईडी की भूमिका के बारे में बताया और बच्चों को ऐसे हानिकारक पदार्थों से दूर रहने के लिए विशेष सावधानियों की जानकारी दी। राम कुमार झा, सहायक निदेशक, स्टेट ड्रग्स डायरेक्टरेट, झारखंड ने नशे के लिए दवाओं के दुरुपयोग और उसके खतरनाक परिणामों के बारे में जागरूक किया। शिवानी सिंह, एडवोकेट, डीएलएसए ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग से संबंधित कानूनी पहलुओं और युवाओं में नशे के प्रसार को रोकने में डीएलएसए और डॉन क्लबों की भूमिका पर प्रकाश डाला। सत्र का समापन शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने और अपने समुदाय में जागरूकता फैलाने की शपथ ली।

### नशीली दवाएं राष्ट्र के भविष्य के लिए गंभीर खतरा : प्राचार्या

विद्यालय की प्राचार्या डॉ जया चौहान ने कहा कि नशीली दवाओं का दुरुपयोग हमारे राष्ट्र के भविष्य के लिए एक गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा, डीपीएस रांची में हम अपने विद्यार्थियों को जागरूकता के माध्यम से सशक्त बनाने और उन्हें जिम्मेदार निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शन करने में विश्वास करते हैं। डीएलएसए के सहयोग से यह पहल नशामुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



## श्री काली मंदिर दुर्गा पूजा समिति की नई कमेटी गठित




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रातू रोड शास्त्री चौक श्री काली मंदिर दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई। बैठक में इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही बैठक में पुरानी कमेटी को भंगकर सर्वसम्मति से पुनःसुजीत वर्मा को ही अध्यक्ष बनाया गया। मौके पर महादेव टोप्पो, बिंदुल वर्मा,ननकु तिर्की,मंटु वर्मा,डॉ.भीम प्रभाकर,अनिल वर्मा,बिट्टू वर्मा,शिव किशोर शर्मा,सतीश साहू,ओम चौधरी, नीरज कुमार,अर्जुन पांडा,दीपू सिन्हा,सोनू वर्मा,बीगल तिर्की, राजू शर्मा,सोनू पांडा,गौतम वर्मा, प्रकाश कुमार,प्रवीण कुमार, कुंदन वर्मा,अमर प्रसाद, मनोज तिवारी, गोलू कुमार, मुकेश झा, बजरंग सिंह, बिट्टू वर्मा, छोटू सिंह,संजय राम,रवि कुमार, राजेश महतो, शंकर शर्मा उर्फ संत जी,दीप कर्मकार,देवा सुरज आदि उपस्थित थे।

## नौकरी दिलाने के नाम पर किया गया फ्रॉड

**जमशेदपुर।** नौकरी दिलाने के नाम पर सैकड़ों युवक-युवतियों से ठगी करने का मामला सामने आया है. जमशेदपुर के अलावा झारखंड, बिहार और यूपी के विभिन्न जिलों के युवक-युवती इस ठगी का शिकार हुए हैं. यह मामला गोविंदपुर थाना क्षेत्र का है. पुलिस ठगी करने वालों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. इस मामले के खुलासे के बाद जमशेदपुर शहर में हंगामा मच गया है. दरअसल, गोविंदपुर थाना क्षेत्र में छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक भवन से डेढ़ सौ से ज्यादा युवक-युवतियों को रेस्क्यू किया और सभी को थाने ले आई.

## राज्य स्वास्थ्य कर्मी विभाग योजना का हुआ शुभारंभ



**सिल्ली।** सिंगपुर नर्सिंग होम में राज्य स्वास्थ्य कर्मी विभाग योजना के अंतर्गत सभी लाभार्थियों के लिए नर्सिंग होम में प्रशासनिक कर्मी,पोस्ट ऑफिस आदि सभी हेल्थ वर्कर के लिए योजना का शुभारंभ बुधवार को नर्सिंग होम के संचालक डॉक्टर रमनेश प्रसाद ने किया।सभी कर्मी इस योजना से जुड़कर सिंगपुर नर्सिंग होम से अपना इलाज करवा सकेंगे।वहीं नर्सिंग होम के संचालक डॉक्टर रमनेश प्रसाद ने कहा कि झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा यह योजना सभी राज्य कमियों के लिए अस्पतालों में लागू किया गया है।इस क्षेत्र में सिंगपुर नर्सिंग होम के माध्यम से इसका लाभ ले सकेंगे।इस नर्सिंग होम के तहत ज्यादा से ज्यादा राज्य कर्मी अपना इलाज कराने के लिए अस्पताल में आकर सरकार का योजना का लाभ लें।

## विद्यालय में हुई चोरी का हुआ खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**बेड़ो।** नरकोपी पुलिस ने प्लस टू प्रोजेक्ट विद्यालय डुगडुगिया बेयासी में हुए चोरी का खुलासा कर लिया है। और विद्यालय से चोरी हुए सामान के साथ घटना में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार विद्यालय में चोरी की घटना को नरकोपी पीपरटोली के इजराइल अंसारी पिता सजीब अंसारी व नगड़ी के ऐड़चोरो के अली मोहम्मद अंसारी पिता जुमाली ने अंजाम दिया था और वहां से चुराए गये सामान को ओरमांझी के दरदाग निवासी कबाड़ी दुकानदार शुभम कुमार पिता मदन साहू को बेच दिया था। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है साथ ही चोरी में प्रयुक्त पिकअप गाड़ी एवं चोरी का अन्य सामान बरामद कर लिया गया है।

## आचार्य कुलम स्कूल में राज्य स्तरीय एयर रायफल प्रतियोगिता का आयोजन




**रांची।** आचार्य कुलम में राज्य स्तरीय एयर रायफल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, उक्त प्रतियोगिता में सरला बिरला पब्लिक स्कूल कि ओर से खेलते हुए चान्हो गुटुवा निवासी शिवांश शिवा नें अंडर सोलह व अंडर सत्रह में गोल्ड पर निशाना साधा। वहीं ग्रुपिंग में दुसरा स्थान हासिल कर ट्रॉफी की हकदार बने। बताते चलें कि शिवांश जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी के पुत्र हैं और पहले भी राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता मिर्ज़ा पुर में शामिल हो चुके हैं।

### खलारी पहाड़ी मंदिर में गणेश महोत्सव का भव्य शुभारंभ


# श्रद्धा और भक्ति से गूंजा मंदिर परिसर आकर्षक पंडाल बना आकर्षण का केंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**



**खलारी।** खलारी कोयलांचल में बुधवार को पहाड़ी मंदिर परिसर में गणेश महोत्सव का भव्य शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ किया गया। श्री श्री गणेश पूजा समिति की ओर से पूरे मंदिर परिसर को विद्युत सज्जा से सजाया गया, जहां भगवान गणपति की मनमोहक प्रतिमा स्थापित की गई। उद्घाटन समारोह समिति के अध्यक्ष व आल इंडिया कांग्रेस नवयुवक संघ के महासचिव रमनसिंह बंटी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। अतिथियों में सीसीएल एनके एरिया महाप्रबंधक दिनेश गुप्ता, पुलिस उप अधीक्षक रामनारायण चौधरी, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की महिला प्रदेश अध्यक्ष मनीषा सिंह, जिप सदस्य सरस्वती देवी, केएनपी सिंह, ललनप्रसाद सिंह समेत कई गणमान्य अतिथि शामिल थे। सभी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर पंडाल का उद्घाटन किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुजारी बृजराज दुबे और सर्वानंद दुबे ने पूजा-अर्चना करवाई। यजमान के रूप में रंजन सिंह और विनोद साहू सपत्निक पूजा में शामिल हुए। अतिथियों में पुलिस निरीक्षक जयदीप टोप्पो, राजनसिंह राजा, बिगनसिंह भोगता, पृथ्वी सिंह आदि भी मौजूद थे। पूरे आयोजन को सफल बनाने में हेमंत सिंह गुड्डू, शैलेश सिंह मेजर, संतोष सिंह, अजीत सिंह, रितेश सिंह, गौरव सिंह, ज्ञानी दुबे, दयालु दुबे समेत स्थानीय युवाओं और कार्यकर्ताओं की विशेष भूमिका रही। भव्य विद्युत सज्जा और भक्तिमय वातावरण ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शाम को भगवान गणपति की आरती की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया।

# पिठौरिया में गणेश चतुर्थी- भक्ति और उल्लास में डूबा पूरा क्षेत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

- **पूरे क्षेत्र में धार्मिक भजन और कीर्तन की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा है। पूजा समितियों ने आकर्षक सजावट, रोशनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया है**

**पिठौरिया।** पिठौरिया में गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। बुधवार सुबह से ही श्रद्धालु गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना में जुटे रहे। आकर्षक पंडालों में भगवान गणेश की भव्य प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। पूरे क्षेत्र में धार्मिक भजन और कीर्तन की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा है।पूजा समितियों ने आकर्षक सजावट, रोशनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया है। शाम के समय आरती और भजन संध्या में भारी संख्या में श्रद्धालु जुट रहे हैं। बच्चों और युवाओं में भी विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए प्रसाद का वितरण कर रहे हैं। अध्यक्ष कृष्णा जायसवाल सचिव आकाश सोनी, कोषाध्यक्ष विकास लहेरी कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन शर्मा सह-सचिव अभिषेक जयसवाल, सह-कोषाध्यक्ष शुभम सोनी, महामंत्री अम्बर केशरी, राजेश कुमार साहु, विजय सोनी (विक्की), समिति के संरक्षक अनिल केशरी,भरत प्रसाद सोनी, विशेश्वर जयसवाल,शंकर साहु, प्रदीप सोनी, जयराम महली, पंचम साहु, अमित वर्मा, सुनिल साहु, कृष्णा चौरसिया, श्रवण गोप, जितेन्द्र साहु (जीतु), मंटु गुप्ता, कृष्णा महतो, शंकर महतो, शक्ति जयसवाल, राजेश महतो, रघुवर साहु, शावर मल शर्मा, संतोष महतो, गोपाल साहु, उपाध्यक्ष पंकज साहु, रिषभ मिश्रा, दुर्गा गुप्ता, शिव जयसवाल, इंद्रजीत महतो, आनंद जयसवाल, संजय महतो, मधुसुदन , राजेश कुमार साहु, विजय सोनी (विक्की), नितेश यादव, नितेश ठाकुर, रूपेश महतो, विक्की अहीर, विजय लहेरी, संदीप साहु, संगठन मंत्री हर्ष जयसवाल, प्रदुमन साहु, रौशन नायक, गौतम ठाकुर, राहुल जयसवाल, गोल्डी सोनी, सत्यम सोनी, ओम केशरी, सोनू राय, केसाव कुमार, नीतीश ठाकुर,अभिषेक यादव, सतीश साहु, गणेश महाली, पंकज गोप, उज्जवल कुमार सहित बड़ी संख्या में समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की पुख्ता तैयारी की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से पूरा पिठौरिया भक्ति और उल्लास में डूबा हुआ है।

## बीआईटी, मेसरा में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ आज

**रांची।** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा का फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी विभाग 28 और 29 अगस्तको दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करेगा। इस कार्यशाला को अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान प्रतिष्ठान (एएनआरएफ), भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित किया गया है। इस कार्यशाला का उद्देश्य कमज़ोर बुनियादी ढाँचे और अनुसंधान सुविधाओं वाले शैक्षणिक संस्थानों और विश्वविद्यालयों को लाभ पहुँचाना है। इस कार्यशाला के संयोजक डॉ. अभिमन्यु देव ने बताया कि यह कार्यशाला समाज के लिए अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देगी।

## कांके नगड़ी में ग्रामीणों ने किया पुतला दहन



**पिठौरिया:** बीते रिम्स 2 को लेकर हुऐ नगड़ी आंदोलन में राज्य सरकार द्वारा 85 लोगों पर कांके थाना में मुक़दमा दर्ज किए जाने के विरोध में बुधवार को नगड़ी सरना चौक में ग्रामीण रेयत लोगो के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री और स्थानीय विधायक व कांके सरना समिति अध्यक्ष रंजीत टोप्पो का पुतला दहन किया। इस पुतला दहन में मुख्य रूप से कमलेश राम आदि मौजूद थे।

### मारवाड़ी भवन में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय कार्यालय का हुआ उद्घाटन

## यह भवन सामाजिक समर्पण का प्रतीक है : सुरेश चंद्र अग्रवाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गणेश चतुर्थी पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्मित प्रांतीय कार्यालय का उद्घाटन मारवाड़ी भवन परिसर में संपन्न हुआ। सम्मेलन के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष भागचंद पोद्दार ने कार्यालय का शुभारंभ किया। मौके पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री विनोद कुमार जैन एवं पदाधिकारियों ने समारोह मे आए सभी आगंतुक अतिथियो को पुष्प गुच्छ देकर एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर कर स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि यह नया कार्यालय संगठनात्मक कार्यों को और अधिक सशक्त, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा कि यह भवन न केवल एक कार्यालय है, बल्कि यह सामाजिक समर्पण, एकता एवं प्रगति का प्रतीक भी है। अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने कहा कि मारवाड़ी सम्मेलन की स्थापना 1935 में हुई थी। 90 वर्षों से मारवाड़ी सम्मेलन समाज सुधार, समाज विकास एवं सभी जन सेवा कार्यों को निरंतर व्यापक स्तर से कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन झारखंड में भी अपने कार्य क्षमता से नई ऊंचाइयां प्रदान करेगी। इस समारोह में झारखंड प्रदेश के जिलों से आए सदस्यगण उपस्थित थे। अतिथियों ने भागचंद पोद्दार द्वारा संगठन के विकास एवं समाज कल्याण के क्षेत्र में किए गए योगदान की सराहना की। कार्यक्रम की शुरुआत गणपति वंदना से हुई इसके पश्चात संगठन के इतिहास उपलब्धियां एवं भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। धनबाद जिला अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने कहा कि नए कार्यालय खुलने से समाज एवं संगठन और अधिक मजबूत होगा। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय संयुक्त महामंत्री प्रमोद कुमार सारस्वत ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रांतीय महामंत्री विनोद कुमार जैन ने किया। इस अवसर पर-कमल कुमार केडिया, चंडी प्रसाद डालमिया, सज्जन पाड़िया, मनोज चौधरी, प्रवीण लोहिया, अजय डीडवानिया, किशन पोद्दार, विकास विजयवर्गीय, कृष्ण अग्रवाल, सहित सैकड़ो की संख्या में सदस्यगण उपस्थित थे।

### डकरा में गणेश महोत्सव पंडाल का हुआ उद्घाटन

# गणपति बप्पा के जयकारों से गूंजा इलाका, आकर्षक सजावट में उमड़े भक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

- **गणपति बप्पा की प्रतिमा की स्थापना भक्तिभाव के साथ की गई**



**खलारी।** गणेश महोत्सव को लेकर बुधवार को डकरा में बनाए गए भव्य पूजा पंडाल का विधिवत उद्घाटन किया गया। समिति के अध्यक्ष रणजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में गणपति बप्पा की प्रतिमा की स्थापना भक्तिभाव के साथ की गई। मुख्य अतिथि सीसीएल एनके एरिया महाप्रबंधक दिनेश गुप्ता ने फीता काटकर पंडाल का शुभारंभ किया। इस मौके पर केडीएच पीओ अनिलकुमार सिंह, खलारी थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो, एसओ (सिविल) सुमन कुमार तथा श्रमिक नेता मिथिलेश सिंह, बीएन पांडेय, शैलेश सिंह, अमरभूषण सिंह, डीके सिंह, सुनील सिंह, हरेन्द्र सिंह, कृष्णा चौहान, शशिभूषण सिंह, फुलेश्वर महतो, आनंद झा आदि मौजूद रहे। पूजा-अर्चना पंडित विजय मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच संपन्न हुई। यजमान के रूप में भूषण तिवारी और अजय झा सपत्निक पूजा कर रहे हैं। शाम को विधानपूर्वक आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। भगवान गणपति के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। इस आयोजन को सफल बनाने में धीरेन्द्र सिंह, शशि सिंह, रंजन सिंह, आकाश सिंह, रघुवीर केशरी, बुधन हज्जाम, रविरंजन, जफरू भाई, संतोष मेहता, दीपू थापा, सुभाष पांडे, पवन, सुशील, बिट्टू रिमिक्स समेत अनेक स्थानीय युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। गणेश महोत्सव को लेकर डकरा का पूरा इलाका भक्तिमय माहौल में डूब गया है।

## स्मिता पेंचक सिलाट लीग झारखंड चैंपियनशिप को लेकर कमेटी गठित



**रांची।** झारखंड पेंचाक सिलाट संघ के तत्वावधान में बैठक का आयोजन चेयरपर्सन विजय कुमार लिम्बू की अध्यक्षता में हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य स्मिता पेंचक सिलाट लीग झारखंड चैंपियनशिप के आयोजन को लेकर चर्चा करना था, जो आगामी अक्टूबर माह में सम्पन्न होने जा रहा है। इस आयोजन को लेकर वर्किंग ऑर्गेनाइजिंग कमेटी का गठन भी किया गया, जो स्मिता पेंचक सिलाट लीग झारखंड 2025-26 के सफल आयोजन में अहम भूमिका निभाएगी।नवनियुक्त पदाधिकारी में अध्यक्ष किशोर मंत्री, महासचिव डॉली सिंह, चेयरमैन विजय कुमार लिम्बू, ऑर्गेनाइजिंग प्रेसिडेंट सिफू बिस्वजीत कर्मकार को शामिल किया गया है। मौके पर किशोर मंत्री ने कहा कि यह बैठक आगामी स्मिता पेंचक सिलाट लीग प्रतियोगिता झारखंड की तैयारियों को गति देने के लिए मील का पत्थर साबित होगी। बैठक में खूंटी से संदीप लाल, बोकारो से धनंतर कुमार, ईस्ट सिंहभूम से राज बंकिरा, सरायकेला से गणेश कालिंदी, लोहरदगा से श्रवण साहू, कोडरमा से अमर कुमार, चाईबासा से श्यामल दास, गिरिडीह से गणेश कालिंदी, अमरजीत प्रसाद, सूरज कुमार, कुमकुम विश्वकर्मा, वसी जफर आदि उपस्थित थे।

# न्यूज बॉक्स

## न्यू शिव शक्ति क्लब ने चोरेया में गणेश पूजा पंडाल का किया भव्य उद्घाटन



**चान्हो।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर चोरेया में न्यू शिव शक्ति क्लब गणेश पूजा समिति द्वारा भव्य पूजा पंडाल का निर्माण किया गया। बुधवार को पूजा पंडाल का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य सह अधिवक्ता आशुतोष तिवारी के कर-कमलों से संपन्न हुआ। पूजा समिति ने बताया कि आने वाले दिनों में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।जिप सदस्य ने लोगों को गणेश पूजा की बधाइयां दी और कहा कि मिलजुल कर सभी क्षेत्र के विकास और मानवता की रक्षा हेतु गणपति बप्पा से प्रार्थना करें। आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि गुरुवार को पूजा पंडाल में जागरण का भी आयोजन किया गया है जहां आसपास के गांव के लोग भी कीर्तन में हिस्सा ले सकेंगे। इसके अलावा आचार्य धर्म प्रकाश मिश्रा, उपाचार्य अभिषेक मिश्रा तथा आनंद पांडे ने विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कराई। उद्घाटन के मौके पर समिति के सक्रिय सदस्य दिलीप गुप्ता, प्रभात कुमार, अखिलेश गुप्ता, सुनील साहू, शक्ति गुप्ता, मंटू गुप्ता, रवि गुप्ता, अमन गुप्ता, पवन साहू, राधेश्याम साहू, लखन साहू, छेदी साहू, सत्यनारायण साहू, पुजारी उमेश साहू, ब्रजेश साहू एवं अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## रामदास सोरेन के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व सांसद व मंत्री

**रांची।** पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. रामदास सोरेन के श्राद्ध कार्यक्रम में जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरे क्षेत्र में गमगीन माहौल के बीच गोड्डा के पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और श्रम मंत्री संजय यादव विशेष रूप से जमशेदपुर पहुंचे और पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत नेता को अपनी सच्ची श्रद्धांजलि दी। श्राद्ध कार्यक्रम में उपस्थित तीनों नेताओं ने स्व. सोरेन की महान सेवाओं को याद करते हुए उन्हें झारखंड की राजनीति और समाज का अमूल्य धरोहर बताया। इस मौके पर सभी ने परिवार के सदस्यों से मिलकर ढेर सारी संवेदनाएं व्यक्त कीं और कठिन समय में साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया।

## बुढ़मू कांग्रेस कमिटी ने किया प्रधानमंत्री और चुनाव आयोग का पुतला दहन

**ठाकुरगांव ।** बुधवार को बुढ़मू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बैंक मोड़ में वोट चोर गद्दी छोड़ के नारों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व चुनाव आयोग का पुतला दहन प्रखंड़ अध्यक्ष बलराम साहू की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विद्यायक सुरेश कुमार बैठा ने शामिल होकर कहा कि देश की जनता अब सजग हो गयी है लोकतंत्र पर किये जा रहे हमले को अब सफल नहीं होने दिया जाएगा। एसआईआर के खिलाफ प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के द्वारा पूरे देश में घूमघूम कर विरोध किया जा रहा है जिसमें हम सब साथ है। कार्यक्रम का संचालन विद्यायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी ने किया। मौके पर प्रखंड विधायक प्रतिनिधी बबलू उरांव, विद्यायक प्रतिनिधि सदन साहू, जाकिर अंसारी, विनीता देवी, जैनुल हक अंसारी, रफ़ीक़ अंसारी, तबारक अंसारी समेत दर्जनों कांग्रेसी शामिल थे।

## रिम्स परिसर से हटाया गया अतिक्रमण




रांची। रिम्स सेंट्रल इमरजेंसी व परिसर के आस पास बुधवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यह अभियान रांची नगर निगम, रिम्स सुरक्षाकर्मियों और बरियातू थाना के सहयोग से संचालित किया गया। कार्रवाई के दौरान परिसर में किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया ताकि मरीजों एवं आमजन को सुगम आवागमन उपलब्ध हो सके।

## सड़क हादसे में युवक की मौत



**बुढ़मू।** सड़क दुर्घटना में बुढ़मू रांजी टोला निवासी ललन यादव (22वर्ष ) की मौत हो गयी. जानकारी के अनुसार बुढ़मू रांजीटोला निवासी ललन यादव पिता धनेश्वर यादव अहले सुबह मांडर की ओर मोटरसाइकिल से जाने के क्रम में हातमा के पास रोड में खड़ी गिट्टी लदा ट्रैक्टर मे टकराने से गंभीर रूप से चोट लगी और वही मौक़े पर ही मौत हो गयी. मामला मांडर थाना क्षेत्र का है. दुर्घटना की सुचना पाकर मौक़े पर पहुंची मांडर थाना की पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु रिम्स भेज दिया है वहीं वाहन पर कार्रवाई की जा रही है।

## करम पूर्व संध्या समारोह की तैयारियों पर हुई चर्चा



**रांची।** सरना नवयुवक संघ, केंद्रीय समिति की बैठक अध्यक्ष डॉ. हरि उरांव के अध्यक्षता में हुई। बैठक में 02 सितंबर को रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप परिसर में होने वाली करम पूर्व संध्या समारोह की तैयारियों की समीक्षा की गई। वहीं उपसमितियों का गठन किया गया। साथ ही एकल गीत एवं उद्घोषक- उद्घोषिकाओं का स्वर परीक्षण भी हुई। बैठक में संघ के अध्यक्ष डॉ. हरि उरांव, उपाध्यक्ष साधु उरांव, प्रो. धीरज उरांव, लखन उरांव, गणेश उरांव, जितेश्वर इंदवार, रचना होरो, दित ओड़ेया सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

# झारखंड राज्य विवि विधेयक 2025 में जयराम महतो के संशोधन प्रस्ताव को सरकार ने अस्वीकृत किया

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** डुमरी विधायक एवं झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो द्वारा झारखंड विधानसभा में प्रस्तुत झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक 2025 में एक महत्वपूर्ण संशोधन प्रस्ताव रखा गया था। महतो ने अपने प्रस्ताव में सुझाव दिया कि विश्वविद्यालयों के प्रति कुलाधिपति के पद पर सरकार के किसी विभागीय मंत्री के बजाय राज्य के किसी अनुभवी शिक्षाविद को नियुक्त किया जाए। उनका तर्क था कि ऐसे शिक्षाविद, जिनका शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक अनुभव हो और जो राज्य के मूल निवासी हों, उन्हें यह दायित्व सौंपा जाना चाहिए, ताकि वे राज्य की सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए बेहतर निर्णय ले सकें। उन्होंने यह भी कहा कि मूल निवासी होने के कारण ऐसे शिक्षाविद राज्य की जमीनी सच्चाइयों से परिचित होंगे और शिक्षा व्यवस्था को राजनीतिक प्रभाव से मुक्त रखने में सक्षम होंगे। उनका उद्देश्य शिक्षा को राजनीतिकरण से बचाकर राज्यहित एवं शिक्षा हित में सकारात्मक सुधार लाना था। हालांकि सरकार ने जयराम महतो के इस संशोधन प्रस्ताव को खारिज कर दिया। इसे लेकर विधायक महतो ने सवाल उठाया कि आदिवासी और मूलनिवासी समुदायों को प्रतिनिधित्व देने में सरकार को इतनी परेशानी क्यों होती है। इस मुद्दे की जानकारी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी के मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो द्वारा 27 अगस्त को दी गई।

# यूरिया खाद पहुंचने की सूचना पर उमड़े किसान

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय में बुधवार की सुबह एक ट्रक पर 600 बोरा यूरिया खाद पहुंची। सूचना मिलते ही विभिन्न इलाकों से किसान प्रखंड मुख्यालय पहुंचने लगे। देखते ही देखते किसानों की भारी भीड़ जमा हो गई। किसान खाद बीज दुकानों पर जमा हो गए। वहां अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। भीड़ को देखते हुए उसकी जानकारी अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक को दी गई। साथ ही पुलिस बल की व्यवस्था करने की मांग की गई। किसानों की भारी भीड़ को देखते हुए अंचलाधिकारी ने दुकानदारों को गुरुवार को खाद वितरण का निर्देश दिया। उसके बाद भी किसान तत्काल खाद का वितरण करने की मांग करने लगे। दुकानदार सुनील मेहता ने बताया कि किसानों को थोड़ी देर के लिए संयम जरूर रखना चाहिए। दुकान में खाद आ गयी है तो उन्हें अवश्य मिलेगी। दुकानदार मिथिलेश और बबलू ने बताया कि सीओ के निर्देश पर गुरुवार को खाद का वितरण किया जाएगा। खाद लेने के लिए किसान विनोद गुप्ता, मनोज प्रसाद, रामचंद्र सिंह, उदय राम, रामसागर राम, सुरेंद्र गुप्ता, देवराज सिंह आदि पहुंचे थे।

### बेलकपी में बिजली कार्य का जीर्णोद्धार शुरू

# मुखिया ललिता देवी ने नारियल फोड़ कर किया शुभारंभ



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बेलकपी पंचायत में बुधवार को सी.के. एंटरप्राइजेज द्वारा बिजली कार्य का जीर्णोद्धार शुरू किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया ललिता देवी ने नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी धीरेंद्र पांडेय और प्रोपराइटर सी के पंडित शामिल थे। झारखंड आंदोलनकारी धीरेंद्र पांडेय ने बताया कि बेलकपी के विभिन्न गांवों में नई लाइन बिछाने, जर्जर तार और पोल बदलने का कार्य किया जाएगा। वहीं प्रोपराइटर क्या ने कहा कि प्रखंड के अन्य पंचायतों में भी बिजली समस्याओं का समाधान किया जा रहा है और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में आए सभी लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कंपनी के अकाउंटेंट राजा पंडित ने बताया कि बिजली कार्य में बिहार, बंगाल, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों के कुशल कारीगर लगे हुए हैं।मौके पर राहुल कुमार पंडित, रवि गोस्वामी, सुनील साव, किशोर साव, पंकज कुमार, नंदू राणा, अर्जुन ठाकुर, हीरालाल नायक, मनीष कुमार, बबलु पांडेय, बिरजू समेत कई लोग उपस्थित थे।

# 24 घंटे निर्जला रहकर सुहागिनों ने किया हरितालिका तीज व्रत

नवीन मेल संवाददाता



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की प्राप्ति और पति की दीर्घायु की कामना को लेकर हरितालिका तीज का व्रत धूमधाम से किया। परंपरा के अनुसार महिलाओं ने निर्जला उपवास रखकर भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की।सुबह से ही महिलाएँ पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी नजर आईं। कई महिलाओं ने अपने घरों में तो कई ने शिवालयों और मंदिरों में जाकर पूरे विधि-विधान से भगवान शिव-पार्वती की आराधना की। पूजा के दौरान सुहागिनों ने भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की कथा सुनी। इस अवसर पर पुरोहितों द्वारा हरितालिका तीज व्रत की महत्ता और पार्वतीजी द्वारा किए गए तप की कथा सुनाई गई। पूरे दिन निर्जला उपवास रखने के बाद सुहागिनों ने दिन और रात में दो बार विशेष पूजा-अर्चना की। व्रती महिलाओं ने भक्ति गीत गाकर और शिव-पार्वती के भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कई स्थानों पर सामूहिक रूप से भी सुहागिनों ने आरती की। बुधवार की सुबह महिलाएँ पारण कर व्रत को समाप्त की तथा श्रद्धा भाव के साथ पुरोहितों को दान दिया। मान्यता है कि इस व्रत को करने से पति की आयु लंबी होती है और दांपत्य जीवन सुखमय रहता है। गांवों में महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। हर तरफ व्रत से जुड़े गीत, पारंपरिक रीतियां और पूजा-पाठ की गूंज सुनाई दे रही थी, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया।

## इचाक में हाथी ने मकान को किया ध्वस्त, महिला घायल

**इचाक ।** प्रखंड अंतर्गत दरहा पंचायत के बभनी बांका गांव में हाथी ने मंगलवार की देर रात आठ बजे जमकर उत्पात मचाया। इसके बाद ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। लोग जान बचाने के मकसद से घरों से निकल कर इधर-उधर भागने लगे। इसी दौरान हाथी मणिलाल मांझी के घर का दरवाजा ढहाते हुए अंदर प्रवेश करने की कोशिश की। किंतु घर छोटा होने के कारण गजराज अंदर नहीं जा सके। हाथी द्वारा घर गिराए जाने से दीवार का मलबा गिरने से मणिलाल उर्फ बाबूलाल मांझी की पत्नी 48 वर्षीय फूलो देवी घायल हो गई। उसके सिर में चोट आई है। ग्रामीण युवक छोटे रविदास ने बताया कि हाथी खेतों में लगा धान, मक्का, अरहर और मूंगफली की फसल को रौंदकर बर्बाद कर किया। इससे लोगों में डर समाया हुआ है। हाथी के आने की सूचना वन कर्मियों को दिया।

### पशुपालकों को नहीं मिल रही है 1962 की सेवा, कर्मी हड़ताल पर

# तीन माह से पारा पाइलेट को वेतन नहीं निर्धारित दर से कम मिल रहे हैं पैसे

नवीन मेल संवाददाता




**बरही ।** बीते एक अगस्त से पारावेट और पारा पाइलेट हड़ताल पर हैं. जिसके कारण पशुपालकों को दी जा रही 1962 की सेवा पूरी तरह बंद है. इससे पशुपालकों को न केवल परेशानी उठानी पड़ रही है बल्कि पशुधन का भी हानि हो रहा है. जानकारी के अनुसार इन पाराकर्मियों का वेतन पिछले 3 माह से नहीं मिला है. कई पारा वेट कर्मियों को प्रतिदिन 25 से 30 किमी की दूरी तय करके अपनी ड्यूटी पर जाना पड़ता है. वेतन नहीं मिलने से यह सभी कर्मी आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं. पारा वेट कर्मियों का आरोप है कि भारत सरकार के पशुपालन सह डेयरी विभाग के संयुक्त सचिव के निर्देशानुसार पारा वेट कर्मी का वेतन 18 से 20 हजार रुपए प्रति माह है. परंतु नियोक्ता कंपनी ईएमआरआई ग्रीन/कैरोस ने उनलोगों को मात्र 10 से 12 हजार रुपए ही अनियमित रूप से भुगतान करते हैं. उनलोगों को कंपनी ने अब तक ज्वाइनिंग या आईडी कार्ड तक नही दिया है. अनावश्यक रूप से वेतन काटा जाता है. पारा कर्मियों ने नियमित निर्धारित वेतन, नियुक्ति व आईडी कार्ड सहित सेवा वर्ष 60 साल तक करने का निर्णय लिया है. जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती है, तब तक उनलोगों का हड़ताल जारी रहेगा. मामले के संबध में नियोक्ता कंपनी से बात नही होने के कारण उनका पकागा नही लिया जा सका है.

**बंद है 1962 की सेवा, टेलीमेडिसिन से हो रहे हैं इलाज : डॉ अमन :** इस संबध में बरही पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमन कुमार ने बताया कि फिलहाल 1962 की चलंत एम्बुलेंस सेवा बंद है. परंतु कॉल करने पर पशुपालकों को टेली मेडिसिन की सेवा दी जा रही है.

### सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत 12वां जत्था रेलीगढ़ा से हुआ रवाना

# बुजुर्गों के तीर्थाटन का सपना हो रहा है साकार : सांसद



**रामगढ़ ।** सांसद मनीष जायसवाल द्वारा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए बुजुर्गों के तीर्थाटन के लिए संचालित सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत 12 वें तीर्थयात्रियों का जत्था मांडू विधानसभा क्षेत्र के डाडी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शिव मंदिर, रेलीगढ़ा से रवाना हुआ। इस जत्थे में रेलीगढ़ा पश्चिमी पंचायत के कुल 65 तीर्थयात्री शामिल हैं जिसमें 60 तीर्थयात्रियों और 05 भाजपा के कार्यकर्ता शामिल हैं । सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के 12 वें जत्थे के रवानगी के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल शामिल हुए और सांकेतिक रूप से पांच तीर्थयात्रियों का पाँव पाखरा और पुष्पवर्षा कर उन्हें उत्तरप्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थस्थल राम जन्मस्थली अयोध्या, काशी, प्रयागराज (संगम) और विंध्याचल दर्शन के लिए रवाना किया। यहां पंहुचने पर स्थानीय लोगों ने सांसद मनीष जायसवाल सहित अन्य अतिथियों का तासे के गूंज के साथ नारे- जयकारे लगाते हुए जबरस्त स्वागत किया । मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि सनातन धर्म में तीर्थ यात्रा का विशेष महत्व है और हर लोग अपने अंतिम अवस्था में तीर्थ स्थलों का दर्शन की चाह रखता है। ऐसे में अनेकों बुजुर्गों के समक्ष यात्रा में कोई न कोई बाधा उत्पन्न हो जाता है और उनकी चाह पूरी नहीं हो पाती है। ऐसे में यह सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान बुजुर्गों के सपने को साकार कर रहा है और उनकी तीर्थ दर्शन यात्रा की चाहत भी बखूबी पूरी हो रही है। उक्त अवसर पर विशेषरूप से पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नु गोप, अमरेंद्र गुप्ता, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, मांडू भाजपा मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, मांडू विधानसभा क्षेत्र की मीडिया प्रतिनिधि रीमा कुमारी, मांडू सांसद प्रतिनिधि विवेक गुप्ता, भाजपा जुगनू सिंह, करुण सिंह, सतीश सिंह, प्रवीण सिंह, पिंकू देवी, सुरेश प्रसाद केशरी दिनेश यादव, कृष्णा राम सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

# दिन दहाड़े शिक्षिका के गले से चेन छीनकर अपराधी हुए फरार

नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** बुधवार को एक बार गले से चेन छीने जाने की घटना सामने आई है. साधनापुरी निवासी सुनील कुमार ने बताया कि घटना 3.30 बजे की है. डीएवी स्कूल की शिक्षिका निशा कुमारी अपने स्कूल से आवास साधनापुरी जा रही थी. इसी क्रम में बाईक सवार अज्ञात युवक ने उनके गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गया. जब तक वह शोर मचाती अपराधी फरार हो चुका था. उन्होंने आम लोगो से सतर्क और सजग रहने की बात कहते हुए पुलिस प्रशासन से अपराधियों पर अंकुश लगाने का अपील किया है. ज्ञात हो कि अभी कुछ हीं दिन पहले बरही के एक युवा दवा व्यवसाई के गले से चेन छीनने और व्यवसाई कृष्णा गुप्ता की मां से लाखों के कंगन ठगी से लोग हतप्रभ थे. लगातार बढ़ते अपराध की घटना से लोग चिंतित हैं. बरही वासियों ने पुलिस प्रशासन से छिनतई और चोरी जैसे अपराध पर अंकुश लगाने की मांग किया है. बरही पुलिस की अपील : थाना प्रभारी ने आम लोगों से अपील किया है कि अपने आस पास में रहने या दिखे जाने वाले संशंकित, अज्ञात और नए व्यक्तियों की तत्काल सूचना पुलिस को दें. सक्षम व्यक्ति सीसीटीवी लगाए. सतर्क और सजग रहे. पुलिस अपराधियों के पकड़ने की हर संभव प्रयास कर रही है. अपराधी शीघ्र हीं पकड़े जाएंगे. अपराधी पकड़ने में पुलिस का सहयोग करें.

## सूईयाडीह में करमा पर्व मनाने को लेकर बैठक

**गिद्दी।** सूईयाडीह गांव में करमा पर्व मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक बुधवार को मंजही अखड़ा में हुई। बैठक में उपस्थित लोगों ने कर्मा महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। साथ ही इसे सफल बनाने के लिए 17 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें दीपक टुडू अध्यक्ष, संदीप किस्कू सचिव, गोबिंद टुडू कोषाध्यक्ष चुने गए। इसके अलावे विकाश टुडू, तालो टुडू, विनय टुडू, रवि किस्कू, संजुल टुडू, अमित हेंब्रम, चंदन मुर्मू कार्यकारिणी सदस्य चुने गए।

### श्री गुरु तेगबहादुर साहिब जी के 350 वें शहीदी नगर कीर्तन आज रामगढ़ में

# गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कार्यक्रम में शामिल होने की सभी से अपील की

नवीन मेल संवाददाता

- **स्वर्गीय गुरदित सिंह जौली भूपेंद्र सिंह जौली के यहां से रामगढ़ की सीख साध संगत नगर कीर्तन का रूप लेकर सबद कीर्तन करते हुए सुभाष चौक पहुंचेगी**



**रामगढ़।** रामगढ़ में श्री गुरु तेगबहादुर साहिब जी के 350 वें शहीदी नगर किर्तन का रामगढ़ में भव्य स्वागत होगा। इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने बताया कि यात्रा रांची होते हुए रामगढ़ पहुंच रही है। यात्रा रामगढ़ की बिजुलिया स्थित स्वर्गीय गुरदित सिंह जौली भूपेंद्र सिंह जौली के यहां से रामगढ़ की सीख साध संगत नगर कीर्तन का रूप लेकर सबद कीर्तन करते हुए सुभाष चौक पहुंचेगी। सुभाष चौक के सामने मंदिर के बगल में स्वागत किया जाएगा तथा आए हुए श्रद्धालुओं के लिए चाय नाश्ते का प्रबंध किया गया है। रामगढ़ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सभी साथ संगत को इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। यहां से फिर यात्रा हजारीबाग के लिए रवाना हो जाएगी।

# नाली-सफाई की नहीं है मुकम्मल व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट भी खराब

**हजारीबाग ।** हजारीबाग शहर का रामनगर वार्ड संख्या 23 नगर निगम क्षेत्र में शामिल तो कर लिया गया, लेकिन यहां के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। लंबे समय से मोहल्लेवासी कई बार शिकायतें कर चुके हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान अब तक नहीं हुआ है। सबसे बड़ी समस्या यहां सड़क और नाली व्यवस्था की है। पूरे वार्ड में कहीं भी पक्की नाली नहीं बनी है। इसके कारण घरों का गंदा पानी सीधे सड़क पर बहता है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। सड़कें दलदल में बदल जाती हैं और लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ती है। बच्चे स्कूल जाने से डरते हैं और बुजुर्गों का घर से निकलना भी मुश्किल हो जाता है। बिजली की व्यवस्था भी यहां बेहद खराब है। वार्ड में लगे तार पुराने और जर्जर हो चुके हैं। कई जगहों पर तार खुले लटकते रहते हैं। लोग भय के साये में जी रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग से कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक इन तारों को बदला नहीं गया है। बच्चों को खेलने से रोका जाता है, क्योंकि जरा सी लापरवाही से उनकी जान पर खतरा मंडरा सकता है। नगर निगम में शामिल हुए वर्षों बीत गए, लेकिन आज तक मोहल्ले में स्ट्रीट लाइट नहीं लग पाई है। रात होते ही पूरा इलाका अंधेरे में डूब जाता है। खासकर महिलाओं को अंधेरे में घर से निकलने में काफी परेशानी होती है। स्थानीय लोग बताते हैं कि अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व सक्रिय रहते हैं। आए दिन महिलाओं और राहगीरों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। रास्ते पर अतिक्रमण की समस्या भी यहां विकराल रूप ले चुकी है। कई जगहों पर लोगों ने सड़क किनारे और बीच रास्ते में कब्जा कर घर बना लिया है।

# न्यूज बॉक्स

## वक्रतुंड महाकाय कोटि सूर्य समप्रभ मंत्रोच्चार के साथ गणपति बप्पा का पूजा शुरू



**बरकट्ठा।** वक्रतुंड महाकाय कोटि सूर्य समप्रभ मंत्रोच्चारण के साथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर गणपति पूजा हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाई जा रही है इस निमित बरकट्ठा, न्यू बेलकपी, शिलाडीह, लगनवा सहित कई स्थानों पर श्रद्धालु उत्साहपूर्वक पूजन-अर्चन में शामिल हो रहे हैं। वहीं लगनवां में हो रहे पूजा के समिति अध्यक्ष कार्तिक करण देव ने कहा कि लगनवा और न्यू बेलकपी में इस वर्ष पहली बार गणपति पूजा का आयोजन किया जा रहा है, जहाँ स्थानीय युवाओं एवं ग्रामीणों ने मिलकर भव्य सजावट एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया है। श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। पूजा समिति अध्यक्ष उत्तम कुमार नायक ने कहा कि गणेश उत्सव केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक है। सभी ग्रामवासी मिल-जुलकर इस आयोजन को सफल बना रहे हैं।पूरे क्षेत्र में भगवान गणेश के भक्ति गीतों और जयकारों के बीच भक्तिमय माहौल बन गया है। श्रद्धालु उत्साहपूर्वक गणपति बप्पा की आराधना कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। इस मौके पर पूजा समिति सचिव अजीत बर्नवाल, कोषाध्यक्ष अंशु कुमार, समाजसेवी संजय साव, सुरेश नायक, किशोर साव, अर्जुन साव, राजकुमार तिवारी, विजय राम, संजय कुमार, पंकज कुमार, मुन्ना नायक, अमित साव समेत कई महिला पुरुष पूजा में शामिल हुए।

## मशहूर शायर व शिक्षा प्रेमी के जनाजे में शामिल हुए अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के पदाधिकारी



**बरही।** चौपारण प्रखंड के चयकला निवासी समाजसेवी व शिक्षाप्रेमी तथा क्षेत्र के मशहूर शायर मो एहतेशाम उद्दीन मुज़्तर उल कादरी उर्फ मुज़्तर के जनाजे में भीड़ उमड़ पड़ी. जनाजे में अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के बरही विस अध्यक्ष मो कयूम अंसारी, मीडिया प्रभारी तौकीर रजा सहित कई लोग शामिल हुए. मीडिया प्रभारी ने बताया कि अपने जीवन में शिक्षा का अलख जगाने वाले और समाज कल्याण कार्यक्रम में हमेशा बढ़चढ़कर हिस्सा लेने वाले महरूम के इंतकाल की खबर मिलते ही पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई. वह इस इलाके के जाने माने शायर भी थे. जिन्हे प्रायः जलसा व मिलाद आदि कार्यक्रमों में बुलाया जाता था. उनका बड़े बेटे मौलाना हेलाल मुखिया प्रतिनिधि हैं. छोटे पुत्र मुफ्ती लोगों को इस्लामिक शिक्षा दे रहे हैं. इस मौके पर अध्यक्ष मो कयूम में बताया कि नेक दिल इंसान महरूम मुज़्तर को अल्लाह जन्नत फरमाए. जनाजे में प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रज़ा, पूर्व मुखिया छोटन ठाकुर, बीरबल साहू, मो ताहीर, पूर्व प्रमुख मौलाना कफील कैफ़ी आदि सहित कई लोग शामिल हुए.

## नगर कीर्तन शोभायात्रा आज पहुंचेगी हजारीबाग, तैयारियां पूरी

**हजारीबाग।** सिख संगत के तत्वावधान में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस पर निकाली जा रही भव्य नगर कीर्तन शोभायात्रा 28 अगस्त को दोपहर में रांची-रामगढ़ होते हुए हजारीबाग पहुंचेगी। हजारीबाग गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने इस ऐतिहासिक नगर कीर्तन के स्वागत की तैयारियां जोरों पर है। यात्रा बुढ़वा महादेव आनंदा चौक होते हुए मुख्य मार्गों से गुजरते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा पहुंचेगी। यहां शबद-कीर्तन का विशेष आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष परमवीर सिंह कालरा, उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह गांधी, नितिन बावा,सचिव आनंद राज सिंह कालरा, कोषाध्यक्ष कुलतार सिंह लाम्बा, सह कोषाध्यक्ष जसमीत सिंह, मीडिया प्रभारी रोहित बजाज ने बताया कि यह यात्रा गुरुद्वारा परिसर में पहुंचकर कीर्तन और अरदास से संगत को निहाल करेगी।

## स्कूल की बालिकाओं ने शतरंज में जोनल स्तर पर जीता कांस्य पदक

**रामगढ़।** टाटा डीएवी पब्लिक स्कूल चैनपुर की बालिका वर्ग अंडर-14 की टीम ने अपनी प्रतिभा के बल पर जोनल स्तर की शतरंज प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय तथा क्षेत्र का मान बढ़ाया। यह प्रतियोगिता डीएवी पब्लिक स्कूल गांधीनगर, रांची में आयोजित हुई थी। जिसमें क्लस्टर-1 से क्लस्टर-8 तक के विजयी खिलाड़ी शामिल हुए। इस स्तर की प्रतियोगिता में डीएवी चैनपुर के साथ-साथ डीएवी रजरप्पा, डीएवी लोहरदगा, डीएवी सरिया, डीएवी बरियातू, डीएवी जामाडोबा, डीएवी सेक्टर-4 बोकारो, डीएवी बिस्टुपुर आदि नामचीन विद्यालयों के खिलाड़ी भी मैदान में उतरे थे। कड़े और रोमांचक मुकाबलों में डीएवी चैनपुर की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। टीम में आरूही कुमारी, तृप्ति शर्मा, रिशाज सलीम और अवनि कुमारी ने दमदार खेल दिखाते हुए यह सफलता अर्जित की। विद्यालय के प्राचार्य तारकेश्वर कुमार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी बालिकाओं ने साबित कर दिया है कि प्रतिभा किसी सीमा की मोहताज नहीं होती। यह कांस्य पदक उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और एकाग्रता का परिणाम है। विद्यालय परिवार को इन पर गर्व है। टीम की मार्गदर्शक एवं शतरंज कोच शिक्षक भूपेंद्र सहाय ने कहा कि छात्राओं ने जिस निष्ठा और लगन से तैयारी की, वही उनकी सफलता की कुंजी बनी।

## स्कूल में स्वर्गीय शिबू सोरेन को लेकर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन

**रामगढ़।** हॉली क्रॉस स्कूल, घाटोटांड में बुधवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं दिशोम गुरु के नाम से विख्यात स्वर्गीय शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना सत्र एवं विद्यालय के कोयर दल ने मधुर प्रार्थना गीत से किया। इसके उपरांत बहनों एवं शिक्षकों ने पुष्प अर्पित कर दिवंगत नेता को अपनी श्रद्धांजलि दी। विद्यार्थियों ने स्व. शिबू सोरेन का विस्तृत जीवन-वृत्त प्रस्तुत किया, जिसमें उनके जीवन संघर्ष, उपलब्धियां तथा समाज के प्रति उनके योगदान का विशेष उल्लेख किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की, जिसमें झारखंड राज्य के निर्माण, आदिवासी समाज की एकता तथा स्व. शिबू सोरेन के विचारों व संघर्षों को सजीव रूप में दर्शाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर सेलीना ने अपने उद्बोधन में स्वर्गीय शिबू सोरेन के झारखंड पर पड़े गहन प्रभाव को रेखांकित किया। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे उनसे प्रेरणा लेकर साहस, समर्पण, परिश्रम एवं अटल संकल्प को अपने जीवन का आदर्श बनाएं। कार्यक्रम का समापन स्व. शिबू सोरेन की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर तथा राष्ट्रीय गान के सामूहिक गायन के साथ हुआ।



## सिमडेगा में पांच दिवसीय गणेश महोत्सव का शुभारंभ

# भव्य पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर सिमडेगा शहर में मंगलवार से पांच दिवसीय गणेश महोत्सव का भव्य आगाज़ हो गया है। इस दौरान शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से लेकर गली-मोहल्लों तक आकर्षक पंडाल सजाए गए हैं और गणपति बप्पा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है।शहर के प्रिंस चौक स्थित नव ज्योति नवयुवक संघ की ओर से इस बार विशेष तैयारी की गई है। यहां आकर्षक विद्युत सज्जा से युक्त विशाल पंडाल का निर्माण किया गया है तथा उड़ीसा से लाई गई भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। प्रतिमा स्थापना के अवसर पर आचार्य श्यामसुंदर मिश्र ने विधिवत पूजा-अर्चना कर महोत्सव की शुरुआत कराई।वहीं, सिमडेगा नगर भवन में हिंदू यूथ क्लब की ओर से भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। इस पंडाल की विशेषता यह है कि यहां मां दुर्गा की गोद में भगवान गणेश विराजमान हैं, जो श्रद्धालुओं के लिए अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहे हैं।इसके अलावा टाउन राम जानकी मंदिर में भी गणपति प्रतिमा की स्थापना की गई है। यहां बंगाल के कारीगरों द्वारा निर्मित प्रतिमा स्थापित की गई है। पूजा-अर्चना का दायित्व आचार्य वासुदेव गौतम संभाल रहे हैं।शहर के यूथ कॉम्बिनेशन गुलजार गली में इस बार एक अलग हटकर पहल देखने को मिल रही है। यहां बाल गणेश की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है, जो अपनी अद्वितीय शैली और आकर्षण से लोगों का मन मोह रही है। वहीं, नीचे बाजार स्थित नवयुवक संघ द्वारा भी भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जा रही है।शहर के भवानी कॉलोनी सहित विभिन्न गली-मोहल्लों और घरों में भी श्रद्धालुओं ने प्रथम पूज्य गणपति की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धा एवं उल्लास के साथ पूजा आरंभ कर दी है।

### कुरडेग प्रखंड में धूमधाम से मनाया जा रहा गणेश पूजा उत्सव

कुरडेग। गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूरे कुरडेग प्रखंड में भक्ति और उल्लास का माहौल है। बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित उमामहेश्वर महावीर मंदिर में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और गणपति बप्पा के जयघोष से वातावरण गूंज उठा।प्रखंड के बड़की बिउरा, गड़ियाजोर, खालीजोर, कसडेगा और कुटमाकछार सहित कई गांवों में भी गणेश पूजा उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। जगह-जगह आकर्षक पंडाल सजाए गए हैं और भक्तगण श्रद्धा भाव से भगवान गणेश की आराधना कर रहे हैं।गांव-गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और भक्ति गीतों के आयोजन ने उत्सव की रौनक को और बढ़ा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि गणपति उत्सव सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश देता है।

## बरसलोया में धूमधाम से मनाई गई गणेश चतुर्थी

# पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ भजन-कीर्तन से गूंजा गांव

**नवीन मेल संवाददाता**




**कोलेबिरा।** प्रखंड के ग्राम बरसलोया में गणेश पूजा समिति (शिवाजी क्लब बरसलोया) द्वारा इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी का पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर राम जानकी मंदिर मंडप में भगवान सिद्धिविनायक की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। गणपति बप्पा के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा गांव भक्तिमय माहौल में डूबा रहा।पूजा-अर्चना का दायित्व पुरोहित पवन शर्मा ने संभाला। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान गणेश की पूजा कराई। प्रतिमा स्थापना के बाद श्रद्धालुओं के लिए दर्शन और पूजन हेतु पंडाल खोल दिया गया। पूरे गांव में चहल-पहल और उत्सव का माहौल देखने को मिला वहीं गुरुवार की रात बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी।इस अनुष्ठान में अभिषेक कुमार साहू, दीपक साहू, चंदन कुमार साहू, धनेश राम, अमित सिंह, रोहित सिंह, बॉबी कुमार बड़ाई, रूपेंद्र साहू, राहुल सोनी, शुभम साहू, आनंद साहू, अभिषेक सोनी, अविनाश पंडा, रमेश राम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और युवा शामिल हुए।

# बस से गांजा तस्करी का पर्दाफाश बिहार निवासी तस्कर गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक सिमडेगा ने अपने गोपनीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि पुलिस ने बांसजोर चेकनाका में चलाए गए अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। एसपी ने बताया कि 26 अगस्त को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि राउरकेला से रांची की ओर सिमडेगा मार्ग से अवैध गांजा की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमडेगा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने बांसजोर में चेकनाका लगाकर सघन वाहन जांच शुरू की।जांच के क्रम में सुबह करीब 11:30 बजे राउरकेला से रांची की ओर जा रही मंत्री बस (रजिस्ट्रेशन नंबर JH 01 CB 1708) को रोका गया। बस की तलाशी के दौरान एक यात्री से संदिग्ध बैग बरामद किया गया। जब बैग की जांच की गई तो उसमें पांच पैकेटों में पैक किया हुआ कुल 8.028 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान विरेन्द्र ओझा (उम्र 52 वर्ष), पिता- लक्ष्मण ओझा, निवासी- बन्धपा, थाना- अकोढ़ीगोला, जिला- रोहतास, बिहार के रूप में हुई।एसपी ने बताया कि मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया तथा बरामद गांजा एवं बस को जप्त कर लिया गया। इस संबंध में जलडेगा बांसजोर ओपी थाना कांड संख्या 57/25, दिनांक 26.08.25, धारा 20(b)(ii)(B) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।उन्होंने आगे कहा कि पुलिस मादक पदार्थों की अवैध तस्करी के खिलाफ लगातार सघन अभियान चला रही है और ऐसे अपराधों में संलिप्त लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही आम जनता से अपील की कि वे भी इस तरह की गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समाज में नशे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# सरकारी कर्मियों की सेवानिवृत्ति 62 वर्ष करने की मांगों पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

- **31 अगस्त 2025 (रविवार) को जिला स्तरीय संघ शक्ति समागम आयोजित किया जाएगा।**
- **समागम में सभी विभागों के सरकारी कर्मियों से भागीदारी का आह्वान किया गया है।**
- **इस कार्यक्रम के माध्यम से झारखंड सरकार पर चार्टर ऑफ डिमांड को लागू कराने का दबाव बनाया जाएगा।**

**सिमडेगा।** झारोटेफ सिमडेगा जिला कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को डाकबंगला परिसर में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 31 अगस्त 2025, रविवार को झारोटेफ का जिला स्तरीय संघ शक्ति समागम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिले के सभी विभागों के सरकारी कर्मियों से भागीदारी का आह्वान किया गया है।बैठक में बताया गया कि इस समागम के माध्यम से झारखंड सरकार से संघ के चार्टर ऑफ डिमांड को पूरा कराने के लिए दबाव बनाया जाएगा। इसमें प्रमुख मांगों में सरकारी कर्मियों की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष करना,शिक्षकों को अन्य विभागों की तरह एसीपी/एमएसीपी का लाभ देना,सभी जिलों में परिवहन भत्ता लागू करना,एनपीएस से अंशदान की वापसी सुनिश्चित करना,शिशु शिक्षण भत्ता सहित अन्य सुविधाएँ प्रदान करना शामिल है।बैठक में संगठन के पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इनमें सचिव संजय मुकुट बिलुंग, उपाध्यक्ष प्रभात कुल्लू, मीडिया प्रभारी अरुण कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव अजित तिर्की, उपाध्यक्ष नरेश कुमार, अनिल कुमार सहित अन्य सदस्य शामिल थे।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता ने की।

## न्यूज बॉक्स

### सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष आनंदकण साहू का निधन, शिक्षकों में शोक



**सिमडेगा।** उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डूमरटोली के सहायक अध्यापक एवं सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष आनंदकण साहू का असामयिक निधन हो गया। वे इलाज के क्रम में रिम्स रांची में मंगलवार रात्रि लगभग 2:30 बजे चल बसे। उनके निधन से शिक्षकों के बीच शोक की लहर व्याप्त हो गई है।बुधवार को अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा ने गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि साहू विनम्र स्वभाव के कर्मठ शिक्षक थे, जो प्रखंड स्तर के हर कार्य में सक्रिय रहते थे। उनकी कमी को लंबे समय तक पूरा नहीं किया जा सकेगा।जिला अध्यक्ष ने दिवंगत शिक्षक के परिवार को ढांढस बंधाते हुए अंतिम संस्कार हेतु सहयोग राशि भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि यह क्षति पूरे शिक्षक समाज के लिए अपूरणीय है।श्रद्धांजलि देने वालों में नौशाद परवेज, अभिषेक रंजन, सुलेंदर साहू, नवीन खेस, मो. उजैर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और परिवार को इस दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### तामड़ा चिकसुरा में विवेक एचपी फ्यूल टैंक का उद्घाटन



**सिमडेगा।** प्रखंड क्षेत्र के तामड़ा चिकसुरा में बुधवार को विवेक एचपी फ्यूल टैंक का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पाकरटांड़ प्रमुख रजत लकड़ा ने फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर फ्यूल पंप के मालिक राम हरि प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि भूषण राम, सत्येंद्र प्रसाद समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों और आमजनों की भीड़ उमड़ी। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस पंप के शुरू हो जाने से क्षेत्रवासियों को अब पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति के लिए दूरस्थ स्थानों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों ने कहा कि इस तरह की सुविधाएं ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए बेहद आवश्यक हैं।

### कोलेबिरा के विधायक आदिवासी जनता के भरोसे के गुनहगार: अमृत चिराग तिर्की

**सिमडेगा।** भारत आदिवासी पार्टी ने विधानसभा के मानसून सत्र में आदिवासी अधिकारों पर चर्चा न होने को लेकर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी को कठघरे में खड़ा किया है। जिला अध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की ने आरोप लगाया कि जिन विधायकों को जनता ने अपनी आवाज़ बनने के लिए चुना था, वे सत्ता के दबाव में मौन बैठे हैं।उन्होंने कहा कि सरकार पाँचवीं अनुसूची और पेशा कानून की अवहेलना कर रही है। नई शराब नीति 2025 अनुसूचित क्षेत्रों को बर्बाद करने की साजिश है, जबकि सीएनटी एक्ट की धज्जियाँ उड़ाकर जमीन की लूट जारी है। अनुसूचित क्षेत्रों में नगर परिषद का संचालन संविधान के अनुच्छेद 243-ZC का उल्लंघन है और भूमि बैंक कानून के जरिए आदिवासी जमीन कॉरपोरेट घरानों को सौंपने की योजना है।अमृत चिराग तिर्की ने सवाल किया कि ऐसे गंभीर मुद्दों पर दोनों विधायक चुप क्यों हैं? उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शराब नीति, भूमि बैंक कानून और अवैध शहरीकरण वापस नहीं लिया तो पार्टी सड़क से लेकर सदन तक उग्र आंदोलन करेगी और मौन जनप्रतिनिधियों को जनता के बीच जवाबदेह बनाएगी।

### खनन विभाग ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर किया जब्त

**सिमडेगा।** जिले में अवैध बालू खनन पर रोक लगाने की कार्रवाई तेज कर दी गई है। इसी क्रम में बुधवार को खनन विभाग की टीम ने सिमडेगा हलवाई नदी के डायवर्सन के पास से अवैध रूप से बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया। विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग नदी से चोरी-छिपे बालू निकालकर ट्रैक्टर के माध्यम से परिवहन कर रहे हैं। सूचना के आधार पर छापेमारी की गई और ट्रैक्टर को पकड़कर अग्रतर कार्रवाई हेतु सदर थाना को सुपुर्द कर दिया गया।खनन निरीक्षक ने बताया कि एनजीटी के निर्देशानुसार जिले की नदियों से 15 अक्टूबर तक बालू उठाव पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद कई स्थानों पर अवैध खनन जारी है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।गौरतलब है कि जिले में निर्माण कार्यों के लिए बालू की मांग अधिक है, जिसका फायदा उठाकर कुछ लोग चोरी-छिपे बालू निकालकर मोटे दाम पर बेचते हैं। विभाग ने ऐसे लोगों को चेतावनी दी है कि भविष्य में यदि अवैध खनन या परिवहन करते पकड़े गए, तो ट्रैक्टर-वाहन जब्ती के साथ-साथ जुर्माना और जेल की कार्रवाई भी की जाएगी।

### शिक्षक दिवस पर खेल समिति कराएगा हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन

**बानो।** बानो प्रखंड क्षेत्र के सिम्हातु पंचायत अंतर्गत जाम टोली जितुटोली मैदान में इस वर्ष भी शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर चार दिवसीय हॉकी महाकुंभ 2025 का आयोजन किया जा रहा है। खेल समिति जामटोली के तत्वावधान में होने वाला यह आयोजन 2 सितंबर से 5 सितंबर 2025 तक चलेगा।आयोजन समिति ने जानकारी दी कि खेल में प्रवेश शुल्क 2000 रखा गया है। इच्छुक टीमें नामांकन कर प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकती हैं। टीमों के रहने की व्यवस्था समिति की ओर से की जाएगी। मुखिया लोरेन्स बागे ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच 2 सितंबर की सुबह 7 बजे से खेला जाएगा। उद्घाटन मैच के विजेता को विशेष पुरस्कार के रूप में फ्री में खस्सी देकर सम्मानित किया जाएगा, वहीं उपविजेता टीम को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।

# शिक्षक के घर मे मिला महिला का झूलता हुआ शव,बेटी ने लगाया अवैध संबंध का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के परकला में मंगलवार शाम को एक सरकारी शिक्षक के घर में पुलिस ने फांसी के फंदे पर लटकता विधवा महिला का शव बरामद किया। मृतका महिला की पहचान मरंजनी तिग्गा उम्र 48 वर्ष, निवासी खिण्डा पकरीटोली थाना कुरडेग के रुप में हुई ।जानकारी के अनुसार सरकारी शिक्षक आनन्द तिर्की जब स्कूल से ड्यूटी कर 3:30 अपने घर पहूंचा तब घर के अन्दर रूम में पंखा में दुपट्टा से लटका हुआ महिला को देखा।इसके बाद 6:30 बजे शाम को पुलिस को सूचना शिक्षक ने दी।सूचना पाकर तत्काल कुरडेग पुलिस मौके पर पहूंची और शव को उतारा। बुधवार सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेजा। मृतका की बेटी ज्योति तिग्गा ने थाना में दिये आवेदन में शिक्षक पर आरोप लगाया है कि उसकी मां के साथ लंबे समय से अवैध संबंध था। सोमवार शाम को शिक्षक ने मां को बुलाया था।मैं हीं मां को शिक्षक के घर पहुंचाई थी । मंगलवार को शिक्षक के दोस्त के द्वारा 7.30 बजे शाम को बताया कि तुम्हारी मां शिक्षक आनंद तिर्की के घर में फांसी लगाकर मर गई है। युवती द्वारा अपनी मां की मौत की जिम्मेदार शिक्षक आनन्द तिर्की को बताया और उचित कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी श्री संतोष कुमार राय ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है । वही उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया में आत्म हत्या प्रतीत होता है लेकिन पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के असली कारण का पता चलेगा।

# सिमडेगा में पत्नी ने पेड़ से लटककर की आत्महत्या

**सिमडेगा।** सदर थाना क्षेत्र के बड़ा बरपानी पंचायत के कुडरूम गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां पत्नी ने आपसी विवाद के चलते अपने ही घर के पास एक पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान बेंजामिन टेटे की पत्नी रेशमा केरकेट्टा के रूप में हुई है।मृतका के पति बेंजामिन टेटे ने बताया कि रात में किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहा-सुनी हुई थी। सुबह रेशमा शौचालय के लिए घर से निकली और उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी देर तक कॉल करने पर जब संपर्क नहीं हो पाया, तो खोजबीन शुरू की गई। इस दौरान पाया गया कि पास के एक पेड़ में रेशमा ने फांसी लगा ली थी।मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर महिला के शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने इस मामले में छानबीन शुरू कर दी है और आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

# गोंडवाना विकास विद्यालय परिसर में भव्य करम महोत्सव की तैयारी जोर-शोर से शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भादो मास की एकादशी के अवसर पर आयोजित होने वाले करम महोत्सव की तैयारी गोंडवाना विकास विद्यालय सह छात्रावास, अंबेडकरनगर सलडेगा में जोर-शोर से शुरू हो गई है। इस वर्ष भी परंपरा के अनुसार विद्यालय परिसर में 3 सितंबर, दिन बुधवार को भव्य करम परब का आयोजन किया जाएगा।आयोजन की तैयारी की शुरुआत छात्रावास की बहनों द्वारा पारंपरिक विधि-विधान से जावा उठाने के साथ की गई। परंपरा के अनुसार नहाने-धोने के बाद नदी से ताजी बालू लाई गई और सात प्रकार के अनाजों के बीजों को हल्दी पानी के साथ डलसी में बोया गया। जावा को बढ़ाने की प्रक्रिया में सात दिनों तक स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए बालिकाएं प्रतिदिन हल्दी पानी डालेंगी। मान्यता है कि जावा परिवार की सुख-समृद्धि, प्रकृति के प्रति आभार और भविष्य में आने वाली बाधाओं से रक्षा का प्रतीक माना जाता है। जिस बहन का जावा स्वस्थ और तेजी से बढ़ता है, उसे शुभ माना जाता है।विद्यालय परिसर में आयोजित अभिभावक बैठक में भी करम परब की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। जावा उठाने की इस परंपरा में छात्राओं के साथ विद्यालय के शिक्षक राजू मांझी, रघुनाथ मांझी तथा छात्रावास की वरिष्ठ छात्राएँ मौजूद रहीं।गौरतलब है कि करम परब आदिवासी संस्कृति और लोक परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे पूरे उल्लास और आस्था के साथ मनाया जाता है। इस बार भी विद्यालय परिसर में आयोजित होने वाला कार्यक्रम पूरे क्षेत्र के आकर्षण

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में करम पूजा हेतु जावा उठाने का कार्यक्रम संपन्न



सिमडेगा:सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में बुधवार को प्रकृति पर्व करम पूजा के निमित्त जावा उठाने का कार्यक्रम संपन्न हुआ। बहनों ने जलाशय से लाए गए रेत में पूरे विधि-विधान के साथ जावा उठाकर औपचारिक रूप से पूजन विधि की शुरुआत की।इस अवसर पर विद्यालय परिवार और उपस्थित बहनों ने गीत व नृत्य प्रस्तुत कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक ने कहा कि करम पूजा हमें हमारी संस्कृति और झारखंडी पहचान से जोड़ती है। यह पर्व लोक आस्था और क्षेत्र की महान सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।उन्होंने बताया कि आगामी 3 सितंबर (भाद्रपद शुक्ल पक्ष एकादशी) को विद्यालय प्रांगण में करम पूजा पूरे धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य मनोज प्रसाद, सीमा कुमारी, चंपा मांझी, टिकेश्वरी कुमारी, गीता कुमारी समेत अनेक व्रती बहनें उपस्थित थीं।

### नवागांव केवेटांग में 2 सितंबर को करमा महोत्सव

**बानो।** बानो प्रखंड अंतर्गत बिंतुका पंचायत क्षेत्र के वीर शहीद बख्तर साय मुंडल सिंह चौक नवागांव केवेटांग में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी करमा महोत्सव का आयोजन 2 सितंबर, मंगलवार को सुबह 9 बजे से संध्या 5 बजे तक किया जाएगा। इस अवसर पर कर्मा पूर्व संध्या के नाम से विभिन्न मंडलियों द्वारा सामूहिक नृत्य व गीत प्रस्तुत किए जाएंगे। करमा पूजा समिति ने सभी नृत्य एवं गायन मंडलियों से साज-बाज के साथ कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। अधिक जानकारी समिति अध्यक्ष लोधे सिंह, सचिव ललित सिंह व कोषाध्यक्ष चैतू सिंह से प्राप्त की जा सकती है।

## फुटबॉल टूर्नामेंट — एपीजे अब्दुल कलाम फुटबॉल में सेमीफाइनल में पहुंची कमांडो ब्रदर्स रांची

# डॉ. कलाम नॉकआउट टूर्नामेंट सेमीफाइनल में

- **टूर्नामेंट की जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष संजू साहू ने दी**

**नवीन मेल संवाददाता**



**ठेठईटांगर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित खेल मैदान में चल रहे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम अंतरराज्यीय नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट के आखिरी क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रोमांचक खेल देखने को मिला। इस मैच में कमांडो ब्रदर्स रांची ने आशीष ब्रदर्स राउरकेला को 1-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बना ली।मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच जोरदार संघर्ष देखने को मिला। पहले हाफ में दोनों ओर से कई प्रयास हुए, लेकिन गोल करने में सफलता नहीं मिली। दूसरे हाफ में कमांडो ब्रदर्स रांची ने शानदार आक्रमण करते हुए बढ़त हासिल की और यही गोल निर्णायक साबित हुआ। राउरकेला की टीम ने बराबरी का भरसक प्रयास किया, मगर रांची की मजबूत डिफेंस लाइन को भेद नहीं सकी।इस क्वार्टर फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि अभियंता विद्युत विभाग सिमडेगा के कार्यपालक मनीष चन्द्र पूर्ति थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रेफरल अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी अभिषेक राज उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कमेटी सदस्यों ने दोनों अतिथियों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।टूर्नामेंट को सफल बनाने में आयोजन समिति के सभी पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा। आयोजक मुमताज आलम, संरक्षक अमित डुंग डुंग, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, अध्यक्ष मोहम्मद कयूम, कोषाध्यक्ष नरेंद्र बड़ाई, सचिव अशफाक आलम, उपाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, मोहम्मद तबरेज आलम और संजय प्रसाद अपनी भूमिका निभा रहे हैं।इसके अलावा उपसचिव असजद अफरीदी, मीडिया प्रभारी अभिषेक बिश्वास व अकीफ अफरीदी, खेल प्रभारी राजा आलम, वसीम सिद्दीकी, मोहम्मद हाशिम, फिरदोश आलम तथा मंच संचालन की जिम्मेदारी निभा रहे श्यामसुंदर मिश्रा भी सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।

### लचरागढ़ में पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट 3 से

**कोलेबिरा।** लचरागढ़ इंदटांड़ मैदान में लचरागढ़ फुटबॉल क्लब के तत्वावधान में स्व. सूरजमल अग्रवाल, स्व. रघुनंदन साव एवं स्व. स्कोलास्टिका डांग की स्मृति में पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट 3 से 7 सितंबर तक आयोजित होगा। उद्घाटन मैच लोंगा फुटबॉल क्लब व सिमनेश्वर एफसी रोबोकेरा के बीच सुबह 11 बजे खेला जाएगा। प्रतिदिन दो मैच आयोजित होंगे। अंतिम दिन 7 को सेमीफाइनल व फाइनल खेला जाएगा। मौके पर कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी मुख्य अतिथि होंगे। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष संजू साहू ने दी।

सहायक अध्यापक बरही प्रखंड इकाई की बैठक का हुआ समापन

# सहायक अध्यापकों की बर्खास्तगी का हुआ विरोध समान कार्य के लिए समान वेतन पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही।** एपीजे अब्दुल कलाम पार्क परिसर में सहायक अध्यापक संघ बरही प्रखंड इकाई की बैठक संपन्न हुई. जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार यादव व संचालन सचिव मुकेश कुमार चौधरी ने किया. जिसमे मुख्य रूप से पूर्व प्रखंड अध्यक्ष दीनानाथ व सचिव मनोज घोष शामिल हुए. बैठक में समान काम का समान वेतन पर जोर दिया गया. साथ हीं राज्य में 1700 सहायक अध्यापकों को बर्खास्त करने के सरकार के निर्णय का विरोध किया गया. वेतनमान के समतुल्य मानदेय में 1000 रुपए मानदेय वृद्धि के लिखित समझौता, अनुकम्पा संबंधी नियमावली में संशोधन, कल्याण कोष तथा द्वितीय आकलन परीक्षा सफल शिक्षकों का 10% बढ़ोतरी जैसे मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई. सहायक अध्यापक सेवा शर्त नियमावली 2021में सहायक अध्यापकों के मानदेय में 4% वार्षिक वृद्धि भुगतान के बाद वित विभाग के अनुमोदन पर वृद्धि को फिक्स करने के सरकार के निर्णय को भर्त्सना की गई. इसके साथ हीं आकस्मिक मृत्यु, दुर्घटना या बीमारी की स्थिति में सरकार के असहयोगात्मक रवैए का भी विरोध किया गया. अंत में सबों ने एकजुटता का परिचय देते नारेबाजी की गई और सरकार से सहायक अध्यापकों के हित में किए गए समझौते को शीघ्र लागू करने की मांग किया गया. बैठक में फुलेश्वर कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, रविंद्र किशोर बर्मा, नवरत्न कुमार, ताहिर हुसैन, जगदीश प्रसाद, सुनील यादव, नसीमा परवीन, वैजयंती देवी, सरोज कुमारी, ललिता कुमारी, कीर्ति कुमारी, सुमन कुमारी, सोनमती कुमारी, बबीता कुमारी, सुनीता कुमारी, स्वाति कुमारी, जुली कुमारी, नंदकिशोर पांडे, दामोदर साहू, अर्जुन पासवान, नंदलाल राणा, सुभाष यादव, ब्रह्मदेव यादव, सुखदेव यादव, मो अफरोज आलम, लालमन राम, मो सुलेमान, निरंजन प्रसाद गुप्ता, आफताब आलम, महेश्वर प्रसाद यादव, लक्ष्मण दास, राबिया खातून, संजू कुमारी आदि शामिल थे.

## भाजपा ने अपराधी सूर्या को दिया संरक्षण : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता**

- साहिबगंज सहित कई अलग-अलग थानों में कई संगीन व जघन्य आपराधिक मामले उस पर दर्ज थे



गोड्डा। सूर्या हांसदा एनकाउंटर को लेकर झामुमो सांसद विजय कुमार हांसदा ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि अपराधियों और हिस्ट्रीशीटर को बीजेपी संरक्षण देती है, न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि देश स्तर पर भी. लोकसभा में चालीस प्रतिशत सांसद आपराधिक चरित्र के हैं और उनपर मामला दर्ज है. इतना ही नहीं अन्य दल से आए भ्रष्ट व आपराधिक चरित्र के लोगों को भी अपने दल में लाकर उन्हें मंत्री व उपमुख्यमंत्री बनाते हैं. सूर्या हांसदा एनकाउंटर प्रकरण पर उन्होंने कहा कि गोड्डा और साहिबगंज सहित कई अलग-अलग थानों में कई संगीन व जघन्य आपराधिक मामले उस पर दर्ज थे. जिसे पहले बाबूलाल मरांडी ने अपनी पार्टी जेवीएम से और फिर भाजपा से उन्हें टिकट देकर चुनाव लड़ाया. सूर्या हांसदा से आस पास के लोग त्रस्त थे. अगर इस वास्तविकता को जानना है तो इन इलाकों के व्यवसाई और आम आदमी से बात कीजिये, सच्चाई सामने आ जायेगी. उन्होंने कहा कि सरकार ने ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्ती बरत कर अच्छा काम किया है और यदि ऐसे मामलों में विरोध में आवाज उठती है तो इसके लिए सरकार ने सीआईडी जांच शुरू की है. वहीं SIT भी इसकी जांच कर रही है. जो सच्चाई है सामने आ जाएगी. लेकिन भाजपा को ऐसे लोगों को संरक्षण देने से बचना चाहिए.

## न्यूज बॉक्स

### सूर्या हांसदा मामले की सीबीआई जांच कराई जाएः कुंटू बाबू



**रामगढ़।** गत दिनों गोड्डा में पुलिस मुठभेड़ मारे गए सूर्या हांसदा मामले को लेकर रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने 27 अगस्त को मांग किया की इसकी सीबीआई से जांच कराई जाए। कुंटू बाबू ने आरोप लगाया कि सूर्या हांसदा अपने क्षेत्र के बेसहरों के मददगार थे। जिनकी हत्या कर उसे पुलिस एनकांटर का नाम दिया जा रहा है। कुंटू बाबू ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार कहती है कि वह आदिवासियों की हितैषी है। कहा कि उसी राज्य सरकार के शासन काल में एक आदिवासी नेता सूर्या हांसदा की हत्या कर उसे पुलिस एनकांटर बताया जा रहा है। जिससे लोगों में आक्रोश है। उन्होंने मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग की है।

### बाजार समिति के पास दिनदहाड़े युवक की चाकू से गोदकर हत्या



**देवघर ।** जिले के कुंडा थाना क्षेत्र स्थित झोंसा गढ़ी बाजार समिति के पास दिनदहाड़े एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई. मृतक युवक की पहचान हाथी पहाड़ निवासी कौशल जायसवाल (25 वर्ष) के रूप में हुई है, जिसका आपराधिक इतिहास भी रहा है। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। शव का पोस्टमार्टम करने की प्रक्रिया की जा रही है। इधर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए सभी बिंदुओं की गहनता से जांच की जा रही है। घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। लोग डरे सहमे हैं और सड़क पर निकलने से परहेज कर रहे हैं।

### 21 सितंबर को विशाल कर्मचारी संकल्प महासम्मेलन का होगा आयोज न



**रामगढ़।** डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप के कैथा स्थित आवास पर बुधवार को झारोटेफ द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया. जिसमें बताया गया की प्रांतीय टीम के आह्वान पर 21 सितंबर को मोरहाबादी मैदान में विशाल कर्मचारी संकल्प महासम्मेलन होना निश्चित हुआ है. उसको सफल बनाने हेतु प्रांतीय टीम के सभी पदाधिकारी जिले को जानकारी दे रहे हैं की आप विभिन्न संगठनों के कर्मचारियों के साथ कार्यक्रम में पहुंचे और कर्मचारी संकल्प महासम्मेलन को सफल बनाने बनाएं. प्रेस वार्ता में बताया की कर्मचारी संकल्प महासम्मेलन का मुख्य उद्देश्य अपनी मांगों को मनवाना है. कहा की हमारी मामगीन में कर्मचारी की सेवानिवृत्ति सीमा 62 वर्ष करना, सभी कर्मचारियों को एमएसीपी का लाभ बने, केंद्रीय कर्मचारियों को जिस रूप से शिशु शिक्षण भत्ता प्राप्त होता है झारखंड के कर्मचारियों को भी प्राप्त हो यह हमारी मांग है. प्रेस वार्ता में प्रदेश उप सचिव डॉ सुनील कुमार कश्यप, प्रदेश समन्वयक पंकज कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार सहाय, सुनील नायक , आशीष कुमार, कुमारी प्रतिमा उपस्थित थे.

### नेशनल टीचर्स अवार्ड 2025 के लिए देवघर की श्वेता शर्मा का हुआ चयन



**देवघर।** भारत में गुरुओं को हमेशा ही सम्मान दिया गया है और इसी परंपरा को निभाते हुए आज के समय में भी वैसे शिक्षकों को सम्मानित किया जाता है, जो बच्चों के बीच शिक्षा की अलख जला रहे हैं और बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक कर रहे हैं. ऐसे ही एक शिक्षिका हैं देवघर की श्वेता शर्मा. श्वेता देवघर के पुराने मीना बाजार के समीप राजकीयकृत विवेकानंद मध्य विद्यालय में कार्यरत हैं. श्वेता शर्मा का चयन "नेशनल टीचर्स अवार्ड" के लिए हुआ है. 5 सितंबर शिक्षक दिवस के दिन दिल्ली के विज्ञान भवन में श्वेता शर्मा को राष्ट्रपति के द्वारा सम्मानित किया जाएगा. शिक्षिका श्वेता शर्मा ने बताया कि वह दुनिया की सभी शिक्षण पद्धति का हमेशा ही अध्ययन करती हैं और देश-दुनिया के बड़े-बड़े शिक्षक जिस तरह से बच्चों के बीच पढ़ाते हैं उसी पद्धति के हिसाब से उन्होंने भी बच्चों के बीच ज्ञान बांटने का काम किया है, जो बच्चों को काफी पसंद आ रहा है. श्वेता शर्मा ने कहा कि वह खेल-खेल में बच्चों को पढ़ाती हैं, जिससे बच्चे इंजॉय करते हुए पढ़ते हैं और उन्हें अच्छा भी लगता है. इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि आज पूरे झारखंड के साथ-साथ देवघर के लिए गर्व की बात है.

### कैरो में तीन दिवसीय श्री गणेश पूजा का आयोजन, विसर्जन 29 अगस्त को



**कैरो (लोहरदगा)।** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो प्रखंड मुख्यालय में 27 अगस्त बुधवार को गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर श्री गणेश जी की मूर्ति रखकर दुर्गा बाड़ी भवन में गणेश पूजा आयोजन समिति के द्वारा हर्षोल्लास के साथ पूजा का आयोजन किया गया। मौके पर आचार्य कौशल कांत त्रिपाठी जी के द्वारा विधिवत रूप से मंत्रोच्चारण कर श्री गणेश जी की पूजा अर्चना कराई गई,आयोजन समिति के सभी सदस्यों ने श्रद्धा एवम भक्ति भाव से विघ्नहरता गणेश जी की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर आचार्य कौशल कांत त्रिपाठी ने कहा कि आज ही के दिन भाद्र पद शुक्ल पक्ष चतुर्थी तिथि को मंगल मूर्ति गणेश जी का पृथ्वी लोक पर अवतार हुआ था। 04 युग सतयुग,त्रेता,द्वापर,और कलियुग में कुल 28 कल्प हैं इन सभी 28 कल्प में सिद्धि विनायक गणेश जी का अवतार हुआ। माता पार्वती और भोलेनाथ जी के विवाह के पूर्व भी गणेश जी का अवतार हुआ था। कैरो प्रखंड मुख्यालय में उक्त महोत्सव के अवसर पर गणपति बप्पा मोरया के ध्वनि से मुख्यालय भक्तिमय वातावरण में तब्दील रहा। मौके पर आयोजन समिति के नवयुवक अध्यक्ष क्रीतिक कुमार,सचिव राजा कुमार,बबलू महली,पवन ठाकुर आयोजन समिति के सदस्यों ने गणपति जी की पूजा अर्चना की।

## रिफंड कराने का झांसा दे साइबर ठगों ने छात्रा के खाते से 63 हजार उड़ाए

**रांची।** रांची के एक हॉस्टल में रहने वाली छात्रा तनीषा मिश्रा से साइबर अपराधियों ने पार्सल का पैसा रिफंड करने का झांसा देकर उसके खाते से 63 हजार रुपए की ठगी कर ली। तनीषा मिश्रा ने साइबर क्राइम थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। तनीषा ने पुलिस को बताया कि एक ऑनलान कंपनी से मंगलवार को एक पार्सल आने वाला था। पार्सल डिलेवरी का मैसेज भी उनके मोबाइल पर आया। वह जब हॉस्टल में पार्सल के बारे में पता की तो पता चला कि पार्सल नहीं पहुंचा है। इसके बाद वह कंपनी के कस्टमर केयर से संपर्क की। कुछ देर बाद उन्हें एक व्यक्ति ने वाट्सऐप पर फोन किया और कहा कि पैसा रिफंड करने के लिए एक लिंक भेजा जा रहा है। लिंक आने के बाद जब छात्रा उसे डाउनलोड की, तो नहीं हुआ। इसके बाद फोन पे के जरिये कुछ पैसे मंगवाया। इसके बाद उनके खाते से 63 हजार की राशि की अवैध निकासी हो गयी।

## जुगसलाई के जर्जर मकानों को चिह्नित कर तोड़ने का नोटिस देगा नगर परिषद

**जुगसलाई।** नगर परिषद क्षेत्र स्थित जर्जर मकानों को चिन्हित कर तोड़ने की नोटिस दी जाएगी। नगर परिषद के कार्यापालक पदाधिकारी संजीप पासवान ने यह जानकारी दी। कहा कि बाटा चौक के पास गिरने वाले मकान को तोड़ने की भी नोटिस मालिक को दी गई थी, लेकिन उन्होंने मकाल खाली रहने की जानकारी देकर जल्द ध्वस्त करने का बात कही थी। कार्यापालक पदाधिकारी के अनुसार, जर्जर मकान खतरनाक है। इससे लोगों को खुद मकान खाली कर तोड़ना चाहिए। मंगलवार को सत्यनारायण मंदिर के पास जर्जर मकान के अचानक गिरने की तेज आवाज से क्षेत्र के निवासी दहशत में आ गए थे।

पर्यटन परियोजना को लेकर पर्यटन मंत्री ने की समीक्षात्मक बैठक

# कोडरमा डीसी, एसपी सहित कोडरमा विधायक रहे मौजूद

**नवीन मेल संवाददाता**



बरही । झारखंड सरकार के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने बरही व कोडरमा क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बैठक किया. जिसमें तिलैया डैम स्थित उरवां एडवेंचर पार्क, मेगा टूरिस्ट रिसॉर्ट और अन्य आगामी पर्यटन परियोजनाओं की समीक्षात्मक चर्चाएं हुई. बैठक में मुख्य रूप से कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, बरही विधायक मनोज कुमार यादव, बरकट्ठा विधायक अमीत यादव सहित कोडरमा डीसी व एसपी उपस्थित थे. बरही विधायक ने बताया कि यह एक सुखद संदेश है कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से यह क्षेत्र एक इकोटूरिज्म हब के रूप में विकसित होगा. ज ससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा. साथ ही स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे. यह एक सार्थक प्रया स है जो बरही और कोडरमा के लिए नई सुबह के समान है. इस तरह की परियोजनओं को लागू होने से क्षेत्र की जनता को भी लाभ होगा और रोजगार के स्त्रोत भी बढ़ेंगे। इससे युवाओं के जीवन में भी सुधार आएगा। लोग जो यहां कमाने के लिए बाहर जाते हैं उसपर भी अंकुश लगेगा। इससे हमारा झारखंड आगे बढ़ेगा।

## खराब सड़क की शिकायत विधायक और वरीय अधिकारियों के पास की जाएगी : सुधीर मंगलेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला प्रवक्ता एवं मीडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश ने ग्रामीणों की शिकायत पर बुधवार को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य को पूरा हुए एक माह भी नहीं हुआ है, लेकिन सड़क जगह-जगह से टूटने और उखड़ने लगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्लासिक इजिकाम कंपनी द्वारा किए गए इस सड़क निर्माण कार्य सही तरीके से नही हुआ हा । 4 करोड़ 28 लाख की लागत से बनी यह सड़क महज़ कुछ ही दिनों में खराब होने लगी है। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि यह सीधे-सीधे सरकारी धन की बंदरबांट और ग्रामीणों के साथ धोखाधड़ी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जांच कर दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे इस मुद्दे को उग्र आंदोलन के माध्यम से उठाने को बाध्य होंगे। हमारी मांग है सड़क निर्माण की गुणवत्ता की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषी ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जाए, ग्रामीणों को बेहतर और टिकाऊ सड़क की सुविधा तत्काल उपलब्ध कराई जाए। सुधीर मंगलेश ने कहा कि जनता के धन से बनी सड़क पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस शिकायत को वे स्थानीय विधायक ममता देवी और वरीय अधिकारियों के समक्ष रखेंगे, ताकि दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो सके। इस अवसर पर कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष रितेश कुमार, रुकेश कुमार, हरी कुमार, उत्तम कुमार, बबलू महतो, मुकेश कुमार, अनुज कुमार, देवा महतो आदि मौजूद थे।

## अंखड सुहाग के लिए सुहागिनों ने किया तीज का व्रत

**धनबाद।** सुहागिनों का पावन पर्व तीज मंगलवार को कोयलांचल में हर्षोल्लास मनाया गया. भाद्र माह शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि पर सुहागिनें अखंड सुहाग के लिए यह व्रत करती हैं. इस अवसर पर सुहागिनों ने सुबह से निर्जला उपवास रख शाम को स्नान ध्यान व सोलह श्रृंगार कर पूजन स्थल पर मिट्टी व बालू से शिव-पार्वती, गौर गणेश की प्रतिमा बनाकर उनका आवाहन किया. फल-फूल, पकवान का भोग लगाकर उनके चरणों में भक्ति समर्पित की और मां गौरा को श्रृंगार का सामान अर्पित कर सदा सुहागन रहने की कामना की. सुहागिनों ने हरितालिका तीज की कथा भी सुनी. कहीं-कहीं रात में जागरण किया गया. खड़ेश्वरी मंदिर में पुजारी मनोज पांडे से सुहागिनों ने हरितालिका तीज की कथा सुनी. बुधवार को सुबह सूर्योदय से पहले सुहागिनें पूजा-अर्चना कर स्थापित प्रतिमा व पूजन सामग्री का विसर्जन किसी नदी-तालाब में करने के बाद पति को सुहाग डाला देंगी.

## महाकाल गणेश पूजा समिति का सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**नवीन मेल संवाददाता**

- आयोजन समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने बताया कि गणेश चतुर्थी पूजा के साथ शुरू हुआ

**लोहरदगा।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर महाकाल गणेश पूजा समिति कृषि मार्केट में विधिवत पूजा-अर्चना की गई। समिति के तत्वावधान में आगामी 28 अगस्त को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान नृत्य प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5100 रुपये, द्वितीय 3100 रुपये तथा तृतीय 2100 रुपये के साथ आकर्षक शील्ड प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु एवं विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल शिरकत करेंगे।



आयोजन समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने बताया कि गणेश चतुर्थी की पूजा के साथ शुरू हुआ यह उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं की प्रतिभा को मंच देगा और नगरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस पर्व लोग काफी उत्साह के साथ शामिल होते हैं। यह पर्व 10 दिनों का चलता लोगों इसे काफी आस्था के साथ मनाते हैं। इस पर्व में भगवान गणेश का भंडारा भी चलाते हैं और लोग इस प्रसाद को ग्रहण कर भगवान का आशीर्वाद लेते हैं।

समान कार्य के झारखंडी मुद्दों को लेकर जेबीकेएसएस ने किया सभा का आयोजन

# झारखंड को बचाने के लिए हम सभी को मिलकर लड़नी होगी लड़ाई : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

- झारखंड अपने निर्माण के 22 सालों के बाद भी आज शोषण से मुक्त नहीं हुआ है। राज्य की नौकरशाही ने इस राज्य को सिर्फ लूटा है



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोरहर के नवाडीह मैदान में बुधवार को झारखंडी मुद्दों पर सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए । इस दौरान झारखंड में स्पष्ट स्थानीय और नियोजन नीति की माँग की गई। झारखंडी मुद्दों एवं जनसमस्याओं को लेकर बदलाव संकल्प महासभा का आयोजन झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के बैनर तले किया गया। महासभा की शुरुआत में वीर क्रांतिकारियों को याद कर नमन किया गया। जिसके बाद वक्ताओं ने अपनी-अपनी बातों को रखा इस दौरान लंबे समय से झारखंडी मुद्दों पर लखन कुमार महतो सह सोशल एक्टिविस्ट देवचंद महतो ने महासभा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। जयराम महतो ने कहा कि झारखंड को एक नए बदलाव की जरूरत है। झारखंड अपने निर्माण के 22 सालों के बाद भी आज शोषण से मुक्त नहीं हुआ है। राज्य की नौकरशाही ने इस राज्य को सिर्फ लूटा है। साथ ही यहाँ के नेताओं ने भी सिर्फ अपनी तिजोरी को भरा है। उन्होंने कहा कि झारखंड की स्थानीय नीति, नियोजन नीति, पुनर्वास नीति में कोई स्पष्टता नहीं है। झारखंडी की पहचान आज तक परिभाषित नहीं हो पायी है। स्थानीय नीति को झारखंडी भावनाओं के अनुरूप परिभाषित करने की जरूरत है। वहीं संजय मेहता ने स्थानीय नीति पर कहा कि 1932 के पहले और 1964 के बाद जिला का अंतिम सर्वे का खतियान ही झारखंड की स्थानीयता का आधार होना चाहिए। जब तक खतियान को स्थानीयता का आधार नहीं बनाया जाएगा बाहरी अतिक्रमण से झारखंड को बचाना मुश्किल है। हमारी नौकरी और जमीन को लगातार संस्थागत तौर पर लूटा जा रहा है।ब इस दौरान महेंद्र प्रसाद ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि झारखंड को बचाने की लड़ाई सबको मिलकर लड़नी होगी। झारखंड आज एक ऐसे रास्ते पर खड़ा है जहां से एक नए शुरुआत की जरूरत है। हमारी माटी के साथ छल इतना अधिक कर दिया गया है कि अब पूरा झारखंड जाग चुका है। यह आंदोलन अब नहीं रुकेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में एक बड़े बदलाव को लेकर हम सभी संकल्पित हैं। झारखंड के युवा जाग चुके हैं। अब यहाँ परिवर्तन होकर रहेगा।सभा में डॉ कुंजलाल महतो,सी के पांडे , क्रांतिकारी महेंद्र प्रसाद , लखन कुमार,प्रमोद यादव, राकेश सोहर महतो, जनप्रतिनिधि काल छोटन कॉल, उप मुखिया अरुण कुमार महतो, प्रदीप महतो, राजेंद्र महतो, रामसुंदर कुमार बैजनाथ महतो, डॉ गणेश महतो, धीरेंद्र महतो, कुमकुम कुमारी इत्यादि लोग सम्मिलित हुए और संबोधित किया।

## भू-धंसान प्रभावितों की सुरक्षा व बेहतर पुनर्वास प्राथमिकता : सतीश दुबे

**धनबाद।** कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा है कि भू-धंसान व अग्नि प्रभावित क्षेत्र में रह रहे लोगों की सुरक्षा व बेहतर पुनर्वास प्राथमिकता है. इसलिए कैबिनेट से संशोधित झरिया मास्टर प्लान को मंजूरी दी गयी है. इसके तहत पुनर्वास परिवारों की स्थायी आजीविका के साधन मुहैया कराने, परिवारों की आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए विशेष कौशल विकास और रोजगार परक उपाय को महत्व दिया गया है. इस योजना पर करीब 5940 करोड़ रुपये खर्च होंगे. मंत्री ने यह बातें मंगलवार को धनबाद में प्रभात खबर से विशेष बातचीत में कहीं. कहा कि संशोधित झरिया मास्टर प्लान के सफल क्रियान्वयन के लिए जल्द सीइओ नियुक्त होंगे. यह राज्य सरकार को करना है. इसके लिए वेकेंसी भी जारी कर दी गयी है. मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बहुत ही सकारात्मक वार्ता हुई है. भू-धंसान व अग्नि प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थान पर बसाने के दिशा में जल्द ही टीम बनाई जायेगी. उम्मीद है।

सुप्रभात विचार प्रवाह

प्रिय परमपिता, चाहे जो भी परिस्थितियां मेरे समक्ष आयें, मैं जानता हूँ कि वे मेरे उत्थान की अगली सीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती हैं। मैं सभी परीक्षाओं का स्वागत करूँगा क्योंकि मैं जानता हूँ कि मुझमें उन्हें समझने की बुद्धि एवं उन पर विजय पाने की शक्ति विद्यमान है। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

### तनाव के बाद चीन से व्यापार

अमेरिका की तरह वर्चस्ववादी चीन के तेवर अभी नर्म हुए हैं और भारत के साथ रिश्ते की बर्फ पिघलने लगी है।कैलाश मानसरोवर यात्रा दोबारा शुरू होने और चीन के नागरिकों को पर्यटक वीजा देने के फैसले से आपसी समझ बेहतर हुई है। सीधी उड़ानें शुरू करने और पर्यटकों, व्यवसायों, मीडिया एवं अन्य आगंतुकों को वीजा की सुविधा प्रदान करने पर सहमति एक सकारात्मक संकेत है। साझा नदियों के संबंध में, चीन आपातकालीन स्थितियों के दौरान जल विज्ञान संबंधी जानकारियां साझा करने पर भी सहमत हुआ है। व्यापार और निवेश के प्रवाह को सुविधाजनक बनाने के प्रति एक नई प्रतिबद्धता है, जो भारत को इन कठिन समय में निर्यात को वैकल्पिक बाजार की ओर मोड़ने में मदद कर सकती है। लिपुलेख दर्रा, शिपकी ला दर्रा और नाथू ला दर्रे के रास्ते होने वाले सीमा व्यापार को फिर से खोलना एक ऐसा कदम है, जिससे दोनों तरफ के सीमावर्ती निवासियों को लाभ होगा। चीनी पक्ष ने तियानजिन में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति का स्वागत किया है। एससीओ की सफलता ब्रिक्स जैसे मंचों पर बहुपक्षीय सहयोग को और आगे बढ़ाने में सहायक साबित होगी। ब्रिक्स की अध्यक्षता भारत अगले वर्ष और चीन 2027 में करेगा। भले ही द्विपक्षीय संबंधों में सुधार आ रहा है, फिर भी दोनों पक्षों को इस बात का एहसास है कि सीमा विवाद एक प्रमुख मुद्दा बना हुआ है। उल्लेखनीय रूप से, दोनों पक्ष भारत-चीन सीमा मामलों से संबंधित मौजूदा परामर्श एवं समन्वय हेतु कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) के तहत एक विशेषज्ञ समूह गठित करने पर सहमत हुए हैं, ताकि 'भारत और चीन के बीच के सीमावर्ती इलाकों में सीमा निर्धारण के मामले में शीघ्र हल' तलाशे जा सकें। एक अन्य महत्वपूर्ण समझौता पश्चिमी क्षेत्र में व्यवस्थित कोर कमांडर-स्तरीय बैठकों की तर्ज पर पूर्वी और मध्य क्षेत्रों में 'जनरल स्तर के तंत्र' की स्थापना से संबंधित है।मौजूदा मॉडल के आधार पर, मध्य क्षेत्र (हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड से सटे) और पूर्वी क्षेत्र (सिक्किम व अरुणाचल प्रदेश से सटे) के संबंध में उच्चस्तरीय सैन्य वार्ता के लिए एक अलग तंत्र की स्थापना अपेक्षाकृत आसान हो सकती है। डब्ल्यूएमसीसी के तहत एक विशेषज्ञ समूह का गठन दोनों पक्षों द्वारा सीमा निर्धारण के मामले में प्रगति हासिल करने को दिए गए महत्व को रेखांकित करता है। अंतरराष्ट्रीय परिभाषा के अनुसार, सीमा निर्धारण एक ऐसी औपचारिक प्रक्रिया है, जिसमें सीमा को एक बड़े पैमाने के स्थलाकृतिक मानचित्र पर रेखांकन किया जाता है और लिखित विवरणों द्वारा समर्थित किया जाता है, जिसके बाद मानचित्र पर रेखांकन और मिलान विवरण अंततः जमीनी स्तर पर सीमांकन की दिशा में एक अभिन्न कदम बन जाते हैं। संबंध सुधारने के लिए चीन की आगे बढ़ने की इच्छा एक शुभ संकेत है। एक कार्य समूह के जरिए कारगर सीमा प्रबंधन को आगे बढ़ाना भी एक स्वागत योग्य कदम है। कुछ विश्वास बहाली के उपायों (सीबीएम) में सुधार की आवश्यकता हो सकती है। फिर भी अन्य उपायों को पूरी तरह से लागू करने की जरूरत हो सकती है।



*व्यापार और निवेश के प्रवाह को सुविधाजनक बनाने के प्रति एक नई प्रतिबद्धता है, जो भारत को इन कठिन समय में निर्यात को वैकल्पिक बाजार की ओर मोड़ने में मदद कर सकती है।*

# वर्तमान जलवायु संकट और आदिवासी ज्ञान परंपरा में समाधान पर चिंतन

जलवायु संकट आज प्रकृति से मनुष्य के व्यापक अलगाव की कहानी है। आदिवासी लोग अद्वितीय ज्ञान और प्रथाओं के संरक्षक रहे हैं, जो मानव और प्राकृतिक दुनिया के बीच संतुलन पर जोर देते हैं। कई स्वदेशी पारंपरिक प्रथाएं प्रभावी जलवायु समाधान प्रदान करती हैं, जैसे टिकाऊ कृषि प्रणालियां और जलवायु-लचीला जल प्रबंधन। कार्बन सिंक और जैव विविधता की रक्षा करने वाले प्रमुख पारिस्थितिक तंत्रों की सुरक्षा करके, आदिवासी लोग शेष विश्व को एक पर्यावरणीय सेवा प्रदान करते हैं। उनका मानना है कि मानवता और प्रकृति अलग नहीं हैं। वन, जंगल और पहाड़ में रहनेवाले जनजातीय समाज के लिए पेड़ का कटना महज एक वृक्ष का गिरना नही है। हम पेड़ को काट कर जो दर्द देते हैं, पहाड़ को खोद कर जो चोट पहुंचाते हैं, वही हमको वापस मिलता है। पिछले एक सदी की विकास यात्रा के प्रभाव के आंकलन पश्चात अब यह माने जाने लगा है कि विकास की किसी भी संवाद या प्रक्रिया में जनजातीय समाज को बहार रखकर कोई प्रभावी निर्णय संभव नहीं है। आदिवासी के लिए अगर वन उसकी शांति है, तो कृषि उसकी सांस है। निरंतर जीवन के लिए वन मात्र अनुपूरक हो सकता है, प्रधान आधार तो कृषि ही होगा। मनुष्य ने वन के अंदर से ही कृषि का विकल्प खड़ा किया, क्योंकि इस प्रक्रिया में उसका आर्थिक जीवन वन्य (घुमंतू) जीवन से अपेक्षाकृत अधिक आश्वस्त था। वन के अन्दर ही नदी घाटियों में उसने कृषि योग्य जमीन बनाई, वनस्पति को आंशिक रूप से उन्नत किया, अपने काम के जीव-जन्तुओं को पालतू बनाया और इस तरह से उसके जीवन में स्थिरता आई। विश्व के अधिकांश आदिवासियों की तरह भारतीय आदिवासियों में भी अधिकांश का आर्थिक जीवन वर्तमान में इसी स्तर पर चल रहा है। (आदि धरमः रामदयाल मुंडा)।

जो समाज जंगल, पहाड़, नदिया और वन प्रदेश में रहता है, वह जलवायु संकट, जैव विविधता, भोजन की समस्या, प्राकृतिक प्रकोप को बेहतर तरीके से समझते हैं। आदिवासी समाज ने सदियों से पर्यावरणीय परिवर्तनों से निपटने के लिए अनुकूलन रणनीतियाँ भी विकसित की हैं। उनकी ज्ञान प्रणालियाँ कृषि वानिकी, जल प्रबंधन और आपदा तैयारी जैसी जलवायु-प्रतिरोधी प्रथाओं के बारे में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करती हैं। इसके उदाहरण हैं सूखे के प्रति प्रतिरोधी पारंपरिक फसलों का उपयोग और शुष्क वातावरण में न्यूनतम जल उपयोग वाले पारंपरिक घरों का निर्माण । प्रकृति-आधारित समाधान और चक्रीय अर्थव्यवस्था दुनिया भर के मूल निवासियों के लिए सहस्राब्दियों से जीवन का एक तरीका रहे हैं, और यह ज्ञान जलवायु कार्रवाई के लिए महत्वपूर्ण है। अब समय आ गया है कि हम जलवायु परिवर्तन और कार्बन फुटप्रिंट जैसे मौजूदा विषयों पर स्वदेशी लोगों के अधिकार को पूरी तरह से मान्यता प्रदान करे, उन्हें जलवायु वित्त और क्षमता निर्माण तक सीधी पहुंच प्रदान करनी चाहिए, तथा स्वदेशी ज्ञान को जलवायु नीति में एकीकृत करना चाहिए।



एआई जेनरेटेड

सवाल है कि जलवायु कार्रवाई के मामले में स्वदेशी ज्ञान क्यों मायने रखता है? स्वदेशी लोग अद्वितीय ज्ञान प्रणालियों, नवाचारों और प्रथाओं के संरक्षक हैं, जो पीढ़ियों से चली आ रही हैं और जिन्होंने दुनिया के कई हिस्सों में विभिन्न संस्कृतियों और समुदायों को स्थायी रूप से रहने की अनुमति दी है, जिससे मानव और प्राकृतिक दुनिया के बीच संतुलन पर जोर दिया गया है। कई जनजातीय पारंपरिक प्रथाएँ पारिस्थितिक तंत्रों की गहरी समझ और उनके प्रति सम्मान पर आधारित हैं और संसाधनों के सतत उपयोग को बढ़ावा देती हैं। इन प्रथाओं का पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव पड़ता है और ये पारिस्थितिक परिवर्तनों के प्रति अत्यधिक अनुकूल होती हैं, जिससे स्वस्थ और लचीले पारिस्थितिक तंत्र को बढ़ावा मिलता है। जलवायु समाधानों में प्रयुक्त जनजातीय ज्ञान के उदाहरण पूरे विश्व में पाये जाते हैं। मध्य अमेरिका और दक्षिणी मेक्सिको में मूल निवासी माया की पारंपरिक कृषि प्रणाली, मिल्पा, एक स्थायी कृषि मॉडल है जिसमें वन क्षेत्र के भीतर कृषि भूखंडों को बारी-बारी से उगाया जाता है। आमतौर पर मक्का, फलियाँ, कुम्हड़ा और अन्य सब्जियाँ। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस चक्र में कई फसलें उगाई जाती हैं और साथ ही खेती किए गए भूखंडों में प्राकृतिक वन पुनर्जनन की अनुमति भी मिलती है। परिणामस्वरूप, जैव विविधता और मिट्टी की उर्वरता के उच्च स्तर को बनाए रखते हैं, जिससे जलवायु परिवर्तन शमन और अनुकूलन प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। इसी तरह, भारती में सदियों से परिष्कृत कृषि वानिकी प्रणालियाँ विकसित की गयी हैं। ये प्रणालियाँ, जिनमें फसलें पेड़ों के साथ-साथ रहती हैं, मृदा अपरदन को कम करने और मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में मदद करती हैं। साथ ही, फसल विविधीकरण कीटों, बीमारियों या चरम मौसम की घटनाओं के कारण पूरी तरह से फसल बर्बाद होने के जोखिम को कम करता है। ये रणनीतियाँ सूखे और भारी बारिश जैसी चरम जलवायु परिस्थितियों में भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करती हैं और आजीविका की रक्षा करती हैं। आदिवासी लोग लंबे समय से पारंपरिक अग्नि प्रबंधन पद्धति अपनाते आ रहे हैं, जिसे सांस्कृतिक दहन, या शीतल दहन के नाम से जाना जाता है। इस पद्धति में ईंधन का भार कम करने, वनस्पति का प्रबंधन करने और जैव विविधता को बढ़ावा देने के लिए कम तीव्रता वाली आग का नियंत्रित उपयोग शामिल है। आदिवासी लोगों को अक्सर आग के व्यवहार, मौसम के पैटर्न और पारिस्थितिक प्रतिक्रियाओं का गहन ज्ञान होता है, जिससे वे जंगल की आग के जोखिम को कम करते हुए सुरक्षित रूप से दहन कर पाते हैं। पारंपरिक मधुमक्खी पालन पद्धतियाँ भूमि के स्थायी उपयोग को प्रोत्साहित करती हैं।

जनजातीय समाज दुनिया की लगभग 25 प्रतिशत भूमि का प्रबंधन करते हैं , जिसमें अधिकांश जैव विविधता और मिट्टी व बायोमास में संग्रहीत कार्बन समाहित है। इस भूमि का एक बड़ा हिस्सा वनों से आच्छादित है जो सात करोड़ मूल निवासियों की परंपराओं, संस्कृतियों और आजीविका के केंद्र में हैं, जो दुनिया के कम से कम 36 प्रतिशत अक्षुण्ण वनों का पर्यावरणीय संरक्षण करते हैं। शोध से पता चलता है कि अपनी जमीन पर बढ़ते बाहरी दबाव के बावजूद, मूल निवासियों द्वारा प्रबंधित क्षेत्रों के कई जंगल और अन्य पारिस्थितिकी तंत्र इन क्षेत्रों के बाहर की प्रकृति की तुलना में बेहतर स्थिति में हैं। कार्बन सिंक और जैव विविधता की रक्षा करने वाले इन प्रमुख पारिस्थितिकी तंत्रों की सुरक्षा करके, मूल निवासी दुनिया के बाकी हिस्सों को एक पर्यावरणीय सेवा प्रदान करते हैं, जिसे अक्सर अनदेखा किया जाता है और जिसे अधिक राजनीतिक संरक्षण और वित्तीय सहायता की आवश्यकता है। इस प्रकार, मूल निवासियों में जलवायु कार्रवाई पर निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में अग्रणी और अग्रणी बनने की क्षमता है।

जनजातीय समाज मानते है कि अगर जंगल में एक पेड़ गिरता है, तो दूसरे पेड़ भी उसे सुन रहे होते हैं। जब आप जानते हैं कि पेड़ दर्द सहते हैं और उनकी यादें होती हैं और पेड़ों के माता-.पिता अपने बच्चों के साथ रहते हैं, तो आप उन्हें यूँ ही काटकर बड़ी मशीनों से उनके जीवन को अस्त.व्यस्त नहीं कर सकते। जलवायु संकट को हल करने के लिए हमें जंगल, पहाड़, नदिया और मानव समाज को एक ही रूप में देखना होगा। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की **बात**



**डॉ मयंक मुरारी**

## आपकी बात

### मोबाइल हम चला रहे हैं या मोबाइल हमें?



**मुकेश कुमार गुप्ता** (लोहरदगा)

**आज** के समय में मोबाइल फोन बच्चों की ज़िंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। पहले यह माता-पिता का साधन था, लेकिन अब बच्चों की पढ़ाई, मनोरंजन और बातचीत का मुख्य जरिया बन गया है। मगर यही फोन धीरे-धीरे लत का रूप लेकर कई समस्याओं की जड़ बन रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि मोबाइल की अधिक निर्भरता बच्चों की आंखों की रोशनी, नींद, पढ़ाई और मानसिक विकास पर बुरा असर डालती है। लगातार स्क्रीन देखने से आंखों में थकान, सिर दर्द और नींद में समस्या बढ़ जाती है। ध्यान कम होना, चिड़चिड़ापन, एकाग्रता की कमी और समाज से दूरी आज बच्चों में आम समस्या बन गई है। वे वर्चुअल दुनिया में डूबकर वास्तविकता से कटते जा रहे हैं।

**बच्चों और अभिभावकों के लिए जरूरी कदम**

- **रुटीन बनाएं : पढ़ाई, खेल और मोबाइल के लिए निश्चित समय तय करें।**
- **मोबाइल-फ्री समय रखें : डिनर, सोने से पहले और पारिवारिक समय में फोन का इस्तेमाल न करें।**
- **शौक बढ़ाएँ : बच्चों को खेल, पेंटिंग, संगीत या आउटडोर गतिविधियों से जोड़ें।**
- **पैरेंटल कंट्रोल अपनाएँ : स्क्रीन टाइम सीमित करें और सिर्फ जरूरी ऐप्स उपयोग में आने दें।**
- **रोल मॉडल बनें : माता-पिता खुद भी बच्चों के सामने मोबाइल का संतुलित उपयोग करें।**
- **खुले में समय बिताएँ : बच्चों के साथ बाहर खेलें या टहलने जाएँ।**

यदि सही दिशा और प्रेरणा मिले, तो मोबाइल बच्चों का सहायक बन सकता है, मालिक नहीं। अब समय है कि इस उल्टी आदत को बदलें और मोबाइल को ज़रूरत और विकास का साधन बनाकर उपयोग करें।

### श्वान का जाग उठा सोया स्वाभिमान



**श्वान** का जाग उठा सोया स्वाभिमान।
हो रहा देश भर में शहरी आवारा
श्वान का खूब मान सम्मान।
भीतर-बाहर हो रही इनकी चर्चा।
राजस्व से इन पर हो रहा खर्चा।
ये खुशी से भोंक रहे हैं।
शहर की सेवा में खुद को झोंक रहे हैं।
मेरे गाँव का करिवा कुत्ता मुँह फुलाये तब से बैठा है।
पूछा भी करिवा तू क्यों रुठा है?
दिलासा भी दिया-शहरी श्वान वाला
संवाद तो झूठा है।
उसने भोंक कर कहा- बहुत हुआ।
अब हम भी गांव से छलांग लगायेंगे।
नगर-निगम की गाड़ी पर चढ़ देहाती से शहरी
श्वान बन जायेंगे।
तब बेरोकटोक सारी सुविधा पायेंगे।

**गंगेश्वर सिंह**
पूर्व पुलिस महानिदेशक आर्थिक अपराध शाखा, प. बंगाल।

# "क्या, कौन, कहां, कैसे, कब व क्यों में ही है जीवन के जश्न का आनंद"

अलग की **बात**



**केदारनाथ दास**

जन्म के अस्तित्व में आने से लेकर श्मशान घाट में होने वाले अंतिम संस्कार और उसके बाद पिंडदान के कर्मकांड तक मनुष्य सिर्फ सवालों में घिरा हुआ रहता है। सवालों की यह दुनिया हमारे जीवन का एक शाश्वत स्वरूप है। यह सही है कि इन सवालों को हम अपनी जरूरतों में जरूर शामिल करते रहते हैं और यह जरूरत भी कुछ ऐसी होती है कि मनुष्य होने के नाते हम हमेशा इसके सामने विवश बने रहते है। संदर्भवश यह विवशता इतनी व्यापक होती है कि जन्म के पहले से ही हम इसकी हदों में आ जाते हैं और मृत्यु के बाद भी यह हमारा पीछा नहीं छोड़ता फिर भी हम इसका आनंद लेते रहते हैं। इस आनंद को समझने के लिए केवल एक उदाहरण काफी है जबकि सिर्फ गणित की नजर से देखें तो यह क्या, कौन, कब, कैसा, क्यों और कहाँ के छः सूत्रीय आनंद से हमें लगातार आनंदित, आह्लादित व उद्वेग्लित करता नजर आया करता है। गिनती गिनते चलें तो "कौन" "कहाँ" की यह संख्या महज छः ही होती है परन्तु इन सवालों की यात्रा का करामात यह होता है कि माँ के गर्भ में भ्रूण का स्वरूप आते ही यह पास पड़ोस, नातेदारी और तमाम जान पहचान के सामने ही "क्या" के तौर पर एक सवाल बनकर हमारे साथ आ खड़ा होता है। इस "क्या" में लड़का होगा या लड़की होगी से लेकर तमाम तरह के स्वाभाविक सवाल। कालांतर में यही सवाल हमारे जीवन यात्रा के समापन के साथ "कैसे" का स्वरूप ग्रहण करते हुए हमारे स्वागत में खड़ा नजर आ जाता है। "क्या" और "कैसे" के बीच की इस यात्रा का का आनंद भी कुछ ऐसा होता है कि इस सवालों से मुक्ति का कभी कोई निराकरण नहीं निकल सका। मृत्यु हो गई, खेल खत्म हो गया परंतु सवाल बना रहा कि आदमी तो अच्छा था। समाज व परिवार को उसकी अभी जरूरत थी फिर भी चला गया वगैरह वगैरह के बीच शाश्वत सवाल यही कि यह सबकुछ "कैसे" हुआ। इसी तरह माँ के गर्भ को इससे कोई मतलब नहीं होता कि जन्म लेने वाला पुल्लिंग है या स्त्रीलिंग और जन्म लेने वाला जातक कुलनाशक होगा या कुलदीपक बनकर अवतार लेगा। इसके बावजूद गर्भधान संस्कार के साथ नवजात का अस्तित्व "क्या" जैसे उपसर्ग की प्रक्रिया के साथ जुड़ने को विवश बना रहता है। इस संदर्भ के मजे देखिए कि हम प्रतिक्षण सवालों से भागने की फिराक में लगे रहते हैं। दर्शन की दृष्टि से देखें तो यही पलायन है और जीवन की प्रतिबद्धता हमें ऐसे किसी पलायन की इजाजत नहीं देता। जीवन की यह ऐसी सच्चाई है जिससे कतई इनकार नहीं किया जा सकता है क्योंकि यह सवाल ही होते हैं जो हमसे पहले चला करते हैं और हमारे बाद तक भी अपने शाश्वत स्वरूप के साथ बने रहते हैं। यह इसलिए भी शाश्वत बना रहता है क्योंकि सवालों के इस स्वरूप में से "क्या" से चलकर "कैसे" तक चलने वाले निर्बाध मार्ग में ऐसे कोई दो ही सवाल नहीं हैं। यहाँ दिलचस्प तथ्य यह भी है कि जन्म के प्रारब्ध से लेकर पिंडदान तक या उसके बाद तक चलने वाली इस यात्रा को "क्या" व "कैसे" के अतिरिक्त "क्यों" से भी गुजरना पड़ता है और यही हमें "कहाँ" "कब" और "कौन" के अनंत घेरे में लेने से भी नहीं चूकता। दूसरी ओर, इस घेरे की महिमा ऐसी कि हम इन तमाम सवालों को केवल अपनी जिज्ञासाओं के बांधकर संतुष्ट हो जाते हैं। जिज्ञासा और सवालों के इस फेर को समझने की जरूरत है जबकि किसी भी जिज्ञासा को महज बंद अंत और खुले अंत वाले जवाब से संतुष्ट किया जा सकता है। बंद अंत वाले जवाब को आप सही,गलत, हाँ, ना आदि के साथ संतुलित कर देते हैं जबकि खुले-अंत वाले सवालों के लिए अपनी राय, अनुभव या विचारों को साझा करने के लिए आप तथ्यात्मक, विश्लेषणात्मक, वैकल्पिक, अन्वेषणात्मक, निबंधात्मक और वस्तुनिष्ठ विवरणों से किसी की जिज्ञासा को शांत करने में सफल होने की कोशिश करते हैं। सवालों की क्षमता देखिए कि आपके ऐसे तमाम प्रयास घुम फिर कर फिर से "क्या" "क्यों" "कहाँ" "कौन" "कब" और "कैसे" की यात्रा का जश्न मनाने निकल पड़ता है। बहरहाल सवालों से घबराकर भागने की जरूरत नहीं है क्योंकि इन सवालों के जश्न का आनंद तभी तक है जब तक सवाल हैं और सवाल तभी तक हैं जबतक आनंद का जश्न है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

खामखाह बदनाम है, स्वानों का इतिहास।
हर युग में आते रहे, राजाओं को रास।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# बात डाकिए की...

हमने बचपन में पढ़ा था-आंधी हो, तूफ़ान को, गर्मी , ठंढी या बरसात हो, डाकिया जरूर आता है। और जब बात डाकिए की हो तो पहला स्मरण पत्रों का हो आता है। पत्र लिखने की परम्परा अब नगण्य हो चली। इसमें पहला योगदान एकल परिवार होने का हुआ। संबंध ईमानदारी और मनुष्यता बन सिकुड़ने लगे। लेकिन महत्वपूर्ण योगदान तो प्रेम पत्रों के चलन बंद होने से हुआ। यह हुआ नहीं कि युवाओं ने साहित्य से मानो मुँह ही मोड़ लिया। प्रेम गीत विधवा हो गयी, कविताओं - शायरियों की पुस्तकें दीमकों के उपयोग में आने लगीं। साहित्य का सौंदर्य रस सूखे खेत हो चले। तकनीकी प्रगति में एक मुआं मोबाइल पल भर में दर्जनों प्रेमियों - प्रेमिकाओं में साहित्य सृजन की आत्मा को ही सद्गति प्रदान कर दी! क्या वे दिन थे! प्रेमी - प्रेमिका का दिल एक - दूसरे के लिए उतना नहीं धड़कता था , जितना डाकिए की आहट के लिए। पति परदेश गए तो प्रेम पत्रों के आदान - प्रदान का पूरा भार डाकिए के कंधों पर आ जाया करते थे। सयाने बताते हैं कि उसके पहले यह काम कबूतरों के हिस्से था। काम छीन जाने पर कबूतरों के कोई आंदोलन, घेराव, नारेबाजी , गुटबंदी नहीं की , इतिहास साक्षी है। सिद्ध हुआ कि अनशनों -आंदोलनों के पुरोधा कबूतर नहीं थे । ऐसे भी दृष्टांत हैं कि प्रेम पत्र अनपढ़ नारियों को बांचने के चक्कर में कई डाकिए ही उनके साथ प्रेम कर बैठे और साथ भाग तक गए। मोबाइलों के युग में माता-पिता इस बात से आस्वस्थ हो गए कि कम से कम उनकी कन्या डाकिए के साथ तो भागने से रही। सिद्ध हुआ कि भारतीय समाजिक कल्याण में डाकिए की उल्लेखनीय भूमिका रही ।डाकिए के कई पात्र हिंदी के साहित्य में समावेशित हुए। गीतकारों का भी ध्यान डाकिए ने खींचा - डाकिया डाक लाया।।।।।! आदि एक समय था, डाकिए तार भी लाया करते। मुझे दो बार डाकिए की कृपा से राष्ट्रपति जी की ओर से राष्ट्रपति पुलिस पदक के तार मिले। रामलाल बताते हैं कि टो - टा कर अंग्रेजी पढ़ने वाले एक हसन अली नामक व्यक्ति ने खाड़ी देश में काम करने के कई आवेदन दिए थे। एक दिन उनको डाकिए ने तार थमाया। वे डाकिए के सामने ही खोलकर तार पढ़े। लिखा था - कम परसनली। हसन अली ने तुरंत ही डाकिए को भेजने वाले के ही पते पर इस तार का उत्तर इस प्रकार भेजने को कहा- परसन अली इज नॉट अवेलेबल, हसन अली इज गोइंग। डाकिया हसन अली की अंग्रेजी से प्रभावित होकर मुस्कुरा दिया। डाकिए से डर भी होने के दृष्टांत मिले हैं। सेठ मुनाफे लाल के गल्ले पर डाकिए का आना-जाना लगा रहता था। बात उन दिनों की है, जब रेल से माल ढुलाई में डाक से बिल्टी आया करती थी। सारे डाक सेठ जी के मुनीम लिया करते थे। एक दिन डाकिया अड़ गए कि इस डाक को सेठ जी को ही देना है। आनन-फानन में डाकिए को लेकर मुनीम जी सेठ जी के पास पँहुचे। डाक निबंधित और सेठ जी के नाम थी। सेठ जी ने डाक लेकर अपने हस्ताक्षर बनाए और डाक खोली। पढ़ते ही उनके तोते उड़ गए। आबकारी कर चोरी में उनपर पच्चीस हज़ार का जुर्माना लगा था और न देने पर सालभर की जेल। सेठ जी के हाथ - पाव फूल गए। मुनीम जी दूसरे दिन ही हर्जाना भर आए। तब से सेठ जी जब भी डाकिए को देखते तो डर के मारे थरथर काँपने लगते। आज इतने संघर्षों के बाद भी आजतक डाकिए और डाकघर का अस्तित्व बचा हुआ है। अब पैसों के लेन - देन के बैंक स्वरूप की चादर उढ़ा जो दी गयी। पहले यह मनीऑर्डर तक सीमित थे और सयाने बताते हैं कि कई डाकिए मनीऑर्डर की राशि में अपना बट्टा तक काट लेते, जब पाने वाला व्यक्ति अपनी सहृदयता से उन्हें बक्शीश देने में किचकिच किया करते थे। मेरा एक सहपाठी माध्यमिक शिक्षा के बाद निर्धनता के कारण आगे नहीं पढ़ सका था और फिर डाकिया बन गया । वह दिन भर जुए खेलता। किसी ने पूछ लिया - अबे! डाक कब बांटता है ? उसने जुए के अड्डे पर ही उसे फुसफुसाकर बताया था कि हर रविवार उसकी पत्नी सप्ताह भर की डाक जलाकर भोजन पकाती है। सरकारी आदेश, न्यायालय संबंधित पत्राचार, बैंकों के चेकबुक, क्रेडिट - डेबिट कार्ड, पासपोर्ट (पारपत्र ) डाक से ही आते हैं। डाकघरों में बड़े बदलाव केंद्रीय सरकार ने करने प्रारम्भ किए हैं। डाक पेटियों को दशकों से विकास ने साफ़ निगल लिया। इतना बदलाव होने के बाद भी छोटे से बड़े डाकघर जाते ही इसके सरकारी होने के सारे के सारे लक्षण अब भी पाए जाते हैं। लगता है, भारतवर्ष में समय थम सा गया है। सरकारी गति से खर्र खर्र करते प्रिंटर द्वितीय महायुद्ध के बाद की यूरोपीय औद्योगिक क्रान्ति के प्रारम्भिक पाठ पढ़ाने का अनुभव दे जाते हैं। डाकिए प्रेम पत्र अब नहीं लाते! उन्हें क्या पता, आज की पीढ़ी मोबाइल से गिने चुने शब्दों या इमोजी से यह सब अब सुलभता से निबटा रहे हैं! **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की **बात**



**डॉ प्रशान्त करण**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## लालबागचा राजा मंदिर

# 91 वर्षों से होती है हर कामना पूरी



एक झलक पाने के लिए उमड़ रही भक्तों की भीड़

**एजेंसी। मुंबई।** हर साल जब गणेश चतुर्थी का त्योहार आता है तो मुंबई की गलियों से लेकर मंदिरों तक एक अलग ही रौनक दिखाई देती है। ढोल-ताशों की गूंज, बप्पा के स्वागत में लगने वाले जयघोष, फूलों से मंडलों की सजावट और उन्हें देखने के लिए लाखों लोगों की भीड़, ये सब मिलकर इस त्योहार को बेहद खास बना देते हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक, हर कोई इस आयोजन का बेसब्री से इंतजार करता है। ऐसे में जब बात मुंबई की गणेश चतुर्थी की होती है तो सबसे पहला नाम जो हर किसी की जुबान पर आता है, वह है लालबागचा राजा मंदिर का। मुंबई का सबसे अधिक लोकप्रिय सार्वजनिक गणेश मंडल लालबागचा राजा लोगों की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। लालबाग परेल क्षेत्र स्थित यह पंडाल हर साल गणेश चतुर्थी के दौरान दुनियाभर से भक्तों को अपनी ओर खींचता है।

## रामेश्वरम की थीम में सजा 22 फीट का बप्पा

हर साल की तरह बड़ी और और मशहूर हस्तियों के साथ-साथ हजारों लाखों की संख्या में भक्त यहां बप्पा के दर्शन करने आ रहे हैं। इस बार यहां गणपति की 22 फीट ऊंची मूर्ति स्थापित की गई, जो तमिलनाडु के रामेश्वरम की पौराणिक कथा से प्रेरित है।लालबागचा राजा मंडल के उपाध्यक्ष सिद्धेश कोरगावकर ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "यह लालबाग इलाके का सबसे पुराने गणपति हैं। इस बार उनकी 22 फीट ऊंची मूर्ति बनाई गई है।"

उन्होंने कहा कि मूर्ति और इसकी सजावट में रामेश्वरम की थीम को दर्शाया गया है, जिसमें हनुमानजी रामेश्वरम से भगवान शंकर का पिंड लेकर आते हैं।लालबागचा राजा मंडल की स्थापना साल 1934 में हुई थी। दरअसल, करीब नौ दशक पहले कुछ मछुआरों और दुकानदारों ने मिलकर बप्पा से बाजार के लिए एक पक्की जगह मिलने की मन्नत मांगी थी। जब उनकी यह मन्नत पूरी हुई तो उन्होंने आभार स्वरूप एक छोटी सी गणेश मूर्ति स्थापित की। वहीं से यह परंपरा शुरू हुई और आज 91 साल बाद भी पूरी आस्था के साथ निभाई जा रही है।लालबागचा राजा के दर्शन के लिए दो मुख्य कतारें होती हैं। एक होती है 'नवसाची लाइन', जिसमें वे लोग लगते हैं जो अपनी किसी विशेष मन्नत लेकर बप्पा के चरणों तक जाना चाहते हैं। इस लाइन में दर्शन के लिए 25 से 40 घंटे तक का समय भी लग सकता है। दूसरी लाइन होती है "मुखदर्शन लाइन", जिसमें भक्त बप्पा को दूर से देख सकते हैं। यह लाइन अपेक्षाकृत छोटी होती है। कई बार यहां 4 से 5 घंटे लग जाते हैं।हर बार की तरह इस साल भी गणेश चतुर्थी पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मंडल द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। हजारों पुलिसकर्मी और स्वयंसेवक तैनात किए गए हैं ताकि भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पंडाल के अंदर भी श्रद्धालुओं के लिए मेडिकल असिस्टेंस, पानी और शौचालय जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

# भविष्य के युद्ध तकनीक व कूटनीति का मिश्रण होंगे : राजनाथ सिंह

**एजेंसी। इंदौर**

मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के महू में स्थित आर्मी वार कॉलेज में युद्ध, युद्धकला और युद्ध संचालन पर दो दिवसीय विशेष 'रण संवाद-2025' त्रि-सेवा सेमिनार कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने युद्ध के बदलते पैटर्न पर बात की और बताया कि भविष्य के युद्ध तकनीक और कूटनीति का मिश्रण होंगे।

आर्मी वॉर कॉलेज, महू में आयोजित 'रण संवाद' त्रि-सेवा सेमिनार कार्यक्रम में तीनों सेनाओं के शीर्ष नेतृत्व के साथ-साथ प्रसिद्ध रक्षा विशेषज्ञ, रक्षा उद्योग के प्रमुख और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पेशेवर शामिल हैं। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य के युद्ध केवल हथियारों की लड़ाई नहीं होंगे, बल्कि तकनीक, खुफिया जानकारी, अर्थव्यवस्था और कूटनीति का मिला-जुला रूप होंगे।

उन्होंने बताया, "आज का युग जटिल और बहु-क्षेत्रीय युद्धों से परिभाषित है, जहां युद्ध की कोई निश्चित व्यवस्था या कठोर सिद्धांत नहीं है। यह अपनी तरह का पहला सेमिनार है, जिसमें युद्ध और युद्ध कौशल पर तकनीक के प्रभाव पर चर्चा हो रही है।"

राजनाथ सिंह ने कहा, "भारत कभी युद्ध की शुरुआत करने वाला देश नहीं रहा और न ही उसने किसी के खिलाफ आक्रामकता दिखाई है। हालांकि, वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों में अगर कोई भारत को चुनौती देता है, तो देश को सख्त जवाब देना जरूरी हो जाता है। हमारी मंशा शांतिपूर्ण है, लेकिन हमारी ताकत कमजोर नहीं।"रक्षा मंत्री ने तकनीकी प्रगति और रणनीतिक कूटनीति के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने सशस्त्र बलों से आधुनिक तकनीकों को अपनाने और वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहने की बात कही। बता दें कि इस सेमिनार में सीडीएस जनरल अनिल चौहान, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी भी मौजूद हैं। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य तीनों सेनाओं के बीच समन्वय को बढ़ावा देना और भविष्य की चुनौतियों और रणनीतियों पर विचार-विमर्श करना है।



### रक्षा मंत्री बोले –

- भविष्य के युद्ध तकनीक, खुफिया जानकारी, अर्थव्यवस्था और कूटनीति का मिश्रण होंगे।
- सेमिनार में थलसेना, नौसेना और वायुसेना के शीर्ष अधिकारी और रक्षा विशेषज्ञ हुए शामिल।
- "भारत ने कभी युद्ध की शुरुआत नहीं की, लेकिन चुनौती मिलने पर सख्त जवाब देगा।"
- सेमिनार में तकनीकी प्रगति और रणनीतिक कूटनीति पर विशेष जोर दिया गया।

## बिजली और मोबाइल सेवाएं ठप, अब्दुल्ला बोले-

# लगता है लोगों से कट गया हूं

**एजेंसी। जम्मू**



केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह को जम्मू के संभागीय आयुक्त रमेश कुमार द्वारा दी गई नवीनतम जानकारी के अनुसार, पुंछ और राजौरी जिलों को छोड़कर पूरे जम्मू संभाग में अभी भी बारिश हो रही है, हालाँकि इसकी तीव्रता कम है। जितेंद्र सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि संभागीय आयुक्त लगातार उनके संपर्क में हैं और वर्तमान में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक बुला रहे हैं। मंत्री ने कहा कि तवी नदी का जलस्तर कम हो गया है, लेकिन चिनाब नदी अभी भी खतरे के निशान के करीब बह रही है। तत्काल प्राथमिकता बिजली, पानी की आपूर्ति और मोबाइल सेवाओं की बहाली है, जिसके लिए अधिकारी रात भर लगातार काम कर रहे हैं। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, अर्धसैनिक बल, सेना और वायु सेना के अधिकारी नागरिक प्रशासन के साथ मिलकर समन्वय कर रहे हैं। स्कूलों और कॉलेजों को बंद रखने का आदेश दिया गया है और आम जनता को उनकी सुरक्षा के लिए अनावश्यक गतिविधियों से बचने की सलाह दी गई है। क्षतिग्रस्त संरचनाओं में ऐतिहासिक माधोपुर पुल भी शामिल है, जो 11 मई 1953 को श्यामा प्रसाद मुखर्जी की गिरफ्तारी के बाद इतिहास का हिस्सा बन गया था। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि आज सुबह लगभग 3 बजे से इस पुल पर यातायात रोक दिया गया है। इस बीच, रियासी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक परमवीर सिंह ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के कटरा में वैष्णो देवी मंदिर के पास भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में तीस लोगों की मौत हो गई है। यह भूस्खलन वैष्णो देवी मंदिर के मार्ग पर स्थित अधक्वारी गुफा मंदिर में इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुआ। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर अभी भी लगभग न के बराबर संचार व्यवस्था से जूझ रहा है।

## हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं, 1 से 30 सितंबर तक अभियान चलाएगी उत्तर प्रदेश सरकार

**उत्तर प्रदेश।** योगी सरकार के निर्देशानुसार, उत्तर प्रदेश में 1 से 30 सितंबर तक राज्यव्यापी सड़क सुरक्षा अभियान, 'हेलमेट नहीं, ईंधन नहीं' चलाया जाएगा। सड़क सुरक्षा समितियों के समन्वय में जिलाधिकारियों के नेतृत्व में, इस अभियान में पुलिस, परिवहन, राजस्व और जिला प्रशासन के अधिकारी संयुक्त रूप से काम करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दोपहिया वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम के तहत हेलमेट नियमों का पालन करें। हेलमेट न पहनने वालों को पेट्रोल पंपों पर ईंधन नहीं दिया जाएगा, जिसका उद्देश्य जुर्माना लगाने के बजाय सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है। योगी सरकार ने जनता से प्रवर्तन एजेंसियों के साथ पूर्ण सहयोग करने की अपील की है। यह पहल वैध है और जनहित में बनाई गई है। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 129, दोपहिया वाहन चालकों और पीछे बैठे यात्रियों, दोनों के लिए हेलमेट अनिवार्य करती है, जबकि धारा 194D उल्लंघन के लिए दंड का प्रावधान करती है।सर्वोच्च न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति ने भी राज्यों को हेलमेट अनिवार्य करने को प्राथमिकता देने की सलाह दी है। योगी सरकार ने कहा है कि 'हेलमेट नहीं तो ईंधन नहीं' का उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि नागरिकों को कानून के अनुसार सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। वाहन चालकों को ईंधन तभी मिलेगा जब वे हेलमेट पहनेंगे। उत्तर प्रदेश परिवहन आयुक्त ने कहा कि यह अभियान पूरी तरह से जनहित में है।

## मुजफ्फरपुर : राहुल गांधी बोले

# संविधान पर चोट की जा रही है

**एजेंसी। मुजफ्फरपुर**



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि गुजरात का मॉडल 'आर्थिक मॉडल' नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि 'वोट चोरी' की शुरुआत गुजरात से हुई और फिर इसे राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' के 11वें दिन मुजफ्फरपुर पहुंचे। उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के लोगों ने मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा और गुजरात के चुनाव में 'वोटी चोरी' की। 'गुजरात मॉडल' वोट चोरी करने का मॉडल है, जिसे ये लोग 2014 में राष्ट्रीय स्तर पर लाए। हम कुछ कहते नहीं थे, क्योंकि हमारे पास कोई सबूत नहीं थे, लेकिन महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बाद हमें सबूत मिल गया।मुजफ्फरपुर में 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि बिहार में दलितों, अति पिछड़ों, अल्पसंख्यकों यानी गरीबों के वोट काटे गए। जिंदा लोगों को मुर्दा बना दिया गया। वोट काटकर संविधान पर चोट की जा रही है।उन्होंने संविधान को आत्मा बताते हुए कहा कि जो लोग भारत माता की आत्मा पर चोट पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं, वे यहां के युवाओं को नहीं समझते हैं। भाजपा 'वोट चोरी' कर चुनाव जीतती है और उसकी मदद चुनाव आयोग करता है।

राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि संसद में चुपचाप एक कानून पास कर दिया जाता है। इसके तहत इलेक्शन कमिश्नर चाहे कुछ भी करें, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की जा सकती। अगर चुनाव आयोग अपना काम ईमानदारी से कर रहा है, तो ऐसे कानून की क्या जरूरत है? केंद्र सरकार में किसानों-मजदूरों को पीटकर जेल में डाल दिया जाता है। युवा पेपर लीक के खिलाफ धरना देता है तो उसे लाठियों से पीटकर अंदर कर देते हैं। लेकिन, देश के चुनाव आयुक्त के खिलाफ कोई एफआईआर नहीं कर सकता है।इससे पहले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब राहुल गांधी चुनाव आयोग की शिकायत करते हैं तो उन्हें शपथ पत्र देने को कहा जाता है। राहुल गांधी राजनीति, मंच के लिए नहीं करते। वे जो कहते हैं, बहुत सोच-समझकर कहते हैं।उन्होंने कहा कि राहुल गांधी वकील हैं, जो भारत के लोगों की लड़ाई लड़ रहे हैं। भारत में लोकतंत्र फलेगा। मताधिकार की चोरी करने वालों से जनता सत्ता छीन लेगी, यह भीड़ इसका संदेश देती है।

# राहुल-तेजस्वी लोकतंत्र के लिए खतरा जनता सिखाएगी सबक : सम्राट चौधरी

**एजेंसी। पटना**



बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव पर बुधवार को जोरदार निशाना साधते हुए उन्हें लोकतंत्र के लिए खतरा बताया। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता दोनों राजकुमारों को सबक सिखाएगी।

आईएएनएस से बातचीत में उन्होंने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के 'वोटर अधिकार यात्रा' में शामिल होने पर लालू परिवार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव और उनका परिवार उन लोगों को बिहार बुला रहा है, जिन्होंने बिहार की जनता का अपमान किया और सनातन धर्म का विरोध किया।

उन्होंने स्टालिन, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का जिक्र करते हुए कहा कि ये लोग बिहार के लोगों का अपमान करते हैं, सनातन धर्म का विरोध करते हैं। ऐसे नेताओं को राजद संरक्षण दे रहा है, जो बिहार और उसके सांस्कृतिक मूल्यों के खिलाफ हैं।

उन्होंने दावा किया कि बिहार की जनता इस सियासी खेल को समझती है और वह एनडीए के साथ मजबूती से खड़ी है।

'वोटर अधिकार यात्रा' और एसआईआर के मुद्दे पर विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि बिहार की जनता के लिए एसआईआर कोई बड़ा मुद्दा नहीं है, बल्कि विकास, तरक्की और रोजगार उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने एनडीए सरकार के तहत पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को समृद्ध बनाने के प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने 'वोटर अधिकार यात्रा' में रेवंत रेड्डी और स्टालिन के जुड़ने को 'घुसपैठिया' करार दिया। डिप्टी सीएम के अनुसार, घुसपैठिये आए हैं, चले जाएंगे। यह बिहार यहां पर था और रहेगा। चौधरी ने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आपातकाल का जिक्र किया, जब निर्दोष लोगों को जेल में डाला गया। लोकतंत्र की हत्या की गई। इसी तरह उन्होंने लालू यादव पर भी सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाया।

मोहन भागवत के बयान पर उन्होंने कहा कि भारत के निर्माण में सभी का सहयोग है। भारत का मतलब भगवान राम और श्री कृष्ण के वंशजों से है। उन्होंने कहा कि समय के साथ कुछ लोगों ने पूजा पद्धति बदली, लेकिन सभी भारतीय हैं। यह सनातन संस्कृति की एकता को दर्शाता है, जो भारत की मूल पहचान है।

पीएम मोदी के पूर्णिया दौरे को लेकर उन्होंने कहा कि लगभग 40,000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की घोषणा की जाएगी। कई परियोजनाओं का जुड़ना अभी बाकी है। पूर्णिया हवाई अड्डे का उद्घाटन किया जाएगा। इससे क्षेत्र में हवाई यात्रा को बढ़ावा मिलेगा।

# आज का राशिफल

**मेष :** आज आपके लिए दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आपको सोने - चाँदी के बिजनेस में बड़ा धन लाभ होगा। आज आप प्रोफेशनल कार्यो के साथ - साथ अपने निजी कार्यों को भी पूरा करेंगे। आज सामाजिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति और विचार सराहनीय रहेंगे।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। आज आपको व्यवसाय में बड़ा धन लाभ होगा , जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आप किसी मुद्दे के ऊपर जीवनसाथी से सलाह - मशविरा कर सकते हैं। आज किसी प्रोजेक्ट को लेकर ऑफिशियल यात्रा संभव है, आप सारी तैयारी अच्छे से कर लें।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। आज आप किसी नए काम की शुरुआत करेंगे, जिसमें आपको अच्छा लाभ होगा। आज आप माता - पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं , जिससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। आज आप घर - परिवार संबंधी समस्याओं को सुलझाने में सफल रहेंगे।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप व्यापार को और बड़ा बनाने का प्रयास करेंगे, जिसके लिए आप ऑफिस में मीटिंग कर सकते हैं। आज आप अपने खान - पान को लेकर डाइट प्लान तैयार कर सकते हैं। आज आपको स्वयं की सूझबूझ से लिए गए निर्णय के उचित परिणाम हासिल होंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपकी व्यापारिक गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेंगी, आप किसी बड़ी डील को फ़ाइनल कर सकते हैं। आज ऑफिस में आपके काम को लेकर तारीफ होगी और बॉस आपके प्रमोशन की बात कर सकते हैं।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप रुके हुए कार्यों को पूरा करेंगे, जिससे आपकी व्यस्तता बनी रहेगी। आज आप किसी भी निर्णय को लेने से पहले अच्छे से सोच - विचार कर लें, जिससे बाद में कोई पछतावा न हो। इस राशि के लेखक आज किसी अच्छी कविता को लिखने का मन सकते हैं।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आपको व्यापार में अच्छा लाभ होगा और आपके व्यावसायिक रिश्ते भी मजबूत बनेंगे। इस राशि के जो व्यक्ति विदेश जाने का मन बना रहे थे , आज आपको किसी से मदद मिलेगी। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं।

**वृश्चिक :** आज आप किसी व्यक्ति की मदद से अपने कार्यों को पूरा करने में समर्थ रहेंगे, जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज ऑफिस में बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी दे सकते हैं, आज आपको पिछले कुछ समय से अपने करियर और निजी जीवन संबंधी किए गए प्रयासों का फल मिलने का समय है।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आप पार्टनरशिप में किसी बिजनेस की शुरुआत कर सकते हैं, भविष्य में आप अच्छा लाभ कमायेंगे। इस राशि के सामाजिक कार्यों में कार्यरत व्यक्ति सामाजिक हित के लिए किसी विशेष मुद्दे को उठा सकते हैं।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहेगा। आज आप व्यापारिक लेन - देन में सारी चीजें अच्छे से चेक करें और कर्मचारियों के साथ अच्छे से व्यवहार करें। आज आपको पैतृक सम्पत्ति का लाभ मिलेगा, जिससे आपके बहुत से अटके काम पूरे होंगे। आज आप दाम्पत्य जीवन की समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करेंगे।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप अपने सपनों को पूरा करने में काफी हद तक सफल रहेंगे। आज आपके दाम्पत्य जीवन में नयी जिम्मेदारियां आएंगी , जिसे आप बखूबी निभायेंगे। आज आपको किसी व्यक्ति की मदद करने का मौका मिलेगा , जिसे आप नजरंदाज न करें।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक रहेगा। आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त होंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज आपके जमीन जायदाद से जुड़े कार्य प्रगति की ओर बढ़ेंगे। आज आप किसी मामले में घर के वरिष्ठ सदस्यों की सलाह ले सकते हैं, जिससे वो आसानी से सुलझ जायेगा।

## राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट में दो नए जजों आलोक अराधे और विपुल एम. पंचोली की नियुक्ति को दी मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत के राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट में दो नए जजों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। राष्ट्रपति ने बॉम्बे हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस आलोक अराधे और पटना हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस विपुल एम. पंचोली को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने हाल ही में इन दोनों जजों की नियुक्ति की सिफारिश केंद्र सरकार को भेजी थी। भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए राष्ट्रपति ने भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है।

केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दोनों जजों की नियुक्ति की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से दी।

केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक्स पर लिखा, "भारत के संविधान द्वारा दी गई शक्तियों का उपयोग करते हुए राष्ट्रपति ने भारत के मुख्य न्यायाधीश के साथ परामर्श के बाद बॉम्बे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति आलोक अराधे और पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपुल मनुभाई पंचोली को भारत के सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है।"

उल्लेखनीय है कि इसी साल मई में भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने जस्टिस एन. वी. अंजनिया, जस्टिस विजय बिश्नोई, और जस्टिस अतुल एस. चंदुरकर को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई थी। तीन जजों के शपथ लेते ही सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की कुल संख्या 34 हो गई थी। 29 मई को सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने इन तीनों जजों की नियुक्ति के संबंध में सिफारिश की थी, जिसे बाद में केंद्र सरकार की तरफ से मंजूरी दे दी गई थी। इस संबंध में केंद्र सरकार की तरफ से अधिसूचना भी जारी की गई थी। न्यायमूर्ति एन. वी. अंजनिया पूर्व में कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे। न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई पूर्व में गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे। न्यायमूर्ति अतुल एस. चंदुरकर पूर्व में बॉम्बे हाईकोर्ट के न्यायाधीश थे।

## जनता के गुस्से का शिकार हुए मंत्री श्रवण कुमार, जान बचाने को 1 किलोमीटर तक भागे

**पटना।** बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी पर बुधवार को नालंदा ज़िले में ग्रामीणों ने हमला कर दिया। यह घटना उस समय हुई जब दोनों नेता गांव में नौ लोगों की मौत से प्रभावित परिवारों से मिलने गए थे। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन ने समय पर कार्रवाई नहीं की, जिसके कारण कई लोगों की जान चली गई। दो दिन पहले ही एक सड़क दुर्घटना हुई थी जिसमें एक ट्रक की चपेट में आने से ऑटो में सवार नौ लोगों की मौत हो गई थी।

मंत्री श्रवण कुमार और विधायक कृष्ण मुरारी जैसे ही गाँव पहुँचे, उन्होंने प्रभावित परिवारों से लगभग आधे घंटे तक मुलाकात की। इसके बाद, जब मंत्री और विधायक जाने वाले थे, तो ग्रामीणों ने मुआवज़े की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। कुछ ही देर में ग्रामीण हिंसक हो गए और उन पर लाठियों से हमला कर दिया।

## ममता सरकार देश की सबसे भ्रष्ट! दिलीप घोष बोले-

# बंगाल में 1 करोड़ फर्जी वोटर

**एजेंसी। नई दिल्ली**




भारतीय जनता पार्टी के नेता दिलीप घोष ने बुधवार को ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार पर तीखा हमला बोला और उसे देश की सबसे भ्रष्ट सरकार करार दिया। घोष पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उन आरोपों का जवाब दे रहे थे जिनमें उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार के मंत्री और विधायक जेल में हैं और ऐसा लग रहा है कि वे भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल हैं। घोष ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में एक करोड़ से ज़्यादा फ़र्ज़ी मतदाता हैं, और उनका मानना है कि विशेष जांच और पंजीकरण (एसआईआर) प्रक्रिया शुरू होने के बाद ये मतदाता सूची से हटा दिए जाएंगे। उन्होंने टीएमसी पर इन फ़र्ज़ी पंजीकरणों के ज़रिए मतदाता आधार बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। दिलीप घोष ने एएनआई से कहा कि ममता बनर्जी सरकार के मंत्री और विधायक जेल में हैं। चोर कौन हैं, ये तो सबको पता है। यहां शुरू होने के बाद, यहाँ के 1 करोड़ से ज्यादा फ़र्ज़ी मतदाता भी बाहर हो जाएँगे, इसलिए उनकी सरकार यहाँ भी नहीं बनेगी। वे इससे डरे हुए हैं, इसलिए ऐसे बेतुके बयान दे रहे हैं। देश की सबसे भ्रष्ट सरकार पश्चिम बंगाल में है। इससे पहले मंगलवार को, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राज्य की महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं के लिए धन रोकने का आरोप लगाया था। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल की जनता का अपमान किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार 100-दिवसीय मनरेगा कार्य कार्यक्रम, निर्मल जल योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना सहित प्रमुख योजनाओं के लिए धनराशि जारी करने में विफल रही है। इसके बावजूद, ममता बनर्जी ने ज़ोर देकर कहा कि राज्य सरकार ने अपने स्वयं के धन का उपयोग करके इन सभी परियोजनाओं को जारी रखा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 100 दिनों के लिए धनराशि रोक दी है, नल जल योजना के लिए धनराशि रोक दी है।

## जनसंख्या | सीमाओं से 30 किलोमीटर तक के क्षेत्र में अतिक्रमण और अवैध ढांचों को हटाने के दिये निर्देश

# घुसपैठियों की अब खैर नहीं, अमित शाह

- अवैध प्रवास और बस्तियों पर सख्त कार्रवाई की बात दोहराई गई

**एजेंसी। नई दिल्ली**



### क्या है वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम?

वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम केंद्र प्रायोजित योजना है जिसके तहत उत्तरी सीमा से सटे अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के 19 जिलों के 46 ब्लॉक में 2,967 गांवों की व्यापक विकास के लिए पहचान की गई है। हम आपको याद दिला दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक्टूबर 2023 में उत्तराखंड में चीन सीमा के नजदीक आखिरी गांव माणा में जब गये थे तब उन्होंने कहा था कि सीमाओं पर बसे गांव को आखिरी गांव नहीं पहला गांव कहा जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दिये गये अपने संबोधन में इस तथ्य पर विशेष ध्यान दिलाया था कि सीमा से लगे गांवों में अवैध प्रवास के कारण जनसंख्या संरचना में बदलाव आ रहा है और यह केवल भौगोलिक कारणों से नहीं, बल्कि एक सुनियोजित रणनीति का हिस्सा है। इसी परिप्रेक्ष्य में गृहमंत्री अमित शाह ने हाल ही में आयोजित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम कार्यशाला में महत्वपूर्ण संकेत दिए।

अमित शाह ने साफ कहा कि सीमा क्षेत्रों में होने वाले जनसांख्यिकीय परिवर्तन केवल सामाजिक या प्राकृतिक प्रवाह का परिणाम नहीं हैं, बल्कि यह एक नियोजित प्रयास है। धार्मिक संरचनाओं अथवा अवैध कब्जों के माध्यम से स्थानीय जनसंख्या संतुलन बदलने की कोशिश की जाती है, जिससे दीर्घकालिक रूप से सुरक्षा पर असर पड़ता है। उन्होंने गुजरात का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां भूमि और समुद्री सीमा क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण हटाए गए हैं।अमित शाह ने विशेष रूप से जिलाधिकारियों, मुख्य सचिवों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को निर्देशित किया कि वह सीमा से 30 किलोमीटर तक के क्षेत्र में अतिक्रमण और अवैध ढांचों को हटाएं। साथ ही अवैध प्रवास और बस्तियों पर गंभीरता से कार्रवाई करें। अमित शाह ने यह भी कहा कि और जिला प्रशासन आपस में समन्वय कर विकास योजनाओं को शत-प्रतिशत संतृप्ति तक पहुंचाएँ। हम आपको बता दें कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम का लक्ष्य केवल बुनियादी ढांचा निर्माण तक सीमित नहीं है। इसका वास्तविक उद्देश्य सीमा क्षेत्रों के गांवों को राष्ट्र की सुरक्षा में सहभागी बनाना है।

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बाद अश्विन ने आईपीएल से भी संन्यास लिया

**220**

आईपीएल मैचों की 98 पारियों में 833 रन बनाने वाले अश्विन ने 187 विकेट लिए हैं



**2008**

में अश्विन ने आईपीएल खेलना शुरू किया था

> **अश्विन ने आगे लिखा :** *'इतने सालों की शानदार यादों और रिश्तों के लिए सभी फ्रेंचाइजी का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा और सबसे जरूरी आईपएल और बीसीसीआई का, जो उन्होंने मुझे अब तक मौका दिया है। आगे जो भी है उसका आनंद लेने और उसका पूरा लाभ उठाने के लिए उत्सुक हूं।*

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

दिग्गज क्रिकेटर आर अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बाद आईपीएल से भी संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। अश्विन ने सोशल मीडिया के माध्यम से आईपीएल को अलविदा कहने की सूचना दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अश्विन ने लिखा, "खास दिन और इसलिए एक खास शुरुआत। कहते हैं हर अंत की एक नई शुरुआत होती है। एक आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज समाप्त हो रहा है। लेकिन, विभिन्न लीगों में खेलने की संभावनाएं आज से शुरू हो रही हैं। इतने सालों की शानदार यादों और रिश्तों के लिए सभी फ्रेंचाइजी का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा। आईपीएल और बीसीसीआई का विशेष तौर पर शुक्रिया। आगे जो भी है उसका आनंद लेने और उसका पूरा लाभ उठाने के लिए उत्सुक हूं।

आईपीएल 2025 में अश्विन सीएसके का हिस्सा थे। टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था। ऐसे में अगले सीजन में टीम बड़े बदलावों के साथ उतर सकती हैं। अश्विन के सोशल मीडिया पोस्ट से यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह बेशक आईपीएल में खेलते हुए नहीं दिखेंगे, लेकिन दूसरी क्रिकेट लीग में खेलते हुए वह दिख सकते हैं। संभवतः वह देश के बाहर खेली जाने वाली टी20 लीग में खेलते दिख सकते हैं। गौरतलब है कि बीसीसीआई भारत के अंतरराष्ट्रीय या घरेलू क्रिकेट से जुड़े किसी भी मौजूदा खिलाड़ी को विदेशी टी20 लीग में खेलने की छूट नहीं देता है। हालांकि, अब अश्विन संन्यास के बाद इन लीग में खेल सकते हैं।

## रविचंद्रन अश्विन स्पिन गेंदबाजी के वैज्ञानिक हैं : मोंटी पनेसर

भारतीय ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से भी संन्यास ले लिया है। अश्विन के आईपीएल से संन्यास पर इंग्लैंड के स्पिनर मोंटी पानेसर ने हैरानी जताई है। पनेसर ने अश्विन को स्पिन गेंदबाजी का वैज्ञानिक बताया। आईएएनएस से बात करते हुए पनेसर ने कहा, "अश्विन ने आईपीएल में टी20 गेंदबाज के रूप में अपनी पहचान बनाई। पावरप्ले में बेहतरीन प्रदर्शन किया और धीरे-धीरे सभी प्रारूपों में एक शानदार ऑलराउंडर के रूप में विकसित हुए। उन्होंने कहा कि अश्विन ने गेंदबाजी में अपनी तकनीक का इस्तेमाल किया। नए तरीके विकसित किए और बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया। उनकी प्रतिष्ठा स्पिन गेंदबाजी के वैज्ञानिक के रूप में है। भारतीय मूल के मोंटी पनेसर ने इंग्लैंड की तरफ से 2006 से 2013 के बीच इस बाएं हाथ के स्पिनर ने 50 टेस्ट में 167 विकेट लिए थे। इसके अलावा 26 वनडे में 24 और 1 टी20 में उन्होंने 2 विकेट लिए। आर अश्विन ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आईपीएल से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने लिखा, "खास दिन और इसलिए एक खास शुरुआत। कहते हैं हर अंत की एक नई शुरुआत होती है। एक आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज समाप्त हो रहा है। लेकिन, विभिन्न लीग्स में खेलने की संभावनाएं आज से शुरू हो रही हैं। इतने सालों की शानदार यादों और रिश्तों के लिए सभी फ्रेंचाइजी का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा। आईपीएल और बीसीसीआई का विशेष तौर पर शुक्रिया। आगे जो भी है उसका आनंद लेने और उसका पूरा लाभ उठाने के लिए उत्सुक हूं।

अश्विन ने 2008 में आईपीएल खेलना शुरू किया था। वह चेन्नई सुपर किंग्स, राइजिंग पुणे सुपर जाइंट्स, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा रहे। पंजाब किंग्स के वह कप्तान भी रहे। 220 आईपीएल मैचों की 98 पारियों में 833 रन बनाने वाले अश्विन ने 187 विकेट लिए हैं। आईपीएल इतिहास के वह पांचवें सफलतम गेंदबाज हैं।

### आईपीएल में अश्विन

| बैटिंग | | बॉलिंग | |
|---|---|---|---|
| 221 | मैच | 221 | मैच |
| 833 | रन | 187 | विकेट |
| 50 | बेस्ट | 4/34 | बेस्ट |
| 118.16 | स्ट्राइक रेट | 7.20 | इकोनॉमी |

### बीजीटी के दौरान इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहा...


अश्विन ने पिछले साल दिसंबर में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने 14 से 18 दिसंबर के बीच खेले गए गाबा टेस्ट के बाद रिटायरमेंट का ऐलान किया था। वे कप्तान रोहित शर्मा के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहुंचे था। उन्होंने कहा था, आज भारतीय टीम के क्रिकेटर के तौर पर मेरा अंतिम दिन था। मैं क्लब क्रिकेट खेलता रहूंगा।

## हॉकी के गढ़ में खेलने का मौका मिलेगा, भारत आकर खुश हैं कजाकिस्तान के कप्तान

**राजगीर (आईएएनएस)** । हॉकी एशिया कप 2025 में भाग लेने के लिए कजाकिस्तान की टीम मंगलवार रात बिहार पहुंच गई। बिहार पहुंचने के बाद कजाकिस्तान के कप्तान येरकेबुलन द्यूसेबेकोव ने खुशी जताते हुए कहा कि यह हॉकी के गढ़ में खेलने का सुनहरा अवसर है। येरकेबुलन द्यूसेबेकोव ने कहा, "यह टीम पहली बार भारतीय धरती पर उतर रही है और महाद्वीपीय मंच पर अपनी क्षमता दिखाने के लिए उत्सुक है। उन्होंने कहा, "हम पहली बार भारत आकर बेहद उत्साहित हैं।



मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के मुख्य स्टेडियम में अभी घास लगाने के लिए "मिट्टी की मरम्मती" का काम जारी



बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में घास लगाने का काम लगभग पूरा हो चुका है

## पारा थ्रो बॉल महिला-पुरुष खिलाड़ी रांची स्टेशन से रवाना

**रांची । नवीन मेल संवाददाता**



तमिलनाडु के कोयंबटूर में आयोजित 4था पारा थ्रो बॉल नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन 29 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक किया गया है इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ झारखंड भी भाग ले रहा है और इस प्रतियोगिता में झारखंड के पुरुष वर्ग के खिलाड़ी सनोज महतो (कप्तान), मुकेश कंचन, पवन लकड़ा, चंदन लोहरा, मुकेश कुमार, राकेश रंजन, कमलेश उरांव, राजेश कुमार मेहता, अंगद कुमार सिंह, प्रमोद कुमार महतो, महिला वर्ग से महिमा उरांव (कप्तान), प्रतिमा तिर्की, निक्की कुमारी, पुष्पा मिंज, अनीता तिर्की, असुंता टोप्पो, संजुक्ता एक्का, सरिता भूटकुमारी मुंडा, सुनीता मुंडा, जय श्री कुमारी, पूनम कुमारी, शकुंतला लकड़ा, तारामणि लकड़ा भाग ले रहे हैं। खिलाड़ियों हौसला बढ़ाने के लिए साथ में जा रहे है पारा थ्रो बॉल एसोसिएशन ऑफ़ झारखंड के सचिव सरिता सिन्हा जी, संरक्षक जगदीश सिंह जग्गू एवं राधा सिंह, टीम के मैनेजर शैलेंद्र सिन्हा भी टीम के साथ रवाना हुए। पिछले वर्ष झारखंड टीम विजेता हुई थी ।

इस बार भी खिलाड़ियों का कहना है कि विजय होकर लौटेंगे। खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए रांची रेलवे स्टेशन में बतौर अतिथि के तौर पर विजय कुमार दत्ता ,मुख्य संरक्षक (पैरालंपिक कमिटी ऑफ झारखंड) एवं अन्य उपस्थित गणमान्य व्यक्तगण ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया गया और जीत की अग्रिम बधाई दिया।

## आरके आनंद मल्टी स्पोर्ट्स अकादमी का इंटर स्कूल शूटिंग प्रतियोगिता समापन

**रांची** । आर. के. आनंद मल्टी स्पोर्ट्स अकादमी के तत्वावधान में आयोजित इंटर स्कूल शूटिंग प्रतियोगिता का सफल समापन बुधवार को नमकुम के लॉन बॉल्स स्टेडियम में हुआ। यह प्रतियोगिता 25 से 27 अगस्त तक तीन दिनों तक चली, जिसमें रांची के विभिन्न 10 विद्यालयों के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सरला बिरला स्कूल को सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का खिताब प्राप्त हुआ। वहीं, विवेकानंद विद्या मंदिर द्वितीय और सेंट जॉन्स स्कूल तृतीय स्थान पर रहे। व्यक्तिगत स्तर पर भी कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इनमें आर्यन सिंह (353/400), इशित राज (347/400), करन सिंह (316/400) और आरव साहू (260/400) ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का स्थान हासिल किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आचार्यकुलम स्कूल के स्वामी दिव्यदेव उपस्थित थे। विशेष अतिथि के तौर पर झारखंड सेपक टकरा एसोसिएशन के अध्यक्ष उदय साहू और झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुबे शामिल हुए। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता के सफल संचालन में आर. के. आनंद मल्टी स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर के शूटिंग कोच प्रत्युश कुमार सिंह का विशेष योगदान रहा।





## अदाणी समूह और कोका कोला के प्रमुख बॉटलर ने भी उद्योग लगाने को ली जमीन

**गोरखपुर।** निवेशकों की मांग के अनुरूप गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) ने न केवल लैंड बैंक समृद्ध किया है, बल्कि साल दर साल औद्योगिक भूखंडों का आवंटन भी तेज हुआ है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में तो गीडा ने अब तक 54 नई यूनिट्स के लिए रिकॉर्ड 182 एकड़ भूमि का आवंटन किया है। इससे 5,800 करोड़ रुपए के नए पूंजी निवेश के साथ 8,500 लोगों के लिए रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। लंबे दौर तक पहचान को जूझता रहा गोरखपुर अब इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, रोड, रेल और एयर कनेक्टिविटी के मामले में मजबूत होकर औद्योगिक नक्शे पर भी चमक गया है। औद्योगिक प्रगति के नए कालखंड में सिर्फ पिछले पांच साल की बात करें तो इस दौरान गीडा को 9,445 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले और इसके जरिए 22,922 रोजगार सृजन संभव हुआ। इसमें मल्टीनेशनल ब्रांड पेप्सिको, केयान डिस्टिलरी, ज्ञान डेयरी, टेक्नोप्लास्ट और केंद्रीय भंडारण निगम, कपिला कृषि उद्योग, एपीएल अपोलो ट्यूब्स जैसे बड़े नाम शामिल हैं। गोरखपुर में अदाणी समूह ने अंबुजा ब्रांड सीमेंट फैक्ट्री की नई यूनिट और कोका कोला के प्रमुख बॉटलर अमृत बॉटलर्स ने भी यूनिट लगाने के लिए जमीन ली है।

# कैबिनेट ने 12,328 करोड़ रुपए के रेलवे प्रोजेक्ट्स को दी हरी झंडी

● **नमक, सीमेंट, कोयला, क्लिंकर और बेंटोनाइट का होगा परिवहन**

**नई दिल्ली अगस्त (आईएएनएस)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेल मंत्रालय की लगभग 12,328 करोड़ रुपए की कुल लागत वाली चार परियोजनाओं को मंजूरी दी। यह जानकारी बुधवार को सरकार की ओर से दी गई। इन परियोजनाओं में देशलपार - हाजीपीर - लूना और वायोर - लखपत नई लाइन, सिकंदराबाद (सनथनगर) - वाडी तीसरी और चौथी लाइन, भागलपुर-जमालपुर तीसरी लाइन और फुर्केटिंग - न्यू तिनसुकिया दोहरीकरण शामिल हैं। गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना, बिहार और असम के 13 जिलों को कवर करने वाली चार परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में 565 किलोमीटर की वृद्धि होगी। नई परियोजनाओं का उद्देश्य यात्रियों और वस्तुओं दोनों का निर्बाध और त्वरित परिवहन सुनिश्चित करना है। ये पहल कनेक्टिविटी और यात्रा सुविधा में सुधार के साथ-साथ लॉजिस्टिक्स लागत को कम करेंगी। इसके अतिरिक्त, ये परियोजनाएं कार्बनडाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम करने में योगदान देंगी, जिससे स्थाई और कुशल रेल संचालन को बढ़ावा मिलेगा। इन परियोजनाओं के निर्माण के दौरान लगभग 251 लाख मानव-दिवसों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार भी सृजित होगा।

प्रस्तावित नई रेल लाइन कच्छ क्षेत्र के सुदूर क्षेत्रों को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। यह गुजरात के विद्मान रेलवे नेटवर्क में 145 रूट किलोमीटर और 164 ट्रैक किलोमीटर जोड़ेगी, जिसकी अनुमानित लागत 2526 करोड़ रुपए है। परियोजना की पूर्ण होने की समय-सीमा 3 वर्ष है। गुजरात राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के अतिरक्त, यह नई रेल लाइन नमक, सीमेंट, कोयला, क्लिंकर और बेंटोनाइट के परिवहन में भी मदद करेगी। इस परियोजना का रणनीतिक महत्व यह है कि यह कच्छ के रण को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। इसमें 13 नए रेलवे स्टेशन जोड़े जाएंगे, जिससे हड़प्पा स्थल धोलावीरा, कोटेश्वर मंदिर, नारायण सरोवर और लखपत किला भी रेल नेटवर्क के अंतर्गत आ जाएंगे। इससे 866 गांवों और लगभग 16 लाख आबादी को लाभ होगा। कर्नाटक और तेलंगाना में फैली 173 किलोमीटर लंबी सिकंदराबाद (सनथनगर) - वाडी तीसरी और चौथी लाइन के पूरा होने की समय-सीमा पांच वर्ष और लागत 5012 करोड़ रुपए है, जबकि बिहार में 53 किलोमीटर लंबी भागलपुर - जमालपुर तीसरी लाइन के लिए यह तीन साल है और इसकी लागत 1156 करोड़ रुपए है। 194 किलोमीटर लंबी फुरकेटिंग - न्यू तिनसुकिया दोहरीकरण परियोजना का कार्य चार वर्षों में पूरा होगा, जिसकी लागत 3634 करोड़ रुपए है।

## प्राकृतिक संसाधनों पर इस्लामाबाद की दखल बढ़ा असंतोष

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) और बलूचिस्तान जैसे प्राकृतिक संसाधन संपन्न इलाकों में अशांति बढ़ रही है। इसका कारण है कि इस्लामाबाद इन राज्यों के प्राकृतिक खनिजों पर अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल कर रहा है। पाकिस्तान में प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन एक चेतावनी भरी कहानी बन गया है कि कैसे संवैधानिक अधिकारों के बावजूद, केंद्रीकरण ने प्रांतीय स्वायत्तता को कमजोर कर दिया है। यूरोपियन टाइम्स के एक लेख के अनुसार, ऐतिहासिक 18वें संशोधन में प्राकृतिक संसाधनों पर ज्यादा प्रांतीय नियंत्रण देने के वादे के पंद्रह साल बाद भी, शोषण के पुराने तरीके जारी हैं। 2010 में पारित 18वें संशोधन को संघवाद के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना गया। इसके अनुच्छेद 172(3) के तहत, प्रांतों और केंद्र सरकार के बीच प्राकृतिक संसाधनों का संयुक्त स्वामित्व तय किया गया।

## भारत में फरवरी 2025 तक 56.75 लाख इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत हुए

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत में तेजी के इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाया जा रहा है और फरवरी 2025 तक 56.75 लाख ईवी पंजीकृत हुए हैं। यह जानकारी सरकारी डेटा में दी गई। `टा के अनुसार, वित्त वर्ष 25 में देश में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री 11.49 लाख यूनिट्स रही थी, जो कि पिछले वित्त वर्ष के आंकड़े 9.48 लाख यूनिट्स से 21 प्रतिशत अधिक थी। यह आंकड़े बताते हैं कि लोग तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों की तरफ शिफ्ट हो रहे हैं। सरकार ने भी 2030 तक कुल वाहनों की बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। सरकार ईवी इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिसमें हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों को तेज अपनाना और निर्माण (फेम-2), पीएम ई-ड्राइव, प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम, पीएम ई-बस सेवा शामिल हैं।

## भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की जीवीए ग्रोथ वित्त वर्ष 24 में 11.89 प्रतिशत रही

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की ग्रॉस वैल्यू एडेड (जीवीए) वृद्धि दर वित्त वर्ष 24 में 11.89 प्रतिशत रही है, जो कि पिछले वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत थी। यह जानकारी बुधवार को जारी हुए एनुअल सर्वे ऑफ इंडस्ट्रीज (एएसआई) में दी गई। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक देश का औद्योगिक उत्पादन 5.80 प्रतिशत बढ़ है। रिपोर्ट में बताया गया कि वित्त वर्ष 24 में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में रोजगार सालाना आधार पर 5.92 प्रतिशत बढ़ा है। बीते एक दशक में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 57 लाख से ज्यादा नौकरियां जुड़ी हैं और वित्त वर्ष 24 में 1,95,89,131 वर्कर्स फैक्टरी जॉब्स में थे।

## रात में जंगली हाथियों का कहर

# किसान का घर टूटा, धान की फसल चौपट, ग्रामीणों में दहशत



नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ (लातेहार)।** मंगलवार देर रात मारांगलोइया पंचायत के पिपराही गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने लूथर मिंज पिता पॉलूस मिंज के घर को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया और आसपास खेतों में लगी धान की फसलों को बर्बाद कर दिया। किसान रामबिलास मिंज, धनदीव उरांव, सोनमेत देवी, मनोज मिंज, विनोद तिर्की और दिलीप उरांव समेत कई परिवारों की फसलें चौपट हो गईं। हाथियों के हमले से पूरा इलाका दहशत में है। ग्रामीण घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने को मजबूर हुए। घटना की जानकारी मिलने पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गंझू मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों का हालचाल लिया और वन विभाग से शीघ्र मुआवजा एवं ग्रामीणों की सुरक्षा की मांग की। साथ ही कहा कि यदि प्रशासन ठोस कदम नहीं उठाता तो ग्रामीणों की जान-माल को खतरा बना रहेगा। समाजसेवी रामलाल भगत, पंचायत अध्यक्ष साबिर अंसारी और अन्य लोग भी पहुंचे और प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग की।

## यूरिया के लिए किसानों की लंबी कतारें

# भीड़ ज्यादा होने से कई किसान खाली हाथ लौटे



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में यूरिया की कमी से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। नीलांबर-पितांबरपुर प्रखंड के कोटखास पैक्स केंद्र पर बुधवार को यूरिया खरीदने पहुंचे किसानों की भारी भीड़ लग गई। भीड़ इतनी ज़्यादा थी कि केंद्र के बाहर लंबी कतारें लग गईं। हालत यह रही कि कई किसान घंटों से लाइन में खड़े रहने के बाद भी यूरिया नहीं खरीद पाए और उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा। किसान शिवजी ने बताया कि वह सुबह से कतार में खड़े थे, लेकिन अत्यधिक भीड़ और सीमित स्टॉक होने के कारण उन्हें खाद नहीं मिल सका। यह समस्या केवल कोटखास केंद्र तक सीमित नहीं है। जिले के अन्य प्रखंडों और पैक्स केंद्रों पर भी किसानों को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है और कई जगहों पर खाद की कमी के कारण किसान खाली हाथ लौट रहे हैं।

## पेयजल विभाग की लापरवाही, डीसी ने दिखाई सख्ती

# पुरानी फाइल पेश करने पर तीन अफसरों का वेतन रोका

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू में पेयजल और स्वच्छता विभाग की लापरवाही सामने आई है। मंगलवार को हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग समीक्षा बैठक में विभाग के अफसरों ने उपायुक्त (डीसी) समीरा एस को नई रिपोर्ट की जगह पुरानी फाइल थमा दी। फाइल में सिर्फ ऊपर की तारीख बदली हुई थी, बाकी सब पुराना था। यह देखकर डीसी नाराज़ हो गईं और बैठक वहीं रोक दी।

**वेतन रोकने का आदेश :** गलती करने वाले तीन अधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए डीसी ने उनका वेतन रोकने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पेयजल योजनाओं जैसी जरूरी सेवाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**कैसे हुआ मामला :** डीसी पाटन इलाके से कार्यक्रम खत्म कर सीधे दोपहर 12 बजे समीक्षा बैठक में पहुंचीं। बैठक देर से शुरू हुई और जब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दस्तावेज़ दिखाए गए, तो डीसी को पता चला कि यह पुराने कागज़ात हैं। इस पर उन्होंने कड़ी नाराज़गी जताई और बैठक स्थगित कर दी।

**डीसी की चेतावनी :** डीसी ने स्पष्ट कहा कि यह योजनाएं आम जनता की ज़रूरत से जुड़ी हैं। अफसरों की लापरवाही से जनता को दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर भविष्य में ऐसी गलती दोबारा हुई तो और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## महिला चिकित्सक ने वरिष्ट पत्रकारों के खिलाफ थाने में की शिकायत

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की महिला चिकित्सक डॉ. अर्चना मधुर ने दो वरिष्ट पत्रकारों के खिलाफ थाना में आवेदन देकर विवाद खड़ा कर दिया है। अंभान में इलाज में लापरवाही और मरीजों के साथ बदसलूकी की खबर प्रकाशित होने के बाद, डॉ. अर्चना ने पत्रकार विजय शर्मा और अशोक पांडेय को सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए पुलिस शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले की गंभीरता को लेकर चतरा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील कश्यप ने तत्कालीन बैठक बुलाई और पत्रकारों के समर्थन में निंदा प्रस्ताव पारित किया। प्रेस क्लब अध्यक्ष ने कहा कि यह पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर हमला है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पत्रकारों का कहना है कि उन्होंने समाज की सेवा करते हुए सच्चाई को सामने रखा है। मीडिया वरिष्ठ संगठन और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संघ ने भी इस मामले में हस्तक्षेप की बात कही है। वे आशा करते हैं कि इस मामले की निष्पक्ष जांच होगी और पत्रकारों के खिलाफ किसी भी प्रकार की दबाव या उत्पीड़न नहीं होगा।

## छत्तरपुर में अवैध खनन पर गाज

# रातों-रात फरार हुए खनन माफिया पुलिस ने ट्रैक्टर-उपकरण जब्त किए

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिले में अवैध खनन की काली कमाई पर एक बार फिर प्रशासन की सख़्ती देखने को मिली। मंगलवार की देर रात छत्तरपुर प्रखंड के करमा कलां गांव में खान निरीक्षक शुभम कुमार के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। कार्रवाई की भनक लगते ही मौके पर मौजूद खनन माफिया अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से भाग खड़े हुए। पीछे रह गए तो सिर्फ़ उनके ट्रैक्टर और भारी मात्रा में खनन सामग्री। टीम ने मौके से दो ट्रैक्टर जब्त किए, जिनसे करीब 80 घन फीट पत्थर (स्टोन बोल्डर) बरामद हुआ। यह कोई मामूली बात नहीं, इससे अवैध खनन के पैमाने का अंदाज़ा लगाया जा सकता है।

केवल इतना ही नहीं, प्रशासन ने छापेमारी में खनन के लिए इस्तेमाल होने वाले दो जैक हैमर मशीन, चार ड्रिलिंग रॉड, एक शबवेल, एक कुल्हाड़ी और करीब 20 डेटोनेटर भी जब्त किए। ये उपकरण बताते हैं कि खनन माफिया संगठित तरीके से बड़े पैमाने पर अवैध कारोबार को अंजाम देने में जुटे थे।

छापेमारी के बाद छत्तरपुर थाना में अज्ञात लोगों के नाम से प्राथमिकी दर्ज की गई है। अब पुलिस उन सभी की पहचान करने और गिरफ्तारी के लिए सक्रिय है। स्थानीय ग्रामीण इस कार्रवाई को लेकर राहत महसूस कर रहे हैं। उनका कहना है कि लंबे समय से अवैध खनन के चलते न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा था, बल्कि गांव की सूरत भी बदलती जा रही थी। वहीं प्रशासन का कहना है कि ऐसी गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और लगातार अभियान जारी रहेगा। इस कार्रवाई ने एक बार फिर खनन माफियाओं के बीच हड़कंप मचा दिया है।

## जिले में यूरिया की भारी कमी

# धान की रोपाई पूरी, लेकिन खाद के बिना परेशान किसान

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिले में यूरिया खाद की कमी से किसान बेहाल हैं। कृषि विभाग के अनुसार, इस सीज़न में जिले को लगभग 2670 मीट्रिक टन यूरिया की जरूरत है, लेकिन अब तक सिर्फ 585 मीट्रिक टन ही उपलब्ध कराया गया है।

**इस साल पलामू में बारिश औसत से ज्यादा हुई है :** अधिक बारिश के कारण मक्का और दलहन की खेती प्रभावित जरूर हुई, लेकिन धान की खेती के लिए इसे फायदेमंद माना जा रहा है। जिले में करीब 51 हजार हेक्टेयर जमीन पर धान रोपाई का लक्ष्य रखा गया था और पिछले दस साल में पहली बार यह लक्ष्य पूरा हुआ है। किसान अब बेहतर पैदावार की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन खाद की कमी ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। पलामू की डीसी समीरा एस ने बताया कि इस बार धान की रोपाई अच्छी हुई है, लेकिन मांग के मुकाबले यूरिया की कमी जरूर है।

सरकार से 2670 एमटी यूरिया की मांग की गई थी, जिसमें से केवल 585 एमटी ही अब तक मिली है। उम्मीद है कि जल्द ही पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो जाएगी। कालाबाजारी करने वालों पर लगातार कार्रवाई हो रही है और कई दुकानदारों के लाइसेंस रद्द भी किए गए हैं। सभी प्रखंडों के पदाधिकारियों को छापेमारी और निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

### किसानों की परेशानी

रोपाई पूरी हो जाने के बाद किसानों को अब यूरिया उपलब्ध नहीं हो पा रही है। कई किसान मजबूरी में ब्लैक मार्केट से महंगे दाम पर यूरिया खरीद रहे हैं। पैसे की कमी के कारण कई किसान इसे खरीद भी नहीं पा रहे।हैदरनगर के बहेरा गांव के किसान कृष्णा सिंह ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण वह यूरिया खरीद नहीं पा रहे हैं, जबकि बाजार में यह ऊंचे दामों पर बिक रही है। वहीं चचेरिया निवासी अवधेश सिंह का कहना है कि एक बीघा धान की खेती पर करीब दस हजार रुपये खर्च करने के बाद भी खाद की किल्लत से फसल खराब होने लगी है।

### प्रशासन ने दिखाई सख्ती

यूरिया की किल्लत के साथ ही इसकी कालाबाजारी की शिकायतें भी मिल रही हैं। इस पर जिला प्रशासन ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। अब तक तीन दुकानदारों के लाइसेंस रद्द किए जा चुके हैं और एक का लाइसेंस निलंबित किया गया है। नौडीहा बाजार इलाके में प्रशासन ने खाद का अवैध स्टॉक भी जब्त किया है।

# एक शाम अश्क के नाम, जहां नात के सुरों से महका आसमान

नवीन मेल संवाददाता

- **अदबी संसार का 47वां तरही नातिया मुशायरा, शायरों ने मोहब्बत-ए-रसूल में पेश किए कलाम**

**मेदिनीनगर।** अदबी संसार की ओर से आयोजित 47वां तरही नातिया मुशायरा मंगलवार की शाम गौसिया मोहल्ला, पहाड़ी स्थित हाजी हय्यूम अंसारी के आवास पर बड़े ही सुकूनभरे माहौल में हुआ। यह मुशायरा एक शाम डॉ. अशरफ जमाल अश्क के नाम समर्पित था, जिसमें दूर-दराज़ से आए शायरों ने अपने-अपने नातिया कलाम से समां बाँधा।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अशरफ जमाल अश्क ने की, संचालन हाफिज यूनुस रजवी और स्वागत अदबी संसार के संस्थापक एम.जे. अजहर ने किया। इस मौके पर डॉ. अश्क, हाजी सदरुल हसन खां और हाजी हय्यूम अंसारी को समाजसेवी सैय्यद मो. कलाम ने अंगवस्त्र और फूलों से सम्मानित किया।मुशायरे की शुरुआत हाफिज मेराज आलम शम्सी ने कुरआन-ए-पाक की तिलावत से की। इसके बाद एक-एक कर शायर मंच पर आए और अपनी नातों से श्रोताओं के दिल जीत लिए।डॉ. अशरफ जमाल अश्क ने पढ़ा- कितना है दिल नशीन ये गुंबद हरा-हरा, जी चाहता है चूम लूं अपनी नज़र से मैं।इसके अलावा मौलाना महताब आलम जियाई, डॉ. मकबूल मंजर, अमीन रहबर, नौशाद अहमद खां, एम.जे. अजहर, अलाउद्दीन शाह चिराग, इमरान शाद सहित कई शायरों ने नातिया कलाम सुनाकर श्रोता-दीर्घा को भावुक कर दिया।

मुशायरे में मौलाना मंसूर आलम, डॉ. मुबीनुद्दीन कुरैशी, नूर सुल्तानपुरी, तरन्नुम सबा, मुहसिन अजीम और अन्य शायरों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। नुदरत नवाज, हसनैन खां, हाजी हसीब अहमद खां, परवेज आलम समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## गणपति बप्पा की प्रतिमा विराजी, भव्य पंडाल का उद्घाटन

# अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ शुभारंभ, आर्यन संघ कर रहा है आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड़ (लातेहार)।** भादो मास की गणेश चतुर्थी के अवसर पर महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार शिव मंदिर परिसर में इस वर्ष भी आर्यन संघ द्वारा गणेश पूजा का आयोजन उत्साह और श्रद्धा के साथ किया जा रहा है। बुधवार को भव्य पंडाल का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) बिपिन दुबे, थाना प्रभारी मनोज कुमार और महिला थाना प्रभारी सुशीला केशरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

पूजा पंडाल का शुभारंभ पंडित राजेश पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और अनुष्ठान से हुआ। इसके बाद नारियल फोड़कर सामूहिक रूप से पूजा संपन्न की गई। मौके पर अतिथियों को अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों में इंद्रदेव रजवार, मोहन जायसवाल, महेंद्र जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, उत्तम कुमार और द्वारिका प्रसाद समेत अनेक लोग शामिल रहे।

आर्यन संघ के संयोजक पंकज दास बाबू ने बताया कि यह आयोजन लगातार दस वर्षों से किया जा रहा है। इस वर्ष आकर्षक पंडाल, भव्य लाइटिंग और 101 किलो लड्डू का भोग आयोजन की खासियत है। उन्होंने बताया कि पूजा सात दिनों तक चलेगी और इसके दौरान धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और एक दिन विशाल भंडारा भी होगा। संघ के अभिषेक कुमार, अमित पांडेय, विकास कुमार भोला, सत्यम कुमार, हंस कुमार, निकेश कुमार व अन्य युवाओं की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही।

### चंदवा में धूमधाम से मनाई गई गणेश चतुर्थी



**चंदवा।** थाना टोली इलाके के पतंजलि अरोग्य केंद्र स्थित लक्ष्मी निवास में श्री गणेश चतुर्थी उत्सव बुधवार को बड़े उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर में भगवान गणेश की स्थापना कर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की गई। पुरोहित पंडित आदित्य पाठक के नेतृत्व में पूजा संपन्न हुई। यजमान प्रीतम दुबे परिवार सहित अन्य ने श्रद्धा पूर्वक भाग लिया। इसके अलावा सिद्धिविनायक मंदिर, एसबीआई के पास भी पूजा की गई। संध्या में पतंजलि परिसर में भजन संध्या आयोजित हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने जमकर भक्ति गीत गाए। शुक्रवार को हवन के बाद गणेश विसर्जन कार्यक्रम होगा।

## पेज एक के शेष

**प्रधानमंत्री मोदी का...**

रक्षा राज्यमंत्री सेठ ने कहा कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुकानदारों, व्यापारियों और उद्योगपतियों से स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का आग्रह किया था। इसके बाद फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) और संबद्ध निकायों ने जन्माष्टमी पर एक बैठक की और गणेश चतुर्थी के दिन से रांची में अभियान शुरू करने का फैसला किया। पीएम मोदी का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक देश विकसित बन जाए। संजय सेठ ने कहा कि अभियान के दौरान दुकानदारों ने आश्वासन दिया कि विदेशी सामानों को वापस कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और ऐसे व्यापारिक संगठनों को साधुवाद और धन्यवाद दूंगा, जिन्होंने इस अभियान में हिस्सा लिया। कार्यक्रम संयोजक एवं कार्यकारिणी सदस्य राम बांगड़ ने कहा कि यह महाअभियान व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए एक प्रेरणा है। हम सब मिलकर स्थानीय उद्योगों को मजबूत बनाएं और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करें। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस अभियान को गति देने के लिए सभी जिला चैंबर्स ने सहमति दी है और अपने अपने क्षेत्र में गति दे रहे हैं। आगामी 30 अगस्त को सिंहभूम चैंबर द्वारा जमशेदपुर में अभियान शुरू किया जाएगा। रक्षा राज्यमंत्री इस अभियान की शुरुआत करेंगे। इस अवसर पर झारखंड चैंबर के अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलग, कार्यकारिणी सदस्य राम बांगड़, संजय अखौरी, साहित्य पवन, अनिल अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, सदस्य तुलसी पटेल, नवीन गाडोड़िया आदि मौजूद थे।

**एलन इंस्टीट्यूट खुलेआम...**

जहां 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का एडमिशन कई वर्षों से लिया जा रहा है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि यहां पढ़ने वाले अधिकतर छात्रों का नामांकन सरकारी या प्राइवेट स्कूल में कराया गया है। नाम के लिए स्कूलों में नामांकन है और क्लास एलन करा रहा है। ओलंपियाड के बा द प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कराने के बात भी एलन इंस्टीट्यूट द्वारा कही जाती है। अब सवाल उठता है कि जब 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चे का नामांकन कोचिंग संस्थान में नहीं हो सकता, तो कोचिंग द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कराने की बात ही निरर्थक हो जाती है। झारखंड विधानसभा में मंगलवार को व्यावसायिक शिक्षण संस्थान (शुल्क विनियमन) विधेयक 2025 पारित हुआ, जिसमें माता-पिता के लिखित आवेदन पर 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का कोचिंग संस्थानों में नामांकन कराया जा सकता है। वहीं, झारखंड सरकार कोचिंग संस्थानों की मनमानी पर बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है। अक्सर देखा जाता है कि कई कोचिंग सेंटर बढ़ा-चढ़ाकर विज्ञापन करते हैं। झूठे दावे, लुभावने प्रस्ताव देते हैं, जिसके जाल में अभिभावक फंस जाते हैं और मोटी रकम जमा कर नामांकन लेते हैं। कुछ दिनों के बाद अभिभावक ठगा महसूस करते हैं और उनकी शिकायत नहीं सुनी जाती है। वहीं, बहुत ऐसे कोचिंग है जिनका पंजीकरण नहीं है। अब नए कोचिंग सेंटर को पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा, वहीं पुराने कोचिंग, जो चलते आ रहे हैं, उन्हें भी निर्धारित समयावधि में पंजीकरण कराना होगा।

**पूर्व भाजपा विधायक...**

घटना के बाद पुलिस ने 11 लोगों को आरोपी बनाया था। ज्ञात हो कि विगत 8 अगस्त को पूर्व विधायक संजीव सिंह को जमानत मिली थी। फैसले को लेकर बुधवार को अदालत परिसर और आसपास के इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने खुद सुरक्षा व्यवस्था की मॉनीटरिंग की।

**आज सत्य की...**

विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि उन्होंने जो आठ साल बिताए, उसे वे बयां नहीं कर सकतीं। उन्होंने कहा, हमारे जीवन के आठ साल बर्बाद हो गए। जिन्होंने मेरे जीवन के आठ साल बर्बाद किए, जिन अधिकारियों ने अपनी जेबें भरने के लिए गलत तरीके से कलम और कागज का इस्तेमाल किया, जिन्होंने मुझे मामले में फंसाने की साजिश रची, आज के बाद मेरा एक ही लक्ष्य होगा कि हम केस में शामिल सभी अधिकारियों को उसी जगह पहुंचाएंगे। ताकि, आज के बाद किसी बेगुनाह के साथ कुछ गलत न हो। रागिनी सिंह ने कहा कि संजीव सिंह की तबीयत बहुत खराब थी। लोगों ने उनका इलाज कराने से रोकने की बहुत कोशिश की, लेकिन मेरी कोशिश थी कि उनका इलाज हो। जमानत मिलने के बाद उनका बेहतर तरीके से इलाज हो रहा है। उनकी सेहत में भी सुधार हो रहा है। बहुत जल्द वे ठीक होकर लोगों के बीच आएंगे।

**पीएम स्वनिधि योजना...**

माध्यम से ऋण/क्रेडिट कार्ड तक पहुंच को सुविधाजनक बनाने की रहेगी। बयान में कहा गया है कि पुनर्गठित योजना की प्रमुख विशेषताओं में पहली और दूसरी किस्तों में बढ़ी हुई ऋण राशि, दूसरा ऋण चुकाने वाले लाभार्थियों के लिए यूपीआई-लिंक्ड रुपे क्रेडिट कार्ड का प्रावधान और खुदरा व थोक लेनदेन के लिए डिजिटल कैशबैक प्रोत्साहन शामिल हैं। इस योजना का दायरा चरणबद्ध तरीके से जनगणना कस्बों व अर्ध-शहरी क्षेत्रों आदि बढ़ाया जा रहा है। इस बढ़ी हुई ऋण संरचना में पहली किस्त के ऋण को 10,000 रुपए से बढ़ाकर 15,000 रुपए और दूसरी किस्त के ऋण को 20,000 रुपए से बढ़ाकर 25,000 रुपए तक कर दिया गया है, जबकि तीसरी किस्त 50,000 रुपए पर अपरिवर्तित रहेगी। यूपीआई-लिंक्ड रुपे क्रेडिट कार्ड की शुरूआत से रेहड़ी-पटरी वालों को किसी भी आकस्मिक व्यावसायिक और व्यक्तिगत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तत्काल ऋण उपलब्ध होगा।

**भारत ने 40 देशों...**

ज्वेलरी सहित प्रमुख क्षेत्रों के उद्योग प्रतिनिधि एक साथ आएंगे। इन बैठकों में चर्चाएं सीमित उत्पादों और बाजारों पर निर्भरता कम करने की रणनीतियों और नए भौगोलिक क्षेत्रों में प्रवेश के लिए एक रोडमैप तैयार करने पर केंद्रित रहने की उम्मीद है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब सरकार प्रस्तावित एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन पर काम तेज कर रही है, जिसका उद्देश्य निर्यातकों को लक्षित समर्थन और बाजार संबंधी जानकारी प्रदान करना है। ज्ञात हो कि वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि अमेरिका द्वारा घोषित शुल्कों में भारी वृद्धि के बाद, सरकार देश के निर्यात को अन्य देशों में विविधता लाने के प्रयास कर रही है। सरकार मुक्त व्यापार समझौतों को तेजी से लागू करने और यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, ओमान, आसियान, न्यूजीलैंड, पेरू और चिली जैसे मौजूदा समझौतों की समीक्षा करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि एक्सपोर्ट प्रमोशन स्कीम के लिए विदेशों में मिशनों को संगठित करके शीर्ष 50 आयातक देशों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

**0.4-0.5 प्रतिशत के...**

एसबीआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारतीय वस्तुओं पर भारी टैरिफ लगाने के अमेरिकी फैसले से अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर असर पड़ेगा, जिससे महंगाई का दबाव बढ़ेगा और विकास धीमा होगा। इसमें आगे कहा गया है, हमारा मानना है कि अमेरिकी टैरिफ से अमेरिकी जीडीपी पर 40-50 आधार अंकों (0.4-0.5 प्रतिशत) का असर पड़ सकता है और इनपुट लागत में भी बढ़ोतरी हो सकती है। अमेरिका के जैक्सन होल में फेड के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए, फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने कहा था कि हम बढ़ती कीमतों और कमजोर रोजगार बाजार में जोखिमों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। कीमतों पर उच्च टैरिफ का प्रभाव अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। जुलाई में अमेरिका के थोक मूल्यों में लगभग 1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो तीन वर्षों में सबसे तेज वृद्धि थी। अर्थशास्त्रियों ने चेतावनी दी है कि जब तक टैरिफ वापस नहीं लिए जाते, अमेरिका में परिवारों को अपने बजट पर और अधिक दबाव का सामना करना पड़ेगा।

**नॉर्दर्न बाईपास और...**

इस 4-लेन बाईपास और नया पुल बनने से डालटनगंज शहर को जाम की समस्या से स्थायी मुक्ति मिलेगी तथा क्षेत्र के व्यापार, परिवहन, पर्यटन और लॉजिस्टिक्स को भी नई ऊँचाई मिलेगी। इसी क्रम में, सांसद ने झारखंड सरकार के पथ निर्माण विभाग को भी पत्र लिखकर पलामू जिला अंतर्गत कोयल नदी पर उच्च स्तरीय पुल के निर्माण तथा शाहपुर-नेउरा-सेमरा होते हुए लोहरसीमी तक करीब 15.15 किलोमीटर सड़क का 2 लेन चौड़ीकरण शीघ्र कराने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान पुराना पुल जर्जर हो चुका है, जिस पर आए दिन जाम और दुर्घटनाएँ होती हैं। वहीं, चैनपुर-नेउरा-सेमरा सड़क की खस्ताहाली से जनता को भारी कठिनाइयाँ झेलनी पड़ रही हैं।

# ताज महल की नगरी आगरा में 42 तरह की नकली दवाएं

## नकली कफ सिरप से लेकर कैंसर किडनी फेफड़े तक की नकली दवाएं

- वहां से उप्र ,बिहार , झारखंड, मप्र,छत्तीसगढ़ ,राजस्थान तक सप्लाई चेन

**नवेन्दु सिंह**

**लखनऊ ।** आगरा सदियों से ताजमहल, आगरा का किला , संगमरमर उत्पादों, पेठा , हाथ से बने कालीनों व चमड़े के सामान के लिए प्रसिद्ध है लेकिन अब यह बुखार-खांसी , नकली कफ सिरप से लेकर कैंसर , किडनी , फेफड़े तक की नकली दवाओं के लिए कुप्रसिद्ध हो गया है। वहाँ से उत्तर प्रदेश ,बिहार , झारखंड, मध्य प्रदेश से लगायत राजस्थान तक में सप्लाई चेन बना हुआ है। उसी आगरा में 'हे मां मेडिको' के यहां छापे के दौरान बुखार-खांसी से लेकर कैंसर तक की नकली दवाएं पकड़ी गई हैं। ये दवाएं मरीज़ व मर्ज, पर कोई असर नहीं करती हैं। इनको बड़े पैमाने पर कहां-कहां खपाया जा रहा है, इसकी अब जांच करने की बात कही जा रही है। हालत यह है कि दवा माफिया जुकाम-खांसी से लेकर कैंसर जैसी बीमारियों में उपयोग की जाने वाली जीवनरक्षक दवाओं को भी नकली बना रहे हैं। इसके कारण मरीज की गाढ़ी कमाई या कर्ज से लिया गया धन भी खर्च हो रहा है , वह कंगाल होता जा रहा है और दवा मर्ज कोई काम भी नहीं कर रही है। अचरज यह है कि इन नकली दवाओं को हिमाचल प्रदेश में बनवाकर उप्र के आगरा से इनका काला कारोबार चलाया जा रहा है। एसटीएफ की जांच में अब तमिलनाडु व पुडुचेरी से इस नकली दवा कारोबारी धंधे के तार जुड़ होने की जानकारी मिल रही है। इनको बड़े पैमाने पर कहां-कहां खपाया जा रहा है, इसकी भी जांच की जा रही है। आगरा के फव्वारा पर 'हे मां मेडिको' के यहां से जुकाम, खांसी, एंटी एलर्जी, एंटीबायोटिक समेत कई तरह की नकली दवाएं बरामद की गई हैं। इन दवाओं को तमिलनाडु के चेन्नई व केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी से मंगवाया जा रहा था। इनको लखनऊ के पते पर मंगवाकर आगरा में भंडारण कर कई प्रदेशों में खपाया जा रहा था। इससे पहले भी आगरा में नकली कफ सिरप, एंटीबायोटिक, बुखार-खांसी, मधुमेह, कैंसर, किडनी की भी नकली दवाओं का काला कारोबार पकड़ा जा चुका है। औषधि विभाग की जांच में बीते एक साल में 80 नमूने फेल हो चुके हैं, जिसमें 42 दवाएं नकली मिली हैं। सहायक आयुक्त औषधि अतुल उपाध्याय ने बताया कि टीम ने छापा मारकर अवैध फैक्ट्री पकड़ते हुए आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कराए हैं। विभाग की जांच में 42 से ज़्यादा दवाएं नकली मिली हैं, इनके विक्रेताओं पर केस भी चल रहा है।सहायक आयुक्त औषधि अतुल उपाध्याय ने बताया कि आम लोगों के लिए नकली दवाओं की पहचान करना बेहद मुश्किल है। क्योंकि इन दवाओं की पैकिंग हूबहू असली की तरह की जाती है। शहर में नकली और सैंपल दवाएं कई बार पकड़ी जा चुकी हैं। कोतवाली के बाजार से पूरा खेल चलता है। सिकंदरा व जगदीशपुरा में नकली दवाओं की फैक्ट्री पकड़ी गई थी। गोदाम तक पर कार्रवाई की जा चुकी है। पंजाब, दिल्ली व राजस्थान की टीमें आगरा में छापेमारी कर चुकी हैं। पूर्व में कई फर्म के संचालक व कर्मचारियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इस बार भी टीम की कार्रवाई के बाद इस खेल से जुड़े लोग भूमिगत हो गए हैं। इनके बारे में एसटीएफ को गोपनीय सूचनाएं मिल रही हैं।लोगों का कहना है कि छापा वगैरह बंद होने के कुछ माह बाद फिर धंधा किसी और जगह व ठिकाने से शुरू हो जाता है। और हालत यह है कि तमाम लोग असली -नकली के रैपर आदि में अंतर नहीं होने क कारण समझ नहीं पाते हैं कि कौन सी दवा असली है , कौन नक़ली। और वे दुकानदार द्वारा दी गई नक़ली दवा ले लेते हैं। दवा वाली है तो कोई असर करती नहीं है, जिसके कारण गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीज मर जाते हैं।आम गरीब आदमी करे तो क्या करे, कहां जाए, किसके पास जाए?

# राहुल की बिहार यात्रा की काट की भाजपा की रणनीति

## भाजपा के तमाम बड़े नेता राज्य के सभी 38 जिलों में संवाददाता सम्मेलन करेंगे

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी बिहार में जिस तरह तमाम विवादों व धांधली के आरोप वाले मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर ) के विरोध में बिहार में बड़ी यात्रा निकाल रहे हैं, जिसको 'वोटर अधिकार यात्रा' कहा जा रहा है, उसमें बहुत भीड़ उमड़ रही है। उसको देखतेहुए बिहार भाजपा के बड़े नेताओं ने केंद्र से इसकी काट के उपाय करने का आग्रह किया। जिसके बाद शीर्ष नेताओं ने एनडीए के सहयोगी दलों के बड़े नेताओं के साथ बिहार में रैली करने की योजना बनाई है। जिसमें दक्षिण भारत के चंद्रबाबू नायडू व अन्य नेताओं के आने की बात है। क्योंकि राहुलगांधी के साथ इस यात्रा में राजद नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सहित इंडिया गठबंधन के तमाम नेता शामिल हो रहे हैं, स्टालिन भी शामिल हुए, और ये सभी चुनाव से पहले एसआईआर को बिहार में एक बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहे हैं।बिहार भाजपा के कुछ नेताओं का मानना हैकि एसआईआर से भाजपा या एनडीए को कोई फायदा नहीं हुआ बल्कि अन्य दलों की तरह एनडीए समर्थक कई मतदाताओं के नाम कट गए हैं। और इसके पहले हुए वक्फ संशोधन विधेयक ने मुस्लिम-यादव समीकरण को राजद व कांग्रेस के पक्ष में मजबूत कर दिया है। इसके अलावा जनसुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर पांडेय भी बिहार भाजपा के कई बड़े नेताओं के विरूद्ध तमाम आरोप लगा रहे हैं। प्रशांत किशोर के निशाने पर बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप कुमार जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे हैं। प्रशांत किशोर ने इन तीनों पर भ्रष्टाचार व गड़बड़ियों में शामिल होने के आरोप लगाए हैं ,जबकि भाजपा ने उनके आरोपों को झूठा बताया है।प्रशांत किशोर ने दिलीप जायसवाल पर एक सिख संस्थान पर धोखाधड़ी से कब्जा करने, सम्राट चौधरी पर अपने शैक्षिक रिकॉर्ड में हेराफेरी करने और मंगल पांडे पर एम्बुलेंस घोटाले में शामिल होनेका आरोप लगाया है। इन हालात में बिहार भाजपा के नेताओं का मानना है कि पीएम मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की छवि व एनडीए के एकजुट प्रचार से भाजपा को होने वाले किसी भी नुकसान की भरपाई की जा सकती है। केन्द्रीय भाजपा ने अपने तमाम बड़े नेताओं को राज्य के सभी 38 जिलों में संवाददाता सम्मेलन करने , उसके अलावा अलग-अलग नेताओं को प्रेस वालों से अलग -अलग बात करने, साक्षात्कार देने को कहा है। इसके लिए बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर जनसंपर्क करने के लिए एनडीए ने 14 टीम का गठन किया है।भाजपा के कुछ नेताओं ने इस बात को स्वीकार किया कि इसकी उम्मीद नहीं थी कि राहुल गांधी की यात्रा में इतनी भीड़ जुटेगी। भाजपा के एक सांसद का कहना है कि राहुल गांधी की यात्रा में इसलिए भीड़ जुटी क्योंकि हम पीछे चल रहे थे। प्रशांत किशोर के आरोपों की वजह से भी हमारे नेताओं पर सवाल उठे हैं। भाजपा के एक अन्य नेता कहते हैं कि यादव व मुस्लिम समुदाय के मतदाता राजद व कांग्रेस के साथ एकजुट होते दिख रहे हैं और दलित समुदाय का कुछ हिस्सा भी इंडिया गठबंधन की ओर जा रहा है। हालांकि भाजपा के कुछ नेता ऐसा भी मानते हैं कि राहुल गांधी की यात्रा व एसआईआर को जिस तरह मुद्दा बनाया जा रहा है, उससे एनडीए को विधानसभा चुनाव में कोई नुकसान होगा। इस बारे में पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन कहते हैं कि यह कहना गलत है कि राहुल की यात्रा में भारी भीड़ जुट रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा में ऐसे नेता शामिल होते हैं जिन्हें कांग्रेस याआरजेडी का टिकट चाहिए।इसलिए वो लोग अपने कार्यकर्ताओं की भीड़ ला रहे हैं।



अलग-अलग नेता हर ज़िले में प्रेस वालों से अलग-अलग बात करेंगे, साक्षात्कार देंगें

# वायुसेना के पूर्व अफसर को 37 दिन डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 3.22 करोड़

**ब्यूरो**



- डरा - धमका कर फर्जी कोर्ट में पेशी भी कराई
- ऐसा होने पर बिना डरे अपने परिचितों व साइबर पुलिस को फ़ोन करके बताएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर के नोएडा सेक्टर-25 में साइबर जालसाजों ने एक परिवार को 37 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर वायु सेना के एक सेवानिवृत अधिकारी से 3 करोड़ 22 लाख रुपये की ठगी कर ली। जालसाजों ने मनी लॉन्ड्रिंग में फंसाने व बचाने के नाम पर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने डिजिटल अरेस्ट के दौरान कथित पीएमएलए कोर्ट में पेश भी किया।ठगी के शिकार परिवार के बयान पर इस वारदात की अब साइबर थाने में केस दर्ज किया गया है। सेक्टर 25 में रहने वाली मलोबिका मित्रा ने पुलिस से शिकायत की है कि वह माता पिता के साथ रहती हैं। पिता सुबीर मित्रा के पास 16 जुलाई को ट्राई के नाम से एक व्यक्ति ने फोन किया और कहा, आपके नाम से जारी एक सिम से अश्लील मैसेज व गलत जानकारी भेजी जा रही है। इसके बाद कॉलर ने मुंबई क्राइम ब्रांच के कथित अधिकारी को लगा दिया। इसके बाद कथित पुलिस अधिकारी ने कहा, आपके आधार कार्ड से मुंबई में केनरा बैंक में एक खाता खोला गया है। इसका उपयोग नरेश गोयल से जुड़े मनी लांड्रिंग केस में हो रहा है। इसके बाद कथित पुलिस अधिकारी ने कहा, मामले में आपके विरूद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया गया है और तुरंत मुंबई आना होगा ( इस तरह का कोई फोन आपके पास आवे तो आप उससे बिना डरे तुरंत अपने परिचितों को तो बतावें ही , तुरंत साइबर धोखाधड़ी से संबंधित राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर फोन करके रिपोर्ट लिखावें , उसके बाद शिकायतों को अतिरिक्त जानकारी के साथ उपरोक्त वेबसाइट पर पूरा विवरण भी लिख दें )। इसके बाद सुबीर, पत्नी व बेटी तीनों को जालसाजों ने डराया और 16 जुलाई से 22 अगस्त तक तीनों को घर में डिजिटल अरेस्ट कर लिया। इस दौरान जालसाजों ने कथित रूप से पीएमएलए कोर्ट में ऑनलाइन पेश किया। इस पर कोर्ट ने कथित तौर से फैसला दिया कि सुबीर के खाते का सत्यापन किया जाए। इस पर जालसाजों ने कहा, खाते में जितनी भी रकम है, उसे अलग-अलग खाते में भेज दें। यदि सत्यापन में सभी जांच ठीक हुई तब रकम वापस भेजी जाएगी। इसके बाद जालसाजों ने अलग-अलग खातों में 3.22 करोड़ ट्रांसफर करा लिया। इसके बाद जालसाजों ने संपर्क तोड़ लिया तब परिवार को ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद इस मामले की शिकायत एनसीआरपी पोर्टल पर की। साइबर क्राइम थाने में भी केस दर्ज किया गया है। ठगी की जानकारी मिली है।इस बारे में शैव्या गोयल, एडीसीपी साइबर सेल का कहना है - 'शिकायत मिलते ही पुलिस उन खातों की जांच कर रही है जिनमें रकम ट्रांसफर की गई है।

## फिल्म उद्योग की हड़ताल

# रवि तेजा... की मास जथारा की रिलीज टली



कहानी फिल्म जगत की

फिल्म उद्योग की हड़ताल के कारण जाने-माने फिल्म अभिनेता रवि तेजा और अदाकारा श्रीलीला अभिनीत तेलुगु फिल्म मास जथारा 27 अगस्त को रिलीज नहीं होगी। इसके निर्माताओं ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रोडक्शन हाउस 'सितारा एंटरटेनमेंट्स' ने अपने 'एक्स' हैंडल पर कहा कि हाल में फिल्म उद्योग की हड़ताल और महत्वपूर्ण विषय-वस्तु को पूरा करने में अप्रत्याशित देरी के कारण, 'मास जथारा' अपनी निर्धारित तिथि 27 अगस्त को प्रदर्शित नहीं हो पाएगी। उसने कहा कि इस फिल्म को जल्द से जल्द रिलीज़ करने के लिए टीम तेजी से काम कर रही है तथा फिल्म को रिलीज़ करने की नई तारीख का जल्द ऐलान किया जाएगा। 'तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री एम्पलाइज फेडरेशन' ने कर्मचारियों के वेतन में 30 फीसदी वृद्धि की पुरानी मांग को लेकर चार अगस्त को हड़ताल का आह्वान किया था। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के हस्तक्षेप के बाद 18 दिन बाद हड़ताल समाप्त हुई।